CMYK

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, बुधवार, 9 अप्रैल 2025 । वर्ष – 34 । अंक – 337 । पृष्ठ – 12 । मूल्य – 4.00 रु



लालू यादव ने गरीबों को बसाया था, आज की सरकार हटाने का काम कर रही : तेजस्वी पृष्ठ 3

■ खतरनाक शिगूफा है 'एक राष्ट्र-एक संस्कृति'
■ कम्युनिस्ट आंदोलन के पुनर्जीवन की ओर पृष्ठ 4

■ ट्रंप व नेतन्याहू ने की गाजा बंधकों व टैरिफ पर चर्चा
■ बांग्लादेश में इजरायल विरोधी प्रदर्शनकारियों ने की तोड़फोड पृष्ठ 9

काश्वी गौतम, श्रीचरणी और शुचि के रूप में भारतीय महिला क्रिकेट टीम में तीन नए चेहरे पृष्ठ 10

## अहमदाबाद में कांग्रेस के 84वें अधिवेशन में बोले मल्लिकार्जुन खरगे

# गांधी से जुड़ी संस्थाओं पर हो रहा कब्जा

■ अधिवेशन के पहले दिन सरदार पटेल से जुड़ा विशेष प्रस्ताव पारित



**अहमदाबाद**, 8 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के गढ़ गुजरात में कांग्रेस का 84वां अधिवेशन चल रहा है। अधिवेशन के पहले दिन मंगलवार को सरदार वल्लभभाई पटेल से जुड़ा हुआ एक विशेष प्रस्ताव पारित किया गया। अहमदाबाद में सावरमती के किनारे कांग्रेस कार्य समिति की पहले दिन की बैठक संपन्न हुई। समें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व पार्टी प्रमुख सोनिया गांधी और राहुल गांधी के साथ ही कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। सीडब्ल्यूसी ने भविष्य की रूपरेखा, जिला कांग्रेस कमेटियों को सशक्त बनाने समेत संगठन की मजबूती, जवाबदेही तय करने और आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों पर मंथन किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल की विचारधारा आरएसएस के विचारों के विपरीत है। यह हास्यास्पद है कि आज वह संगठन, जिसका स्वतंत्रता संग्राम में कोई योगदान नहीं है, उनकी विरासत का दावा कर रहा है। खरगे ने आरोप लगाया कि आज भाजपा और संघ परिवार के लोग गांधी से जुड़ी संस्थाओं पर कब्जा कर रहे हैं और उन्हें उनके वैचारिक विरोधियों को सौंप रहे हैं। उन्होंने वाराणसी में सर्व सेवा संघ पर भी कब्जा कर लिया है। आप सभी जानते हैं कि गुजरात विद्यापीठ में क्या हुआ। खरगे ने आरोप लगाया कि गांधीवादी और सहकारी आंदोलन के लोगों को हाशिए पर रखा जा रहा है। ऐसी सोच रखने वाले लोग गांधीजी का चश्मा चुरा सकते हैं और छड़ी मार सकते है। लेकिन वे कभी भी उनके आदर्शों का पालन नहीं कर सकते। खरगे अहमदाबाद में कांग्रेस के 84वें अधिवेशन में बोल रहे थे।

> हम दलित, मुस्लिम और ब्राह्मण में उलझे रहे और ओबीसी हमारा साथ छोड़ गया। हम मुस्लिमों की बात करते हैं, इसलिए हमें मुस्लिम परस्त कहा जाता है। हमें ऐसी बातों से डरना नहीं है, मुद्दे उठाते रहना है : राहुल गांधी

**मोदी सरकार ने गांधी-अंबेडकर का अपमान किया**

खरगे ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने संसद परिसर से उनकी भव्य मूर्तियों को हटाकर और उन्हें एक कोने में रखकर गांधी और बाबा साहेब का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में बाबा साहेब का मजाक उड़ाते हुए कहा कि आप लोग अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर कहते रहते हैं।

**कांग्रेस संविधान और इसके निर्माताओं की रक्षा करेगी**

खरगे ने जोर देकर कहा कि कांग्रेस पार्टी संविधान और संविधान निर्माताओं दोनों का सम्मान करती है और इसकी रक्षा करना जानती है। सरदार पटेल साहेब हमारे दिलों में, हमारे विचारों में रहते हैं। हम उनकी विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं। हमने इसी सोच को ध्यान में रखते हुए अहमदाबाद में सरदार पटेल संग्रहालय में सीडब्ल्यूसी की यह बैठक आयोजित की है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले कई वर्षों से कई राष्ट्रीय नायकों को लेकर एक सुनियोजित साजिश की जा रही है। कांग्रेस पार्टी के खिलाफ माहौल बनाया ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

सुशासन तिहार

## समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन देने का सिलसिला शुरू

**रायपुर**, 8 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में आज से शुरू हुए राज्य व्यापी सुशासन तिहार में लोगों द्वारा अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए आवेदन देने का सिलसिला शुरू हो गया है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लोग बेहिचक आवेदन दे रहे हैं। लोगों को भरोसा है कि उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए त्वरित पहल की जाएगी। सुशासन तिहार के पहले चरण में आम लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक राज्य के सभी ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों और जिला मुख्यालयों में आवेदन लिए जा रहे हैं।

राजधानी रायपुर में आज कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने राजधानी के विभिन्न वार्डों में पहुंच कर लोगों को अपनी समस्या के निराकरण के लिए आवेदन देने की अपील की। उन्होंने नगर निगम के जोन क्रमांक 4 के कार्यालय और विभिन्न वार्डों में आवेदन लिये जाने की प्रक्रिया का अवलोकन किया। उन्होंने लोगों से अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए बिना किसी हिचक के आवेदन करने कहा।

महासमुंद जिले में कलेक्टोरेट, जनपद और तहसील कार्यालय में समाधान पेटी की व्यवस्था की गई है। सुशासन तिहार के सफल संचालन के लिए कलेक्टर द्वारा 51 नोडल अधिकारी तैनात किए गए हैं। कलेक्टर महासमुंद विनय कुमार लंगेह ने जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर आवेदन लेने की प्रक्रिया का जायजा लिया और अधिकारियों ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤



### गांव-गांव, शहर-शहर में लगी समाधान पेटियां



सुशासन तिहार को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है, और लोग अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन लेकर उसे ग्राम पंचायत और नगर पंचायत कार्यालयों में लगी समाधान पेटी में जमा कर रहे है। जनसमान्य की समस्याओं से संबंधित आवेदनों को भरने के लिए ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायो के कार्यालयों में अधिकारी कर्मचारी की ड्यूटी भी लगाई गई है, ताकि लोगों को अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन देने में किसी भी तरह की परेशानी न हो। सुशासन तिहार के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन पोर्टल एवं कॉमन सर्विस सेंटर के जरिए भी आवेदन प्राप्त किए जाने की व्यवस्था है। विकासखंडों और जिला मुख्यालयों में भी आवेदन प्राप्त करने हेतु समाधान पेटी रखी गई है, जहां लोग अपनी समस्याओं के संबंध में आवेदन डाल रहे है। सुशासन तिहार के तीसरे चरण में प्रत्येक जिले की 8 से 15 ग्राम पंचायतों के मध्य समाधान शिविर आयोजित होंगे। नगरीय निकायों में भी आवश्यकतानुसार शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

## सार संक्षेप

### पंजाब में पूर्व मंत्री के घर ग्रेनेड फेंकने वाले पकड़े

**जालंधर।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री मनोरंजन कालिया के घर पर हुए ग्रेनेड हमले के मामले में पुलिस ने मामला सुलझा लिया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं पुलिस ने घटना में इस्तेमाल ई-रिक्शा भी जब्त कर लिया है। पंजाब पुलिस के सीनियर अधिकारी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस मामले में बड़े खुलासे किए हैं।

### जयपुर में बेकाबू कार ने नौ को कुचला, तीन की मौत

**जयपुर।** जयपुर में सोमवार को तेज रफ्तार बेकाबू कार ने 9 लोगों को कुचल दिया। हादसे का शिकार हुए तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया था। इसके बाद अब मामले में बड़ी जानकारियां सामने आई है। जयपुर हिट एंड रन मामले में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। 9 लोगों को कुचलने वाले शख्स का कांग्रेस से कनेक्शन निकलकर आया है।

### राष्ट्रीय पार्टियों में भाजपा को सबसे ज्यादा चंदा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी को वित्त वर्ष 223-24 में सबसे अधिक 2243 करोड़ रुपए से अधिक का चंदा मिला है। यह देश के राष्ट्रीय राजनीतक दलों में सर्वाधिक है। चुनाव से संबंधित एक संगठन 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (एडीआर) ने अपनी रिपोर्ट में इसकी जानकारी दी है। यह रिपोर्ट निर्वाचन आयोग को सौंपे गए आंकड़ों पर आधारित है। इन आंकड़ों में 2 हजार रुपए से अधिक के राजनीतिक चंदे के बारे में जानकारी दी गई है।

### मोदी ने दुबई के क्राउन प्रिंस राशिद का किया स्वागत

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को दुबई के क्राउन प्रिंस, उप प्रधानमंत्री और संयुक्त अरब अमीरात के रक्षा मंत्री शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम का स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले साल संयुक्त अरब अमीरात की अपनी यात्रा को याद किया जिसके दौरान उन्होंने दुबई में विश्व सरकार शिखर सम्मेलन में अतिथि के रूप में भाग लिया था।

## मुर्मु को पुर्तगाल में 'सिटी की ऑफ ऑनर' सम्मान

**नई दिल्ली**, 8 अप्रैल (एजेंसियां)। पुर्तगाल की यात्रा पर गईं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को लिस्बन के मेयर ने लिस्बन शहर का 'सिटी की ऑफ ऑनर' सम्मान प्रदान किया है। राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार मुर्मु को लिस्बन के सिटी हॉल में आयोजित एक समारोह में यह सम्मान प्रदान किया गया। राष्ट्रपति ने इस अवसर पर मेयर और लिस्बन के लोगों को इस सम्मान के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि लिस्बन खुले विचारों, लोगों की गर्मजोशी और अपनी संस्कृति के साथ-साथ सहिष्णुता तथा विविधता के प्रति सम्मान के लिए जाना जाता है। उन्होंने इस बात पर खुशी जताई कि लिस्बन एक वैश्विक शहर है जो तकनीकी परिवर्तन, नवाचार, डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे और डिजिटल बदलाव के मामले में सबसे आगे है। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में भारत और पुर्तगाल आगे भी सहयोग कर सकते हैं। राष्ट्रपति मुर्मु ने पुर्तगाल के राष्ट्रपति मार्सेलो रेबेलो डी.सूसा द्वारा पलासियो दा अजुडा में उनके सम्मान में आयोजित भोज में भाग लिया।



## आज से लागू हुआ वक्फ संशोधन अधिनियम

■ अधिसूचना जारी

**रायपुर**, 8 अप्रैल (देशबन्धु)। केंद्र सरकार ने वक्फ अधिनियम 1995 के प्रावधानों को 8 अप्रैल 2025 से लागू करने की घोषणा कर दी है। इस संबंध में केंद्र द्वारा अधिसूचना जारी की गई है, जिसमें यह स्पष्ट किया गया है कि अधिनियम के प्रावधान इसी तिथि से प्रभावी होंगे।

वक्फ अधिनियम देशभर में वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन और संरक्षण के लिए कानूनी ढांचा प्रदान करता है। इसके तहत वक्फ बोर्डों का गठन, संपत्तियों की देखरेख, आय-व्यय का लेखा-जोखा और विवाद निवारण की प्रक्रिया तय की जाती है।

केंद्र सरकार की ओर से लागू की गई यह तिथि वक्फ प्रबंधन को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

**क्या है वक्फ अधिनियम?**

वक्फ अधिनियम 1995 मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा धार्मिक, परोपकारी या सामाजिक कार्यों हेतु दी गई संपत्तियों के प्रबंधन के लिए बनाया गया कानून है। इस अधिनियम के तहत वक्फ बोर्डों को कानूनी अधिकार प्राप्त होते हैं, ताकि वक्फ संपत्तियों का सही उपयोग सुनिश्चित किया जा सके। सरकार की यह पहल वक्फ संपत्तियों में चल रहे विवादों को सुलझाने और उनके बेहतर उपयोग की दिशा में अहम मानी जा रही है।

## बंगाल में वक्फ कानून के खिलाफ हिंसा



**मुर्शिदाबाद**, 8 अप्रैल (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में मंगलवार को वक्फ कानून के विरोध के दौरान हिंसा भड़क गई है। कई वाहनों को प्रदर्शनकारियों ने आग लगा दी है। इसमें पुलिस की गाड़ियां भी शामिल हैं। प्रदर्शनकारियों से झड़प में कई पुलिसकर्मी घायल हैं। वक्फ कानून के विरोध में मुर्शिदाबाद में मुस्लिम संगठन प्रदर्शन कर रहा था। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने की कोशिश की। इसी दौरान प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पत्थर फेंके। पुलिस ने उन्हें खदेड़ने के लिए आंसू गैस के गोले दागे और लाठीचार्ज किया। भीड़ हिंसक हो गई। लोगों ने पुलिस के वाहन और अन्य वाहनों में आग लगी दी। इसके बाद भारी पुलिसबल मौके पर तैनात किया गया है। दरअसल, 2 अप्रैल को लोकसभा और 3 अप्रैल को राज्यसभा से वक्फ संशोधन बिल को पास किया गया था। 12 अप्रैल की देर रात राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वक्फ (संशोधन) बिल को मंजूरी दे दी थी, जिससे अब ये कानून बना। सरकार ने नए कानून को लेकर गजट नोटिफिकेशन जारी किया था। नए कानून को लेकर सुप्रीम कोर्ट में अब तक 12 याचिकाएं दाखिल हो चुकी हैं। वहीं, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने 11 अप्रैल से पूरे देश में विरोध प्रदर्शन करने की घोषणा की है।

**जम्मू-कश्मीर विस में भिड़े नेकां व भाजपा विधायक**

**जम्मू।** लगातार दूसरे दिन भी कश्मीर विधानसभा में मंगलवार को वक्फ बिल को लेकर नेशनल कांफ्रेंस और कश्मीर आधारित विपक्षी दलों के बीच झड़प के साथ हंगामा हुआ। जबकि नेकां के विधायक वक्फ बिल पर उनके द्वारा लाए गए स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा की मांग कर रहे थे।

## नगरनार स्टील प्लांट में भीषण आग नहीं हुई कोई जनहानि, करोड़ों का नुकसान



**जगदलपुर**, 8 अप्रैल (देशबन्धु)। नगरनार स्थित एनएमडीसी स्टील प्लांट में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब कोक ओवन सेक्शन में गैस लीक के बाद भीषण आग भड़क उठी। आग इतनी विकराल थी कि 10 किलोमीटर दूर से लपटें और धुआं साफ नजर आ रहे थे, प्लांट में रखी कीमती बैटरियां जलकर खाक हो गईं।

फायर ब्रिगेड की गाड़ियां शहर से 18 किमी दूर से घटनास्थल पर पहुंचीं और करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस हादसे से प्लांट को करोड़ों का नुकसान हुआ है, मेंटनेंस और उत्पादन में देरी से भी बड़ा घाटा होगा। इस पूरे घटनाक्रम में राहत की बात यह रही कि समय रहते कर्मचारियों ने खुद को सुरक्षित कर लिया, जिससे जनहानि नहीं हुई। आग लगते ही पूरे प्लांट में अफरा-तफरी मच गई, कर्मचारी जान बचाने में जुटे रहे, वहीं अधिकारी हालात को रूटीन बताकर कर्मचारियों को काम पर लगाए रखने का दबाव बनाते रहे। चिंता की बात यह है कि पूर्व में ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## कैबिनेट विस्तार कभी भी : साय



**रायपुर**, 8 अप्रैल (देशबन्धु)। लोगों की उत्सुकता अब और ज्यादा बढ़ गई है कि छत्तीसगढ़ कैबिनेट का विस्तार आखिर कब हो रहा है। सीएम विष्णुदेव साय ने कैबिनेट विस्तार पर मंगलवार को कहा कि इंतजार कीजिए, कभी भी हो सकता है। श्री साय ने दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित एक कार्यक्रम के बाद मीडिया से चर्चा में ये बातें कही। सीएम के बयान के बाद कैबिनेट विस्तार होने के आसार हैं। प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन और पार्टी के राष्ट्रीय सहमहामंत्री शिवप्रकाश रायपुर पहुंच रहे हैं। ऐसे में अगले दो-तीन दिनों के भीतर कैबिनेट विस्तार की अटकलें लगाई जा रही है। वैसे देखा जाए तो अभी कैबिनेट में दो पद खाली हैं, लेकिन चर्चा है कि तीन मंत्री बनाए जा सकते हैं। इस सिलसिले में हरियाणा विधानसभा का उदाहरण दिया जा रहा है। पार्टी हल्कों में कई नाम चर्चा में हैं। इनमें पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल, दुर्ग के विधायक गजेन्द्र यादव, पुरन्दर मिश्रा, राजेश मूणत, अजय चंद्राकर और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक का नाम चर्चा में है।

## नवा रायपुर में स्थापित होगी राष्ट्रीय तीरंदाजी अकादमी

■ 10 एकड़ जमीन का चिन्हांकन

**रायपुर**, 8 अप्रैल (देशबन्धु)। नवा रायपुर अटल नगर में राष्ट्रीय स्तर की अत्याधुनिक तीरंदाजी अकादमी की स्थापना होने जा रही है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए खेल एवं युवा कल्याण विभाग के प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के मार्गदर्शन और आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी के निर्देश पर नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण ने लगभग 10.03 एकड़ भूमि का चिन्हांकन कर लिया है। यह भूमि सेक्टर-33 के ग्राम उपरवारा क्षेत्र में स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 40,614.216 वर्गमीटर है। मिली जानकारी के ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## छग हाई कोर्ट के इतिहास में पहली बार

### चीफ जस्टिस सिन्हा ने वर्चुअली की मामलों की सुनवाई

**बिलासपुर**, 8 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के इतिहास में पहली बार हुआ, जब किसी जस्टिस ने वर्चुअली किसी मामले की सुनवाई की है। कोरोना काल में वर्चुअल सुनवाई का दौर शुरू हुआ था। लेकिन तब याचिकाकर्ता और प्रमुख पक्षकारों के अधिवक्ताओं को वर्चुअल जुड़ने की छूट थी। वे वर्चुअल जुड़कर अपने मामलों की पैरवी किया करते थे। वहीं जज हाई कोर्ट में बैठकर सुनवाई करते थे।

दरअसल, हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की माता की तबीयत खराब है, इसलिए वे बीते कुछ दिनों से इलाज के लिए उन्हें लखनऊ लेकर गए हैं। मां की बीमारी और पारिवारिक जिम्मेदारियों के बाद भी उन्होंने अपनी ड्यूटी पूरी शिद्दत के साथ निभाई। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने मामलों मुकदमों की बढ़ती संख्या और याचिकाकर्ताओं की परेशानी को देखते हुए डिवीजन बेंच और सिंगल बेंच में लगे मामलों की सुनवाई करने का फैसला किया, और लखनऊ से सीधे वर्चुअल ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## मासूम से दुष्कर्म और हत्या मामला

# हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर

**रायपुर**, 8 अप्रैल (देशबन्धु)। दुर्ग में मासूम से दुष्कर्म और हत्या मामले में वैदेही सोशल वेलफेयर फाउंडेशन ने सोसाइटी की संचालिका पायल नगरानी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की है। फास्ट ट्रैक कोर्ट में मामले की सुनवाई करने और पीड़ित परिवार को वित्तीय सहायता देने की मांग की गई है।

दायर याचिका में पुलिस अधिकारियों की जांच पर भी सवाल उठाए गए हैं। वैदेही फाउंडेशन की संचालिका पायल नचरानी ने याचिका को लेकर कहा कि मामले में कई सबूत बाहर आने से बचाया जा रहा है। आरोपी के पीछे राजनैतिक कनेक्शन है, जिसके चलते उसे बचाने का प्रयास किया जा रहा है। याचिका दायर कर हमने न्यायालय से मांग की है कि पुलिस को जांच के दायरे में लाया जाए और मामले में जल्द से जल्द सुनवाई कर आरोपी को फांसी की सजा दी जाए।

**कोई भी वकील नहीं लड़ेगा आरोपी का केस**

वहीं इस मामले में आरोपी का केस कोई भी वकील नहीं लड़ेंगे। यह निर्णय दुर्ग जिला अधिवक्ता संघ की बैठक में लिया गया। अधिवक्ता संघ के कोषाध्यक्ष अनिल जायसवाल ने कहा, जिले के इतिहास के लिए कल काला दिन था। हमारी संघ ने फैसला लिया है कि कोई भी वकील आरोपी का केस ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

मौसम

## मध्य प्रदेश के 23 जिलों में पारा 4 पार, 13 राज्यों में बारिश के आसार

# देश के नौ राज्यों में लू की चेतावनी

**नई दिल्ली, 8 अप्रैल (एजेंसियां)। देश के उत्तर-पश्चिम राज्यों में भीषण गर्मी दौर शुरू हो चुका है। मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश समेत 9 राज्यों में हीटवेव का अलर्ट है। राजस्थान में रात का पारा भी 45 डिग्री के पार जा रहा है। नॉर्थ-ईस्ट और साउथ के 8 राज्यों में बारिश की संभावना है।**

*भारतीय मौसम विभाग ने मंगलवार को राजस्थान, मध्यप्रदेश, गुजरात समेत 9 राज्यों में लू और गर्मी का अलर्ट जारी किया है। वहीं, नॉर्थ-ईस्ट और साउथ के 13 राज्यों में आंधी-बारिश के आसार है। इधर, राजस्थान में अब दिन के साथ रात भी गर्म होने लगी है। कुछ शहरों में रात का पारा 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। सोमवार को बाड़मेर शहर का तापमान 45.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, यहां हीटवेव का रेड अलर्ट है। इसके अलावा 6 जिलों के लिए ऑरेंज और 12 जिलों के लिए यलो अलर्ट है। मध्यप्रदेश में गत दिनों को भी गर्म हवाओं की वजह से तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। रतलाम-नीमच समेत 8 जिलों में लू का अलर्ट है। हिमाचल में आज लू चलने की चेतावनी है। इनके अलावा, हरियाणा, दिल्ली, गुजरात और उत्तर प्रदेश के भी कई जिलों में हीटवेव का अलर्ट है। देश के ज्यादातर हिस्सों में अगले दो दिन लू और गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। उत्तर-पश्चिम भारत, मध्य प्रदेश, गुजरात और दिल्ली-एनसीआर में तापमान सामान्य से 3-5 डिग्री ऊपर बना रहेगा। राजस्थान, पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी यूपी में कई जगहों पर लू जारी रहेगी। वहीं बिहार, झारखंड, पूर्वोत्तर राज्यों और दक्षिण भारत के कुछ हिस्सों में गरज-चमक के साथ बारिश और ओलावृष्टि की संभावना है। केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में भी बिजली गिरने और तेज हवाएं चलने की चेतावनी दी गई है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड जैसे पहाड़ी राज्यों में 9, 10 अप्रैल को बारिश और ओले गिर सकते हैं।*

## भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शिव प्रकाश आएंगे रायपुर

■ कल महामंत्रियों, पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की लेंगे बैठक

**रायपुर**, 8 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शिवप्रकाश कल यानी 9 अप्रैल को पार्टी पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैक टू बैक बैठकें करेंगे। वे आज रात रायपुर पहुंचेंगे। निगम, मंडल, आयोग और बोर्ड में हुई नियुक्ति के बाद यह उनका पहला दौरा है। साय मंत्रिमंडल विस्तार की अटकलों के बीच उनका दौरा काफी अहम माना जा ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# सुशासन तिहार का कमिश्नर और कलेक्टर ने किया निरीक्षण

## आम नागरिकों से संवाद कर सुनी समस्याएं

**मुंगेली,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। शासन की योजनाओं को पारदर्शिता के साथ आम जनता तक पहुंचाने तथा पात्र लोगों को समयबद्ध लाभ दिलाने के उद्देश्य से जिले में सुशासन तिहार का आयोजन प्रारंभ हो गया है। इसी कड़ी में पहले दिन संभागायुक्त महादेव कावरे, कलेक्टर राहुल देव और पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने जिले के नगरीय निकायों और ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।




संभागायुक्त कावरे ने नगरपालिका मुंगेली और ग्राम पंचायत गीधा में समाधान पेटियों में डाले गए आवेदनों की जानकारी ली तथा विभागवार पृथक कर निराकरण के निर्देश दिए। ग्राम गीधा में पीएम आवास योजना से संबंधित कई आवेदन प्राप्त हुए, जिस पर उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना से वंचित नहीं रहेगा। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को समर्पण भाव से कार्य करते हुए सुशासन तिहार को सफल बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर राहुल देव ने ग्राम धरमपुरा एवं दशरंगपुर का दौरा कर ग्रामीणों से सीधे संवाद किया।

ग्राम धरमपुरा में शिवराज यादव द्वारा आवास की मांग पर उन्होंने तत्काल स्थल निरीक्षण कर पात्रतानुसार नाम जोड़ने के निर्देश दिए। राशन कार्ड में नाम जोड़ने और हटाने की समस्याओं पर भी मौके पर ही ऑनलाइन जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।ग्राम दशरंगपुर में अवैध शराब बिक्री और अतिक्रमण की शिकायतों पर कलेक्टर ने एसडीएम को जांच के निर्देश दिए। वहीं, पंचायत सचिव की लापरवाही पर तत्काल प्रभाव से सचिव को हटाने के निर्देश भी जारी किए गए। पंचायत भवन की खराब स्थिति पर उसके कायाकल्प के निर्देश भी दिए गए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने ग्राम के युवाओं से संवाद कर उन्हें पर्यावरण संरक्षण, महिला सुरक्षा और सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को अपनी ऊर्जा का उपयोग ग्राम के विकास में करना चाहिए, जिससे वे समाज के मजबूत स्तंभ बन सकें।

जनता अपने आवेदन नगरीय निकाय कार्यालयों, पंचायत भवनों और लोक सेवा केंद्रों में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक जमा कर सकती है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, अपर कलेक्टर जी. एल. यादव, मुंगेली एसडीएम श्रीमती पार्वती पटेल, अन्य प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे। पहले ही दिन जनता में सुशासन तिहार को लेकर उत्साह देखा गया और लोगों ने इसे जनसमस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

# दुर्ग की घटना के विरोध में मुंगेली में सीएम का पुतला दहन

## सरकार पर लचर कानून व्यवस्था का आरोप

**मुंगेली** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। दुर्ग जिले में 6 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ हुए अमानवीय दुष्कर्म और नृशंस हत्या के विरोध में पूरे प्रदेश में आक्रोश का माहौल है। इसी कड़ी में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर मुंगेली जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। जिला अध्यक्ष घनश्याम वर्मा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री का पुतला दहन कर दोषियों को कठोर सजा देने और गृहमंत्री के इस्तीफे की मांग की गई।प्रदर्शन के दौरान श्री वर्मा ने कहा कि राज्य की कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। महिलाओं और बच्चियों के खिलाफ अपराधों में बेतहाशा वृद्धि हुई है। (यदि सरकार महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर सकती, तो उसे सत्ता में बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है।) उन्होंने पीड़िता को शीघ्र न्याय दिलाने और महिलाओं की सुरक्षा हेतु ठोस कदम उठाने की मांग की। कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम वर्मा, चंद्रभान बारमते, संजीत बनर्जी, श्याम जायसवाल, दिलीप बंजारा, जैतराम खाण्डे, नरेश पाटले, कौशल सिंह क्षत्रिय, अभिलास सिंह, संजय चंदेल, राजासिंह ठाकुर, श्री ठाकुर,उर्मिला यादव, मंजू शर्मा, जाहिदा बेगम, नूरजहां, संतोषी मोना नागरे, राजेन्द्र यादव, नौसाद खान, रामकुमार साहू, आरीफ खोखरभूपेन्द्र साहू, इंद्रजीत कुर्रे, सूरज यादव, अजय साहू, नामदेव बंजारा, दादू मल्हा, मुकेश पाण्डेय, नंद कुमार साहू, अनीस मसीह, विकास खडेकर, विष्णु खाण्डे,विष्णु जायसवाल, रूपदास चर्तुवेदी, महेन्द्र यादव, राजाराम साहू, सम्मन दीप वर्मा, सूरज, रामजी ध्रुव,रवि कौसले, अरूण कुलमित्र, बशीर खान, दर्गेश साहू उपस्थित रहें।



**प्रथम पृष्ठ का शेष**

**गांधी से जुड़ी संस्थाओं पर...**

जा रहा है, जिसका पिछले 140 वर्षों से देश की सेवा और लड़ाई का गौरवशाली इतिहास है। उन्होंने भाजपा-आरएसएस पर हमला करते हुए कहा कि उनके पास स्वतंत्रता संग्राम में अपने योगदान के रूप में दिखाने के लिए कुछ भी नहीं है। उन्होंने यह दिखाने की साजिश की कि सरदार पटेल और पंडित नेहरू के बीच ऐसा रिश्ता था कि दोनों नायक एक-दूसरे के खिलाफ थे। सच्चाई यह है कि वे एक ही सिक्के के दो पहलू थे। खरगे ने याद दिलाया कि अंबेडकर ने खुद 25 नवंबर 1949 को संविधान सभा में अपने अंतिम भाषण में कहा था कि कांग्रेस पार्टी के समर्थन के बिना संविधान नहीं बनाया जा सकता था। लेकिन जब संविधान बना तो आरएसएस ने गांधी जी, पंडित नेहरू, डॉ. अंबेडकर और कांग्रेस की खूब आलोचना की। उन्होंने रामलीला मैदान में संविधान और इन नेताओं के पुतले जलाए। उन्होंने यह भी कहा कि संविधान मनुवादी आदर्शों से प्रेरित नहीं है। खरगे ने कहा कि पटेल की विचारधारा आरएसएस के विचारों के विपरीत थी। उन्होंने संगठन पर प्रतिबंध भी लगाया था। लेकिन यह हास्यास्पद है कि आज उस संगठन के लोग सरदार पटेल की विरासत का दावा करते हैं। उन्होंने दावा किया कि महात्मा गांधी और सरदार पटेल ने बाबा साहेब अंबेडकर को संविधान सभा का सदस्य बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। भाजपा पर अप्रत्यक्ष हमला करते हुए कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि हमारे प्रस्ताव से एकदम साफ हो जाएगा कि सरदार पटेल और पंडित नेहरू के बीच अनोखी जुगलबंदी थी। आधुनिक भारत के ये दो (पटेल-नेहरू) निर्माता था जिन्होंने महात्मा गांधी जी के नेतृत्व में आजादी की लड़ाई लड़ी और भारत की नींव भी रखी...और जो लोग ये कहते हैं कि सरदार पटेल और पंडित नेहरू के बीच कोई रिश्ता नहीं था और बिगड़ गया था। वो लोग झूठ बोल रहे हैं।

**समस्याओं के समाधान...**

से कहा कि लोगों को आवेदन देने के लिए किसी प्रकार का दिक्कत न हो इसका विशेष रूप से ध्यान दें। आवश्यकतानुसार कई केंद्रों में आवेदन देने मदद करने के लिए कर्मचारी तैनात किए गए हैं।

धमतरी जिले के कलेक्टर अबिनाश मिश्रा सहित जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रोमा श्रीवास्तव और तीनों अनुभागों के अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों ने आज पोटियाडीह, परसतराई, ग्राम पंचायतों में पहुंचकर सुशासन तिहार के दौरान आवेदन लेने की प्रक्रिया का अवलोकन किया। इस दौरान अशिक्षित आवेदकों के आवेदन लिखने के लिए किसी कर्मचारी की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को आवेदन देने से मना या रोका नहीं जाए। इसके बाद कलेक्टर ने नगर निगम क्षेत्र में हटकेशर वार्ड पहुंचकर वहां मौजूद महिलाओं और लोगों से बातचीत की। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में अपनी मांगों और समस्याओं के निराकरण के लिए आवेदन करने को कहा।

जगदलपुर जिले में जिले के सभी गांवों, नगरीय क्षेत्रों के सभी वार्डों कलेक्टर कार्यालय सहित सभी शासकीय कार्यालयों में लोगों से आवेदन लेने के लिए समाधान पेटी की व्यवस्था की गई है। इसी प्रकार बालोद जिले में भी लोगों से आवेदन लेने के लिए सभी महत्वपूर्ण स्थानों में समाधान पेटी की व्यवस्था की गई है।

**नागरिकों को है सुशासन पर भरोसा**

महासमुंद जिले के ग्राम परसदा के निवासी विक्रम चंद्राकर ने गांव में पेयजल की समस्या को देखते हुए नलकूप खनन के लिए आवेदन किया है। उन्हें विश्वास जताया है कि उनकी मांग का निराकरण होगा। इसी तरह ग्राम खैराभाठा के दुलारी बाई तारक ने कहा कि यह सरकार की अच्छी सोच है कि हमें अपनी मांग और समस्याओं को बताने एक उचित प्लेटफॉर्म मिल रहा है। सुशासन तिहार का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करना, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करना तथा विकास कार्यों में गति लाने के साथ ही आम जनता जनप्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों से सीधा संवाद स्थापित करना है। सुशासन तिहार तीन चरणों में आयोजित होगा पहले चरण में 8 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक आम जनता से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। दूसरे चरण में लगभग एक माह के भीतर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। तीसरे एवं अंतिम चरण में 5 मई से 31 मई 2025 के बीच समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

**नगरनार स्टील प्लांट में ...**

भी आगजनी और हॉट मेटल के छिड़काव जैसी घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हुए थे, फिर भी न तो आग से बचाव के पुख्ता इंतजाम किए गए, न ही कर्मचारी इलाज के लिए कोई अस्पताल प्लांट के पास मौजूद है।

**नवा रायपुर में स्थापित होगी ...**

अनुसार खेल एवं युवा कल्याण विभाग को 90 वर्षों की लीज पर भूमि प्रदान की जाएगी। तीरंदाजी अकादमी के निर्माण में एनटीपीसी लिमिटेड (ह्ज्ञक्ष्ट) अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (ष्टस्क्र) योजना के अंतर्गत वित्तीय सहयोग प्रदान करेगा। यहां आउटडोर और वातानुकूलित इनडोर तीरंदाजी रेंज, हाई परफॉर्मेंस ट्रेनिंग सेंटर, छात्रावास जैसे निर्माण कार्य प्रस्तावित हैं। अकादमी के बनने से नवा रायपुर न केवल खेल के क्षेत्र में एक नई पहचान बनाएगा, बल्कि यह देश के युवा तीरंदाजों के लिए एक उत्कृष्ट प्रशिक्षण केंद्र के रूप में उभरेगा। यह पहल खेलों के विकास और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तैयार करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

**छग हाई कोर्ट के इतिहास में ...**

जुड़कर सुनवाई की। चीफ जस्टिस ने रजिस्ट्रार जनरल को निर्देशित किया था, कि उनके डिवीजन बेंच और सिंगल बेंच के मामलों की लिस्टिंग करें। वे लखनऊ से वर्चुअल जुड़कर सुनवाई करेंगे। लिहाजा छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में पहली डिवीजन बेंच अपने नियत समय पर लगी और सुनवाई शुरू हुई। हाई कोर्ट के डिवीजन बेंच एक में जस्टिस अरविंद वर्मा और याचिकाकर्ता व प्रमुख पक्षकारों के वकील थे। इधर चीफ जस्टिस ने समय पर वर्चुअल जुड़कर सुनवाई शुरू की। जस्टिस वर्मा मामलों के बारे में बता रहे थे और उनसे सीधे चर्चा कर रहे थे। निर्धारित समय तक डिवीजन बेंच में सुनवाई हुई। लंच के बाद चीफ जस्टिस ने सिंगल बेंच में सुनवाई की।

**मासूम से दुष्कर्म ...**

नहीं लड़ेगा। संघ के सचिव रविशंकर सिंह ने भी इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि वकील संघ एकजुट है। कोई भी वकील आरोपी का केस नहीं लड़ेगा। भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शिव प्रकाश आएंगे रायपुर

**भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन...**

रहा है।भाजपा प्रदेश महामंत्री जगदीश (रामू) रोहरा ने जानकारी देते हुए बताया कि शिवप्रकाश 9 अप्रैल को सुबह 9.30 से 10.30 बजे तक पार्टी के महामंत्रियों की बैठक लेंगे। इसके बाद सुबह 10:30 से दोपहर 12.30 बजे तक निगम-मंडल और आयोगों के अध्यक्षों और उपाध्यक्षों के साथ बैठक होगी। दोपहर 12:30 से 1:30 बजे तक भाजपा के सभी मोर्चों के प्रदेश अध्यक्षों की बैठक रखी गई है। वहीं दोपहर 3 बजे से 4:30 बजे तक नगरीय-निकायों के महापौर, सभापति, अध्यक्ष और उपाध्यक्षों के साथ-साथ जिला पंचायतों के अध्यक्ष और उपाध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे।

## जीवनदीप समिति की बैठक आज

**तखतपुर** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। जीवनदीप समिति की बैठक 9 अप्रैल को दोपहर 12 से एसडीएम कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई है।

## सिलतरा में अखण्ड नवधा रामायण शुरू

**तखतपुर** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। अखण्ड नवधा रामायण का आयोजन सिलतरा में 8 से 16 अप्रैल तक आयोजित किया गया है। आचार्य पं श्रीधर दीवान एवं यजमान श्रीमती उमा गौरी प्रवीण साहू रहेंगे।।

तैयारी में मयाराम पटेल, राममनोहर पटेल, प्रहलाद साहू, संतोष यादव, रामाधार साहू, रूपविलास पटेल, डोमस साहू, भीषम साहू, देवनाथ साहू सहित अन्य जुटे हुए है।

# शतायु रही दादी अपनी अलौकिक मुस्कान से अनेकों के जीवन में खुशियों का संचार किया-बीके स्वाति

**बिलासपुर,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। नारी शक्ति के दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक संगठन प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी रतन मोहिनी जी आज प्रात: 1.20 मिनट पर देहावसान हो गया। दादीजी 101 वर्ष की थीं।

देश-विदेश के संस्था के वरिष्ठ दीदियां, वरिष्ठ जन व पदाधिकारी मुख्यालय पहुंच गए है। ब्रह्माकुमारीज़ बिलासपुर की मुख्य शाखा टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित राजयोग भवन सेवाकेंद्र संचालिका बीके स्वाति दीदी ने बिलासपुर ब्रह्माकुमारीज परिवार के सभी भाई बहनों की ओर से दादी जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। 10 अप्रैल को दादी के पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार किया जाएगा। स्वाति दीदी ने बताया कि नारी शक्ति के सबसे बड़े संगठन ब्रह्माकुमारीज़ की मुखिया राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी स्थापना से लेकर आज वटवृक्ष बनने की साक्षी रहीं हैं। दादीजी का जन्म 25 मार्च 1925 को सिंध हैदराबाद में हुआ था। 1937 में मात्र 13 वर्ष की आयु में ही ब्रह्माकुमारीज से जुड़ीं और पूरा जीवन समाज कल्याण में समर्पित कर दिया। 101 वर्ष की आयु में भी दादी की दिनचर्या अलसुबह ब्रह्ममुहूर्त में 3.30 बजे से शुरू हो जाती थी। सबसे पहले वह परमपिता शिव परमात्मा का ध्यान करती थी। राजयोग मेडिटेशन उनकी दिनचर्या में शामिल रहा।



25 मार्च 1925 को सिंध हैदराबाद के एक साधारण परिवार में दैवी स्वरूपा बेटी ने जन्म लिया। माता-पिता ने नाम रखा लक्ष्मी। किसी ने सोचा भी नहीं होगा कि कल यही बेटी अध्यात्म और नारी शक्ति का जगमग सितारा बनकर सारे जग को रोशन करेगी। बचपन से अध्यात्म के प्रति लगन और परमात्मा को पाने की चाह में मात्र 13 वर्ष की उम्र में लक्ष्मी ने विश्व शांति और नारी सशक्तिकरण की मुहिम में खुद को झोंक दिया। ब्रह्माकुमारीज़ की स्थापना से लेकर आज तक 87 वर्ष की यात्रा की साक्षी रही हैं। दादीजी के नेतृत्व में 50 हजार ब्रह्माकुमारी पाठशाला संचालित हो रहे है। दादीजी 50 हजार ब्रह्माकुमारी बहनों की हैं नायिका रहीं। दादीजी के मार्गदर्शन में ही ब्रह्माकुमारी बहनें अपना सम्पूर्ण जीवन विश्व कल्याण के लिए समर्पित करती रहीं है। 5500 सेवाकेंद्र दादी के मार्गदर्शन में संचालित हो रहे है।

1954 में जापान में हुए विश्व शांति सम्मेलन में दादी जी ने ब्रह्माकुमारीज़ संस्था का प्रथम विदेश सेवा का प्रतिनिधित्व किया। जिसके बाद जन मानस में आध्यात्मिकता की अलख जगाई। दादी जी को राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय सम्मानों से भी नवाजा गया है। युवा प्रभाग द्वारा दादीजी के नेतृत्व में 2006 में निकाली गई स्वर्णिम भारत युवा पदयात्रा द्वारा पूरे देश में 30 हजार किमी का सफर तय किया गया। इसमें पांच लाख ब्रह्माकुमार भाई-बहनों ने भाग लिया। सवा करोड़ लोगों को शांति, प्रेम, एकता, सकारात्मक विचार, तनाव मुक्त, विश्व बंधुत्व, अध्यात्म, व्यसनमुक्ति और राजयोग ध्यान का संदेश दिया गया। इस स्वर्णिम भारत युवा पदयात्रा में बिलासपुर मुख्य सेवाकेंद्र संचालिका बीके स्वाति दीदी ने भी नागपुर से रायपुर तक विभिन्न शहरों एवं गांवों की 21 दिनों में 1100 किलोमीटर पदयात्रा करके ब्रह्माकुमारीज़ के इतिहास में एक नया अध्याय लिखा। शतायु रही दादी जी अपनी अलौकिक मुस्कान से अनेकों के जीवन में खुशियों का संचार किया। आगे भी दादी जी के अद्भुत अलौकिक जीवन से सभी प्रेरणाएं लेते रहेंगे।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार सक्ती जिला सक्ती (छ.ग.)**

**उपस्थिति सूचना**

रा.प्र.क्र 202501312400027/ अ-27/23-24
ग्राम- तुर्री तहसील सक्ती जिला-सक्ती (छ.ग.)

1. ओंकार प्रसाद पिता मालिक राम, 2. मिलाप राम पिता मालिक राम 3. भोलाराम पिता मालिक राम, 4. हेमिन बाई पिता मालिक राम, 5. शांति बाई पिता मालिक राम, 6. मीना बाई पिता मालिक राम
सभी निवासी ग्राम किरारी तह. बाराद्वार जिला सक्ती (छ.ग.) ..................आवेदकगण

**बनाम**

1. पुनीराम पिता मालिक राम, 2. दिनबन्धु पिता मालिक राम, 3. दामोदर पिता मालिक राम, 4. देवकुमार पिता मालिक राम, 5. शिवकुंवर पिता मालिक राम, 6. कांति बाई पिता मालिक राम। सभी निवासी ग्राम किरारी तह. बाराद्वार जिला सक्ती (छ.ग.) .................अनावेदकगण

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम तुर्री तहसील सक्ती जिला सक्ती (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण ओंकार प्रसाद पिता मालिक राम वगै. निवासी ग्राम किरारी तहसील बाराद्वार जिला सक्ती द्वारा न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार सक्ती के रा.प्र.क्र. 202501312400027/अ-27/23-24 ग्राम तुर्री में स्थित भूमि ख.नं. कुल 18 रकबा 1.762 हे. अवस्थित है। उक्त भूमि को उभयपक्ष के मध्य खाता विभाजन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में प्रस्तुत प्रकरण अनावेदकगण की उपस्थिति के लिए नियत है। इस उपस्थिति सूचना के माध्यम से अनावेदकगण क्र. 04 देवकुमार पिता मालिक राम क्र. 05 शिवकुमार पिता मालिक राम क्र. 06 कांति बाई पिता मालिक राम तीनों निवासी ग्राम किरारी तह. बाराद्वार जिला सक्ती (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आप लोग प्रकरण में आगामी सुनवाई तिथि 11.04.2025 को इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना जवाब/ दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। अनुपस्थिति की स्थिति में आप लोगों के विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 26.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय सील मुद्रा से जारी।

सील
**अतिरिक्त तहसीलदार सक्ती, जिला-सक्ती (छ.ग.)**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार सक्ती जिला सक्ती (छ.ग.)**

**उपस्थिति सूचना**

रा.प्र.क्र. 202412312400004/ अ-27/24-25
ग्राम- चमरवाह तहसील सक्ती जिला-सक्ती (छ.ग.)

1. जेठूराम मांझी पिता महेशराम निवासी ग्राम चमरवाह तह. सक्ती जिला सक्ती (छ.ग.)......................... आवेदकगण

**बनाम**

1. लच्छीराम पिता चमार सिंह, 2. लक्ष्मीन बाई पिता चमार सिंह, 3. लच्छन बाई पिता चमार सिंह, 4. श्याम बाई पिता चमार सिंह, 5. रूकमणी बाई पिता चमार सिंह।
सभी निवासी ग्राम चमरवाह तह. सक्ती जिला सक्ती (छ.ग.) ..................अनावेदकगण

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम चमरवाह तहसील सक्ती जिला सक्ती (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक जेठूराम मांझी पिता महेशराम निवासी ग्राम चमरवाह तह. सक्ती जिला सक्ती (छ.ग.) द्वारा न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार सक्ती के रा.प्र.क्र. 202412312400004/ अ-27/24-25 ग्राम चमरवाह में स्थित भूमि ख.नं. कुल 16 रकबा 2.086 हे. अवस्थित है। उक्त भूमि को उभयपक्ष के मध्य खाता विभाजन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में प्रस्तुत प्रकरण अनावेदकगण की उपस्थिति के लिए नियत है। इस उपस्थिति सूचना के माध्यम से अनावेदकगण क्र. 03 लच्छन बाई पिता चमार सिंह क्र. 05 रूकमणी बाई पिता चमार सिंह दोनों निवासी ग्राम चमरवाह तह. सक्ती जिला सक्ती (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आप लोग प्रकरण में आगामी सुनवाई तिथि 17.04.2025 को इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना जवाब/ दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। अनुपस्थिति की स्थिति में आप लोगों के विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 28.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय सील मुद्रा से जारी।

सील
**अतिरिक्त तहसीलदार सक्ती, जिला-सक्ती (छ.ग.)**

**सांकेतिक कब्जे की सूचना**

ICICI Bank **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, बीपी-4, टेक्नोपोलिस बिल्डिंग, चौथी मंजिल, सेक्टर V, साल्ट लेक सिटी, कोलकाता पश्चिम बंगाल- 700091
CIN No: L65190GJ1994PLC021012, www.icicibank.com

आईसीआईसीआई बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रतिभूतिकरण, वित्तीय आस्तियों का पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 एवं प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 सहित पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित कर्ज़दार(रों) को माँग सूचना निर्गमित की गई थी, उक्त सूचना में कहा गया था कि वे सूचना प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर सूचना में उल्लिखित राशि का भुगतान करें।
कर्ज़दार राशि चुकाने में विफल रहे हैं, अतएव कर्ज़दार और जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त अधिनियम 8 सहित पठित धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित तिथियों पर नीचे वर्णित संपत्ति का अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक कब्ज़ा ले लिया गया है। विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने हेतु सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | शिव कुमार यादव/ संजीव कुमार/ धनेश्वरी यादव/ चाँपा वार्ड नंबर 21, नैला जांजगीर (एनपी) केरा रोड, जांजगीर, कुदरी जिला जांजगीर, चाँपा, छत्तीसगढ़, जांजगीर- 495668/ TBBSR00006460886/ TBBSR00006460887/ LBBSR00006516481 | खसरा नंबर 2802/6, वार्ड नंबर 20, पंडित दीनदयाल वार्ड, भीमा पारा मोहल्ला, प.ह. क्रमांक 47, मौजा ग्राम जांजगीर, रा.न.म. और तहसील जांजगीर, नगर पालिका जांजगीर, जिला जांजगीर चाँपा, छत्तीसगढ़/क्षेत्रफल- 0.02 एकड़ यानी 0.008 हेक्टेयर/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि 03/04/2025 | जनवरी 18, 2025 रु. 43,25,568.70/- | जांजगीर-चाँपा |
| 2. | देव कुमार रात्रे/ काजल रात्रे/वार्ड क्रमांक 14 करहीडीह, जिला जांजगीर-चाँपा, छत्तीसगढ़ बालौदा- 495559/ TBBSR00006547880/ LBRPR00006108603 | पीएच. नं. 04, परिवर्तित खसरा नं. 375/4, मौजा करहीडीह, आर.एन.एम. कोटगढ़, तहसील आकलतरा, ग्राम करहीडीह, जिला जांजगीर-चाँपा, छत्तीसगढ़। (क्षेत्रफल 0.05 एकड़/ 202.5 वर्ग मीटर/ 5 दशमलव के साथ 1254 वर्ग फीट/ 116.48 वर्ग मीटर में एक मंजिला भवन/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि 03/04/2025 | दिसंबर 24, 2024 रु. 23,09,994.10/- | जांजगीर-चाँपा |

उपरोक्त कर्ज़दार(रों)/जमानतदार(रों) को राशि वापस करने के लिए 30 दिन का नोटिस जारी किया जाता है, अन्यथा बंधक रखी गई संपत्ति(याँ) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 और 9 के प्रावधानों के अनुसार इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के बाद नीलाम कर दी जाएगी।

दिनांक : अप्रैल 09, 2025
स्थान : जांजगीर (चाँपा)

भवदीय, अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के लिए

**आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड**

Aadhar Housing Finance Ltd

**कार्पोरेट कार्यालय:** युनिट नं. 802, नटराज रुस्तमजी, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे एवं एम.वी. रोड़, अंधेरी (पूर्व), मुम्बई-400069.
**बिलासपुर शाखा:** कृष्णा, प्रथम तल, सोनछत्र कंपाउंड, आर.एन.टी. स्क्वायर के पास, शिव टॉकीज, तार बहार रोड, बिलासपुर - 495004 (छत्तीसगढ़)
**प्राधिकृत अधिकारी : अश्विन शर्मा संपर्क : 7697112220**

**निजी संधि के माध्यम से सरफेसी अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के तहत बिक्री के लिए संपत्ति**

यह कि, प्राधिकृत अधिकारी, आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (एएचएफएल) ने वित्तीय संपत्तियों के सुरक्षा और पुनर्निर्माण और सुरक्षा ब्याज अधिनियम, 2002 (सरफेसी अधिनियम, 2002) के प्रवर्तन संपत्ति के प्रसंस्करण के 13 (4) के अंतर्गत निम्न वर्णित सम्पत्ति (प्रतिभूत ऑस्ति) का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग को कब्जे मे ले लिया है प्राधिकृत अधिकारी को सुरक्षित ऋण की वसूली के लिए सरफेसी अधिनियम के तहत उपर्युक्त सुरक्षित संपत्ति के खिलाफ कुछ इच्छुक पार्टी से बिक्री की पेशकश प्राप्त हुई है। अब, प्राधिकृत अधिकारी सुरक्षा ब्याज (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 और 9 के संदर्भ में उपरोक्त संपत्ति की बिक्री के लिए नोटिस दे रहा है। खाते का विवरण इस प्रकार है:

| लोन एप. नं. /शाखा | ऋणी/सह-ऋणी का नाम | मांग सूचना दिनांक एवं राशि | आरक्षित मूल्य (RP) | कुल बकाया ऋण राशि 25-03-2025 तक | सुरक्षित संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| (लोन कोड नं. 01010000328/ बिलासपुर शाखा) | प्रकाश राकेश (ऋणी), सौरभ राकेश (सह-ऋणी) | 10-12-2023 एवं 25,02,887/- | ₹ 13,00,000/- | ₹ 30,94,037/- | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, तह.:- शिवरीनारायण, दुरपा से मुड़पार रोड वार्ड नंबर:- 14 दुरपा जांजगीर-चांपा छत्तीसगढ़ 495557, **सीमाएं:** पूर्व : सडक, पश्चिम: गंगा बाई केवट की भूमि, उत्तर: सुखराम की भूमि, दक्षिण: नारायण केवट की भूमि |

प्राधिकृत अधिकारी सुरक्षित संपत्ति को बिक्री के लिए "जहां है", "जैसी है", "जो कुछ भी है" के आधार पर नीलाम करेगा। एएचएफएल संपत्ति पर लंबित किसी भी देनदारी के लिए ज़िम्मेदार नहीं है। प्राधिकृत अधिकारी किसी भी कारण के बिना प्रस्ताव को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है और बिक्री सुरक्षित लेनदार द्वारा पुष्टि के अधीन होगी। प्रस्तावित खरीदार की पेशकश की स्वीकृति पर, उसे 25% स्वीकृत मूल्य समावेशी समायोजन बयाना राशि जमा करना होगा और सुरक्षित ऋण-दाता द्वारा ऑफ़र की स्वीकृति की तारीख से 15 (पंद्रह) दिनों के भीतर खरीदार द्वारा शेष राशि का भुगतान करना होगा। प्रस्तावित खरीदार को यह ध्यान रखना है कि निर्दिष्ट समय के भीतर उसके द्वारा शेष राशि के भुगतान की विफलता के मामले में, जमा राशि पहले ही जब्त की जाएगी और संपत्ति तदनुसार फिर से बेची जाएगी।
**यह 15 दिनों का विक्रय नोटिस सरफेसी एक्ट 2002** के तहत आम तौर पर जनता विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं), सह उधारकर्ता(ओं), जमानतदार(ओं) को दिया जाता है कि उपर वर्णित अचल संपत्ति को सुरक्षित लेनदारों के पास बंधक/प्रभारित किया गया है। आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड (एएचएफएल) सुरक्षित लेनदार, के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा **भौतिक कब्जा** ले लिया है, जिसे जहां है जैसी है तथा जिस अवस्था में है और आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड की बकाया राशि के आधार पर बेचा जाएगा, बिक्री की तारीख से पहले पूर्ण रुप से, नीलामी विज्ञापन रोके जाने के लिए उत्तरदायी है।
यदि ऋणी (ओं), सह-ऋणी(ओं) के पास कोई खरीदार है, जो दिए गए आरक्षित मूल्य से अधिक कीमत पर गिरवी संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति खरीदने के लिए तैयार है, तो ऋणी (ओं), सह-ऋणी(ओं) को 24-04-2025 को या उससे पहले एएचएफएल को सूचित करना होगा, एएचएफएल उसे प्राथमिकता देगा। यदि ऋणी, सह-ऋणी 24-04-2025 को या उससे पहले सूचित करने में असफल रहते हैं, तो एएचएफएल ऊपर दिए गए आरक्षित मूल्य पर संपत्ति की बिक्री को आगे बढ़ाएगा।
**नीलामी की तारीख 24-04-2025 तय की गई है।**

**स्थान : छत्तीसगढ़**
**दिनांक : 09-04-2025**

**सही/- प्राधिकृत अधिकारी**
**आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**

**कार्यालय तहसीलदार डभरा जिला सक्ती (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. ......../ ब-117/ 2024-25
ग्राम - कटौद, तहसील डभरा

**// ईश्तहार //**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शुक्ला सिदार पिता बुढवा बैगा जाति सवरा निवासी ग्राम कटौद तहसील डभरा जिला सक्ती (छ.ग.) द्वारा निवेदन किया है कि माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ बिलासपुर के WPCR N0. 119/2025 नवीन सिदार वि.शासन एवं अन्य के अस्थाई रिहाई हेतु बंदी (पैरोल) शोध क्षमता प्रमाण पत्र जारी किये जाने के संबंध में इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को किसी प्रकार की दावा/ आपत्ति होगी वे दिनांक 17/04/2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रा से जारी किया गया।

सील
**तहसीलदार डभरा जिला-सक्ती (छ.ग.)**

**कार्यालय तहसीलदार डभरा जिला सक्ती (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र......../ ब-117/ 2024-25
ग्राम - कटौद, तहसील डभरा

**// ईश्तहार //**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामनाथ सिदार पिता बुढवा बैगा जाति सवरा निवासी ग्राम कटौद तहसील डभरा जिला सक्ती (छ.ग.) द्वारा निवेदन किया है कि माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ बिलासपुर के WPCR N0. 119/2025 नवीन सिदार वि.शासन एवं अन्य के अस्थाई रिहाई हेतु बंदी (पैरोल) शोध क्षमता प्रमाण पत्र जारी किये जाने के संबंध में इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को किसी प्रकार की दावा/ आपत्ति होगी वे दिनांक 17/04/2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रा से जारी किया गया।

सील
**तहसीलदार डभरा जिला-सक्ती (छ.ग.)**

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पुराना नाम शफा सलाट पिता अफताब अहमद अपना पुराना नाम को बदलकर नया नाम शफा बुखारी पिता अफताब अहमद निवासी फ्लेट नं. 101 आरेंज टॉवर हंसा विहार श्रीकांत वर्मा मार्ग बिलासपुर (छ.ग.) 495001 रख ली हूं अत: अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम शफा बुखारी पिता अफताब अहमद से जाना एवं पहचाना जाए।

**शफा बुखारी**
फ्लेट नं. 101 आरेंज टॉवर हंसा विहार श्रीकांत वर्मा मार्ग बिलासपुर (छ.ग.) 495001

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला-सक्ती (छ.ग.)**

विवाह प्रकरण क्रमांक 202412310200008/ बी-121/2024-25 ग्राम- कलमी तहसील मालखरौदा

आवेदक कृष्ण कुमार साहू उम्र-34 वर्ष पिता श्री शौकीलाल साहू एवं आवेदिका श्रीमती पल्लवी, उम्र-27 वर्ष पति कृष्णकुमार साहू दोनों निवासी ग्राम चन्द्रशेखरपुर तहसील छाल जिला रायगढ़ (छ.ग.)

**विरूद्ध**

छ.ग.शासन.......

**// ईश्तहार //**

आम जनता कलमी, तहसील मालखरौदा को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक कृष्ण कुमार साहू उम्र-34 वर्ष पिता श्री शौकीलाल साहू एवं आवेदिका श्रीमती पल्लवी, उम्र-27 वर्ष पति कृष्णकुमार साहू दोनों निवासी ग्राम चन्द्रशेखरपुर तहसील छाल जिला रायगढ़ (छ.ग.) दोनों का विवाह दिनांक 20.04.2024 स्थान ग्राम कलमी तहसील मालखरौदा में सम्पन्न हुआ है। संयुक्त रूप से विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-15 के तहत अनुष्ठापित विवाह की सूचना आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अत: इस संबंध में किसी को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वह अपनी दावा/ आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 24.04.2025 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21.03.2025 को न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील
**विवाह अधिकारी जिला-सक्ती (छ.ग.)**

# देश

**उवाच** “ कांग्रेस ने भारत के महान नेताओं, जैसे सरदार पटेल और बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का हमेशा अपमान किया। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान और उसके बाद कुछ ऐसे महापुरुष थे, जिनका कद जवाहरलाल नेहरू के समकक्ष था, लेकिन कांग्रेस ने हमेशा उन्हें नकारा और उनका अपमान किया : **अर्जुन राम मेघवाल, भाजपा नेता**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 41` | 22.4 |
| मुंबई | 34.6 | 23.6 |
| कोलकाता | 35.3 | 26.2 |
| चेन्नई | 35.3 | 26.4 |

# लालू यादव ने गरीबों को बसाया था, आज की सरकार हटाने का काम कर रही : तेजस्वी

■ **तेजस्वी यादव ने मुसहर भुइयां महारैली सह संवाद कार्यक्रम में लोगों को किया संबोधित**



**मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार 20 साल से बिहार में है, लेकिन इस दौरान गरीब और गरीब हुआ तथा अमीर और अमीर होता जा रहा है। तेजस्वी ने कहा कि अगर राजद के नेतृत्व में बिहार में महागठबंधन सरकार बन जाती है तो मुसहर समाज को बसाने का काम किया जाएगा : तेजस्वी यादव, नेता राजद**

**पटना,** 8 अप्रैल (एजेंसियां)। बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने गरीबों को बसाने का काम किया था, जबकि आज की सरकार उन्हें हटाने और उजाड़ने का काम कर रही है।

बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में मुसहर भुइयां महारैली सह संवाद कार्यक्रम में आए लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि राजद की विचारधारा समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को मुख्य धारा में लाने की लड़ाई लड़ना है। उन्होंने दावा किया कि लालू यादव ने बतौर मुख्यमंत्री इस समाज के लिए जो काम किया, वैसा काम किसी अन्य मुख्यमंत्री ने नहीं किया। लोकतंत्र में जनता ही मालिक होती है और जनता के दुख-दर्द को सरकार को दूर करना चाहिए।

तेजस्वी यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार 20 साल से बिहार में है, लेकिन इस दौरान गरीब और गरीब हुआ तथा अमीर और अमीर होता जा रहा है। तेजस्वी यादव ने लोगों को भरोसा देते हुए कहा कि अगर राजद के नेतृत्व में बिहार में महागठबंधन सरकार बन जाती है तो मुसहर समाज को बसाने का काम किया जाएगा। गरीबों को जमीन दी जाएगी और रहने के लिए घर बनाया जाएगा।

### शराबबंदी के नाम पर गरीबों को जेल भेजा जा रहा

उन्होंने शराबबंदी कानून की चर्चा करते हुए कहा कि शराबबंदी के नाम पर गरीबों को जेल भेजा जा रहा है और चुनाव के समय हिंदू, मुस्लिम नाम लेकर जनता को गुमराह किया जा रहा है। भाजपा जनता को मंदिर और मस्जिद के नाम पर लड़ा कर वोट लेती है।

### भाजपा को ‘आरक्षण चोर’ और ‘आरक्षण खोर’ पार्टी: तेजस्वी

भाजपा को ‘आरक्षण चोर’ और ‘आरक्षण खोर’ पार्टी बताते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा नहीं चाहती है कि आरक्षण से इस समाज के लोग आगे बढ़ सकें। बिहार को गरीबी, पलायन और बेरोजगारी के मामले में देश में नंबर वन बना दिया गया है। उन्होंने लोगों से अपील की कि अब पुरानी सरकार को हटाकर नई सरकार बनाएं जो तेज रफ्तार से बिहार का विकास कर सके। तेजस्वी यादव ने कहा, ‘मुझे पांच साल मौका दीजिए। उम्र कच्ची है, मगर जुबान पक्की है।’

## राजद ने वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर की

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर कर न्याय की गुहार लगायी है। बिहार राजद के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव एवं प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने अपने संयुक्त वक्तव्य में कहा कि नेता प्रतिपक्ष तजस्वी यादव ने वक्फ संशोधन विधयेक का सदन से लेकर सड़क और कानूनी प्रक्रिया में जाने का जो संकल्प लिया था उसे अमलीजामा पहनाने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ राजद की ओर से राज्यसभा सांसद प्रो. मनोज कुमार झा, मो. फैयाज अहमद और विधायक मो. नेहालुद्दीन की ओर से न्याय के लिए तीन याचिका सर्वोच्च न्यायालय में अधिवक्ता के माध्यम से दी गई है, जिसे स्वीकृत कर लिया गया है।

गृह मंत्री अमित शाह का दावा, कहा

# तीन और समूहों ने हुर्रियत से खुद को अलग किया

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दावा किया है कि जम्मू कश्मीर में तीन और अलगाववादी-गठबंधन संगठनों ने हुर्रियत कांफ्रेंस से खुद को अलग कर लिया है, इसे कश्मीर के भीतर भारतीय संविधान में बढ़ते भरोसे का एक मजबूत संकेत बताया। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में शाह ने लिखा है कि जम्मू कश्मीर इस्लामिक पालिटिकल पार्टी, जम्मू कश्मीर मुस्लिम डेमोक्रेटिक लीग और कश्मीर फ्रीडम फ्रंट जैसे तीन और संगठनों ने हुर्रियत से खुद को अलग कर लिया है। यह कश्मीर के भीतर भारत के संविधान में लोगों के भरोसे का एक प्रमुख प्रदर्शन है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एकजुट और शक्तिशाली भारत के विजन को और भी बल मिला है क्योंकि 11 ऐसे संगठन अब अलगाववाद से दूर हो गए हैं और भारतीय संघ को समर्थन दिया है। नवीनतम घटनाक्रम ऐसे समय में आया है जब केंद्र सरकार अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद जम्मू-कश्मीर में राजनीतिक सामान्य स्थिति और लोकतांत्रिक ढांचे में बढ़ी हुई भागीदारी का वादा कर रही है।

तीन वरिष्ठ अलगाववादी नेता मोहम्मद यूसुफ नकाश, हकीम अब्दुल रशीद और बशीर अहमद अंद्राबी ने सार्वजनिक रूप से अलगाववाद को त्याग दिया और हुर्रियत कांफ्रेंस के विभिन्न धड़ों से खुद को अलग कर लिया। ये तीनों नेता मीरवाइज उमर फारूक के नेतृत्व वाले हुर्रियत धड़े से



**जम्मू कश्मीर इस्लामिक पालिटिकल पार्टी, जम्मू कश्मीर मुस्लिम डेमोक्रेटिक लीग और कश्मीर फ्रीडम फ्रंट जैसे तीन और संगठनों ने हुर्रियत से खुद को अलग कर लिया है। यह कश्मीर के भीतर भारत के संविधान में लोगों के भरोसे का एक प्रमुख प्रदर्शन है : अमित शाह**

संबंधित थे। मोहम्मद यूसुफ नकाश जम्मू कश्मीर इस्लामिक पालिटिकल पार्टी के प्रमुख थे, हकीम अब्दुल रशीद जम्मू कश्मीर मुस्लिम डेमोक्रेटिक लीग के अध्यक्ष थे, जबकि बशीर अहमद अंद्राबी कश्मीर फ्रीडम फ्रंट का नेतृत्व करते थे। इन नेताओं ने अलग-अलग लेकिन लगभग एकसमान

■ **केंद्र सरकार अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद जम्मू-कश्मीर में राजनीतिक स्थिति बदली**

बयानों में भारत के संविधान के प्रति अपनी निष्ठा जताई और अलगाववादी एजेंडे से खुद को पूरी तरह अलग कर लिया।

जानकारी के लिए आल पार्टीज हुर्रियत कांफ्रेंस (एपीएचसी) का गठन 1993 में कश्मीर में उग्र आतंकवाद के दौर में हुआ था। यह संगठन संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों के आधार पर कश्मीर मुद्दे के समाधान की वकालत करता थां अपने शुरुआती दिनों में एपीएचसी 20 से अधिक राजनीतिक, धार्मिक, व्यापारिक और नागरिक समाज संगठनों का एक समूह था। हालांकि, पिछले कुछ वर्षों में इसकी प्रासंगिकता और प्रभाव में कमी आई है, और अब इसके कई सहयोगी संगठन और नेता इससे किनारा कर रहे हैं।

## अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर पुलिस के वीर शहीदों के परिजनों को सौंपे अनुकंपा नियुक्ति पत्र

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जम्मू-कश्मीर के दौरे पर हैं। अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर में शांति और सुरक्षा के लिए पुलिस की सराहनीय भूमिका को सराहा। शाह ने सोमवार को जम्मू राजभवन में शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें अनुकंपा नियुक्ति पत्र सौंपे। अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ‘जम्मू-कश्मीर की शांति और सुरक्षा में जम्मू-कश्मीर पुलिस सराहनीय भूमिका निभा रही है। आज जम्मू राजभवन में जम्मू-कश्मीर पुलिस के वीर शहीदों के परिजनों से संवाद कर उन्हें अनुकंपा नियुक्ति पत्र सौंपे। जम्मू-कश्मीर को सुरक्षित, शांत और स्थिर बनाने में अपना बलिदान देने वाले अमर जवानों को नमन करता हूं। वीर सुरक्षाकर्मियों के त्याग और बलिदान का देश सदा ऋणी रहेगा।’

## सार संक्षेप

### बिहार मंत्रिमंडल की बैठक में मंत्रियों के वेतन-भत्ते में वृद्धि का निर्णय

**पटना।** बिहार मंत्रिमंडल की मंगलवार को हुई बैठक में स्वास्थ्य विभाग में 2 हजार से अधिक पदों के सृजन की मंजूरी मिल गई। इसके अलावा मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के उर्दू निदेशालय के अंतर्गत राज्य के विभिन्न कार्यालयों में सहायक उर्दू अनुवादक के 3,3 से अधिक पदों के सृजन करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इससे इस चुनावी वर्ष में बड़ी संख्या में नौकरियां देने का मार्ग खुल गया है। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद बताया गया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में कुल 27 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत लोक स्वास्थ्य संवर्ग एवं अस्पताल प्रबंधन संवर्ग के गठन के लिए आवश्यक विभिन्न स्तर के कुल 2`,16 अतिरिक्त पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई।

### सिंगापुर के स्कूल में आग लगने से पवन कल्याण का 7 वर्षीय बेटा शंकर झुलसा

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री-अभिनेता पवन कल्याण के छोटे बेटे मार्क शंकर के सिंगापुर स्थित स्कूल में आग लग गई, जिसमें वह झुलस गया। पवन कल्याण की पार्टी जन सेना के अनुसार, इस घटना में सात वर्षीय शंकर के हाथ और पैर झुलस गए हैं। उसे धुएं के कारण भी परेशानियों का सामना करना पड़ा। फिलहाल उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। अल्लूरी सीतारामराजू जिले के दौरे पर गए अभिनेता-राजनेता पवन कल्याण को यह खबर मिली। वे जिले के अपने दौरे को बीच में छोड़कर सिंगापुर के लिए रवाना होंगे। जन सेना के अनुसार, पार्टी नेताओं ने उन्हें सिंगापुर रवाना होने का सुझाव दिया। हालांकि, पवन कल्याण ने नेताओं से कहा कि उन्होंने सोमवार को आदिवासियों से वादा किया था कि वे अराकू के पास कुरीडी गांव का दौरा करेंगे और उनकी समस्याओं के बारे में जानेंगे।

### बिहार में ट्रक और कार की टक्कर, दुल्हन सहित चार की मौत

**हाजीपुर।** बिहार के वैशाली जिले के महिसौर थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक ट्रक और कार के बीच हुई टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई। कार पर सवार सभी लोग एक शादी समारोह से लौट रहे थे, तभी यह दुर्घटना हुई। मृतकों में दुल्हन भी शामिल है। मिली जानकारी के मुताबिक, बराटी थाना क्षेत्र के चकललुआ निवासी दीनानाथ कुमार की शादी के लिए कुछ लोग नवगछिया गए थे। नवगछिया में मंदिर में शादी समारोह संपन्न होने के बाद सभी कार से वापस लौट रहे थे।

## अल्लाह ने मुझे किसी वजह से जीवित रखा है : शेख हसीना

**नई दिल्ली,** 8 अप्रैल, (एजेंसियां)। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कहा कि अल्लाह ने उन्हें किसी वजह से जीवित रखा है। उन्होंने कहा कि वह दिन भी आएगा जब अवामी लीग के सदस्यों को निशाना बनाने वालों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक शेख हसीना ने यह टिप्पणी उस समय की जब वह सोशल मीडिया पर अपनी पार्टी के नेताओं के परिवार के सदस्यों के साथ बातचीत कर रही थीं। पिछले अगस्त में शेख हसीना को बांग्लादेश की सत्ता छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा था। वह अपना देश छोड़ भारत आ गई थीं।



हसीना ने बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद युनुस पर निशाना साधा और उन्हें ‘ऐसा व्यक्ति बताया जिसने कभी लोगों से प्यार नहीं किया।’ बांग्लादेश की पूर्व पीएम ने कहा, ‘उन्होंने ऊंची ब्याज दरों पर छोटी रकम उधार दी और उस पैसे का इस्तेमाल विदेश में शान-शौकत से रहने में किया। हम तब उसे समझ नहीं पाए, इसलिए हमने उसकी खूब मदद की। लेकिन लोगों को कोई फायदा नहीं हुआ। उसने खुद के लिए अच्छा किया। फिर उसने सत्ता की ऐसी लालसा पैदा की जो आज बांग्लादेश को जला रही है।’

## दलाई लामा 3 लोगों के ‘स्वतंत्रता पथ’ पर जाने से हुए अभिभूत

**धर्मशाला,** 8 अप्रैल (एजेंसियां)। तिब्बती आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा हाल ही में संपन्न ‘स्वतंत्रता पथ’ से बहुत प्रभावित हुए, जिस पर 300 ट्रेकर्स ने यात्रा की थी, जिन्होंने 1959 में तिब्बत और भारत के बीच सीमा पर खेन-दजा-मनी से तवांग में पुंगतेंग-त्से तक की अपनी छह दिवसीय यात्रा की थी। यह यात्रा शनिवार को अरुणाचल प्रदेश के तवांग जिले में तवांग मठ में समाप्त हुई, जिसमें 66 वर्ष पहले आध्यात्मिक नेता के तिब्बत से पलायन की याद में यह यात्रा निकाली गई। श्री दलाई लामा ने लिखा, ‘मैं यह जानकर बहुत प्रभावित हुआ हूं कि 300 लोग स्वतंत्रता पथ पर चल पड़े हैं, जो 1959 में मेरे द्वारा की गई छह दिवसीय यात्रा की याद दिलाता है।’ उन्होंने कहा, मुझे वे दिन अच्छी तरह याद हैं और भारत पहुंचते ही मुझे जो राहत और आजादी का अहसास हुआ, वह मुझे बहुत आश्वस्त करने वाला था कि हम जहां भी गए, हमरा इतनी गर्मजोशी से स्वागत हुआ।’ तवांग जिला प्रशासन द्वारा उपायुक्त कानकी दरंग के नेतृत्व में आयोजित इस यात्रा में विविध समूहों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें भिक्षु, स्थानीय नेता, सुरक्षा बल, पर्यटक और स्वयंसेवक भी शामिल थे। केनजामनी में इस यात्रा की शुरुआत भिक्षुओं और ग्रामीणों द्वारा दलाई लामा की दीर्घायु के लिए प्रार्थना करने के साथ हुई, जिसके साथ पारंपरिक मोनपा प्रदर्शन भी किया गया।



**यह यात्रा 66 वर्ष पहले आध्यात्मिक नेता के तिब्बत से पलायन की याद में निकाली**

## राजनाथ सिंह व यूएई के क्राउन प्रिंस के बीच मुलाकात, रक्षा संबंधों पर हुई बात

■ **दोनों पक्षों ने रक्षा सहयोग व व्यापार पर सहमति जताई**

**नई दिल्ली,** 8 अप्रैल (एजेंसियां)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दुबई के क्राउन प्रिंस शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम से मुलाकात की, जो रक्षा मंत्रालय का प्रभार भी संभाल रहे हैं। बैठक साउथ ब्लॉक स्थित रक्षा मंत्रालय में हुई। मंत्रालय के मुताबिक, दोनों पक्षों ने इस बात पर सहमति जताई कि रक्षा सहयोग को व्यापार और अन्य क्षेत्रों में हो रही प्रगति के अनुरूप बढ़ाने की आवश्यकता है। दोनों देशों के बीच व्यापार तथा अन्य क्षेत्रों में हो रही प्रगति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान की दूरदृष्टि और प्रतिबद्धता को दर्शाती है। बैठक के बाद राजनाथ सिंह ने कहा कि यूएई के साथ व्यापक रणनीतिक साझेदारी भारत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने अपने संदेश में कहा, ‘आने वाले वर्षों में, हम रक्षा सहयोग, सह-निर्माण, सह-विकास परियोजनाओं, नवाचार और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में मिलकर कार्य करने को तत्पर हैं। भारत और यूएई दोनों ही क्षेत्र में शांति और समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध हैं।’ रक्षा मंत्रालय का कहना है कि इस दौरान दोनों नेताओं ने संस्थागत तंत्र, सैन्य अभ्यासों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आदान-प्रदान आदि के माध्यम से वर्तमान रक्षा सहयोग पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने प्रशिक्षण आदान-प्रदान को रक्षा सहयोग का एक प्रमुख क्षेत्र माना और इसे दोनों देशों के रक्षा ढांचों को समझने और द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को मजबूत करने का माध्यम बताया। दोनों देशों के तटरक्षक बलों के बीच सहयोग पर बैठक में संतोष जताया गया और इसे एक समझौता ज्ञापन के माध्यम से औपचारिक रूप देने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।



**‘आने वाले वर्षों में, हम रक्षा सहयोग, सह-निर्माण, सह-विकास परियोजनाओं, नवाचार और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में मिलकर कार्य करने को तत्पर हैं। भारत और यूएई दोनों ही क्षेत्र में शांति और समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध हैं’: राजनाथ सिंह**

बंगाल शिक्षक भर्ती मामला

## हम कोर्ट के फैसले से दुखी हैं: सौगत रॉय

कोलकाता, 8 अप्रैल (एजेंसियां)। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के वरिष्ठ नेता और सांसद सौगत रॉय ने पश्चिम बंगाल में 26 हजार शिक्षकों की नौकरियों को रद्द करने के सुप्रीम कोर्ट के हालिया आदेश पर बयान दिया। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले से हम दुखी हैं और इसी वजह से मुख्यमंत्री ने नौकरी गंवाने वाले लोगों से भी मुलाकात की।

पश्चिम बंगाल एसएससी भर्ती घोटाले के संबंध में सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर टीएमसी सांसद सौगत रॉय ने कहा, ‘हम हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश से दुखी हैं, जिसके कारण 26,000 नौकरियां रद्द कर दी गईं। मुख्यमंत्री ने व्यक्तिगत रूप से नौकरी गंवाने वाले लोगों से मुलाकात की और समीक्षा याचिका सहित आगे के कुछ संभावित तरीकों पर चर्चा की। आज सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार द्वारा सृजित अतिरिक्त पद वैध हैं और उन्हें रद्द नहीं किया जाना चाहिए।’भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने एक्स पर एक पोस्ट कर दावा किया कि टीएमसी सांसद कीर्ति आजाद और कल्याण बनर्जी के बीच बहस हुई। अमित मालवीय के दावे पर टीएमसी सांसद सौगत रॉय ने कहा, ‘हम दुखी हैं, ऐसा नहीं होना चाहिए था। मुझे नहीं पता कि यह विवाद वास्तव में हुआ है या नहीं, लेकिन अगर हुआ है, तो यह दुर्भाग्यपूर्ण है। हमारी पार्टी के 29 सांसद लोकसभा में हैं और सबको मिलकर काम करना चाहिए।



**‘हम हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश से दुखी हैं, जिसके कारण 26,000 नौकरियां रद्द कर दी गईं, जब कि सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार द्वारा सृजित अतिरिक्त पद वैध हैं और उन्हें रद्द नहीं किया जाना चाहिए : सौगत रॉय**

### स्कूली नौकरियों को रद्द करने के खिलाफ टीएमसी आज करेगी प्रदर्शन

पश्चिम बंगाल में 25,753 स्कूली नौकरियों को रद्द करने के कोर्ट के हालिया आदेश के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रदर्शन करेगी। तृणमूल ने आरोप लगाया है कि माकपा और भाजपा ने विभिन्न सरकारी स्कूलों में 25,753 शिक्षण और गैर-शिक्षण नौकरियों को समाप्त करने की साजिश रची है।

## तेलंगाना हाईकोर्ट ने दिलसुखनगर बम विस्फोट मामले में मौत की सजा बरकरार रखी

**हैदराबाद,** 8 अप्रैल (एजेंसियां)। तेलंगाना उच्च न्यायालय ने मंगलवार को दिलसुखनगर बम विस्फोट मामले में पांच दोषियों की मौत की सजा की पुष्टि की और निचली अदालत के फैसले को बरकरार रखा। न्यायमूर्ति लक्ष्मण और न्यायमूर्ति श्रीसुधा की पीठ ने दोषियों की ओर से पेश अपीलों को खारिज कर दिया और निचली अदालत के फैसले को बरकरार रखा। वर्ष 2013 में 21 फरवरी को देश को झकझोर देने वाले इन धमाकों में 18 लोगों की जान चली गई थी और 131 से अधिक लोग घायल हुए थे।

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सिलसिलेवार बम विस्फोटों की विस्तृत जांच की थी और 13 दिसंबर 2016 को विशेष एनआईए अदालत ने पांचों दोषियों असदुल्लाह अख्तर, जिया उर रहमान, मोहम्मद तहसीन अख्तर हसन, मोहम्मद यासीन भटकल और एजाज शेख समर अरमान को मौत की सजा दी थी। करीब 45 दिनों की सुनवाई के बाद उच्च न्यायालय ने आज अपना फैसला सुनाया।



- **बम धमाकों में 18 लोगों की जान चली गई थी**
- **एनआईए ने सिलसिलेवार विस्फोटों की विस्तृत जांच की थी**
- **45 दिनों की सुनवाई के बाद उच्च न्यायालय ने आज अपना फैसला सुनाया**

मुख्य आरोपी रियाज भटकल उर्फ मोहम्मद रियाज अभी भी फरार है। वहीं बम विस्फोटों को अंजाम दिये इंडियन मुजाहिदीन आतंकवादी सैयद मुखबल की बीमारी के कारण पिछले साल गांधी अस्पताल में मौत हो गई।

## मुंबई सेंट्रल-वाराणसी एसी स्पेशल का ईदगाह आगरा पर ठहराव

**नई दिल्ली,** 8 अप्रैल (एजेंसियां)। वडोदरा पश्चिम रेलवे ने मुंबई सेंट्रल-वाराणसी एसी स्पेशल ट्रेन का ईदगाह आगरा स्टेशन पर ठहराव देने का निर्णय लिया है। मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा मंगलवार को यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ट्रेन संख्या 09183/09184 मुंबई सेंट्रल-वाराणसी साप्ताहिक एसी स्पेशल को अछनेरा और आगरा फोर्ट स्टेशनों के बजाय ईदगाह आगरा स्टेशन पर ठहराव प्रदान किया जाएगा। ट्रेन संख्या 09183 मुंबई सेंट्रल-वाराणसी साप्ताहिक एसी स्पेशल को ईदगाह आगरा स्टेशन पर ठहराव प्रदान किया गया है। यह ट्रेन ईदगाह आगरा स्टेशन पर 1745 बजे पहुंचेगी और 1750 बजे प्रस्थान करेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09184 वाराणसी-मुंबई सेंट्रल साप्ताहिक एसी स्पेशल को ईदगाह आगरा स्टेशन पर ठहराव प्रदान किया गया है। यह ट्रेन ईदगाह आगरा स्टेशन पर 0735 बजे पहुंचेगी और 0740 बजे प्रस्थान करेगी।

बैठक | *मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट की बैठक में 13 अन्य प्रस्तावों को मंजूरी दी गई*

# निवेश आकर्षित करने के लिए मुख्यमंत्री की अगुवाई में स्पेन-स्वीडन जाएगी झारखंड की टीम

**रांची,** 8 अप्रैल (एजेंसियां)। निवेशकों और उद्यमियों को झारखंड में निवेश के लिए आकर्षित करने और उन्हें प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार की एक उच्चस्तरीय टीम 19 अप्रैल से 26 अप्रैल तक स्वीडन और स्पेन का दौरा करेगी।

विदेश यात्रा के प्रस्ताव को को कैबिनेट ने स्वीकृति प्रदान कर दी। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट की बैठक में 13 अन्य प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बताया गया है कि दो देशों में राज्य सरकार की उच्चस्तरीय टीम का यह दौरा झारखंड में रोजगार के अवसर पैदा करने और पूंजी निवेश को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विदेश जाने वाली टीम में नगर विकास एवं आवास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू, मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, उद्योग सचिव अरवा राजकमल और उद्योग निदेशक सुशांत गौरव शामिल रहेंगे। यह टीम दोनों देशों की सरकारों, उद्योग जगत की हस्तियों और संस्थाओं के साथ बातचीत करेगी। एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय के अनुसार, झारखंड में डीजल की थोक खरीदारी पर वैट (वैल्यू एडेड टैक्स) को 22 फीसदी से घटाकर 15 प्रतिशत कर दिया गया है। इससे राज्य में माइनिंग एवं औद्योगिक क्षेत्र की कंपनियों को सीधा लाभ होगा। इसके साथ ही, सरकार के वाणिज्य कर विभाग को अनुमान है कि वैट की दर में कमी होने से डीजल की बिक्री में खासा इजाफा होगा और इससे प्रतिवर्ष राज्य को इस मद में 100 करोड़ रुपए का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होने की उम्मीद है।

राज्य की खनन कंपनियां और औद्योगिक इकाइयां अक्सर झारखंड की बजाय उत्तर प्रदेश, बंगाल और ओडिशा से डीजल की खरीदारी करती रही हैं, क्योंकि उन राज्यों में वैट की दरें अपेक्षाकृत कम हैं। संभावना है कि झारखंड में वैट दर कम होने से यहां काम करने वाली कंपनियां ट्रांसपोर्टिंग में होने वाले खर्च को बचाने के लिए स्थानीय स्तर पर इसकी खरीदारी करेंगी। कैबिनेट ने राज्य के कॉलेजों में पढ़ने वाले छात्रों के लिए झारखंड ग्रासरूट्स इनोवेशन इंटर्नशिप नामक योजना को स्वीकृति दी है।

गर्मी की छुट्टियों के दौरान कराई जाने वाली इस इंटर्नशिप प्रोग्राम के लिए 17,830 छात्र चुने जाएंगे, जिन्हें 10 हजार रुपए की छात्रवृत्ति दी जाएगी। छात्र राज्य भर की ग्राम पंचायतों में जाकर इंटर्नशिप ट्रेनिंग लेंगे।



**दो देशों में राज्य सरकार की उच्चस्तरीय टीम का यह दौरा झारखंड में रोजगार के अवसर पैदा करने और पूंजी निवेश को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है : हेमंत सोरेन**

देशबन्धु

बिलासपुर, बुधवार 9 अप्रैल 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



## ट्रम्प की जिद से शेयर बाजार तबाह

शासक जिद्दी और अहंकारी हो तो वह तबाही लाता ही है; पर यदि वह अमेरिका जैसे देश का हो तो बर्बादी वैश्विक ही होगी, इसे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने साबित कर दिखाया है। उनके द्वारा छेड़े गये 'टैरिफ़ वॉर' ने अनेक देशों के शेयर मार्केट में बड़ी तबाही मचा दी है। जिन देशों की इकानॉमी ठोस मजबूती लिये हुए है, वहां तो इसका असर कम है लेकिन भारत जैसे देश में, जिसकी अर्थव्यवस्था आंकड़ों में तो भीमकाय है लेकिन पिछले कुछ समय से अनेक सेक्टरों में पिछड़ने और लोगों की आय में भारी गिरावट के कारण वह इस सुनामी का मुकाबला करने में नाकाम दिखाई देती है। सोमवार को जैसे ही शेयर बाजार खुला, उसमें वैश्विक घटनाक्रम का असर दिखा। कई देशों के खिलाफ़ अमेरिका द्वारा अपनाई गई 'रेसिप्रोकेल टैरिफ़' नीति से आई अनिश्चितता से भारत के शेयर बाजार में बड़ी गिरावट दर्ज हुई। सेंसेक्स एवं निफ़्टी दोनों में ही ऐसी बड़ी गिरावट देखी गयी कि इस दिन को 'ब्लैक मंडे' का नाम दिया गया। बताया गया है कि शेयर मार्केट के अब तक के 5 सबसे बुरे दिनों में सोमवार का शुमार हो गया। हालांकि मंगलवार को आंशिक रिकवरी देखी गयी परन्तु आशंका है कि निवेशकों का बुरा दौर जल्दी खत्म नहीं होगा।

शेयर मार्केट के जानकारों के साथ अर्थशास्त्रियों का कहना है कि भारतीय शेयर बाजार इसलिये जल्दी उठ नहीं पायेगा क्योंकि ट्रम्प ने जिन देशों पर सबसे ज्यादा टैरिफ़ ठोंका है, उनमें भारत भी है। चूंकि वैश्विक अर्थप्रणाली में कहीं भी होने वाली घटनाएं समग्र रूप से सभी देशों पर असर डालती है, विभिन्न देशों के साथ ट्रम्प का यह व्यवहार भारत पर भी असर डाल रहा है। ट्रम्प के इस कदम का अच्छा मुकाबला चीन कर रहा है इसलिये वह दुनिया भर के व्यवसायियों के लिये आशा का नया केन्द्र बनकर उभर रहा है। वैसे तो बौखलाये ट्रम्प ने चीन पर 50 प्रतिशत का टैरिफ़ लागू करने की धमकी दी है लेकिन माना जाता है कि चीन का मैन्युफेक्चरिंग सेक्टर इतना मजबूत है कि वह आसानी से अमेरिका को झेल जायेगा। समस्या भारत जैसे देश के लिये है जिसने अपने औद्योगिक आधार को बहुत कमजोर कर दिया है।

किसी भी महत्वपूर्ण मौकों पर भारत सरकार की चुप्पी इस बार भी दिखाई दे रही है। टैरिफ़ वॉर से देश कैसे निपटेगा और सरकार इस दिशा में क्या कर रही है, इसे लेकर वित्त मंत्रालय कोई संकेत नहीं दे रहा है। इससे भारतीय बाजार में आशंका के साथ घबराहट होनी स्वाभाविक है। विदेशी निवेशक भारतीय शेयर बाजार में लाभ के प्रति बहुत आश्वस्त नहीं हैं। विशेषज्ञों की मानें तो वे लम्बे समय तक भारतीय बाजारों के उठने का इंतज़ार नहीं करेंगे। यदि विदेशी निवेशक टूटते हैं तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की अर्थव्यवस्था में लोगों का भरोसा खत्म होते वक्त नहीं लगेगा। इससे रिकवरी की प्रक्रिया और धीमी हो जायेगी। सरकार को बाजार के बचाव से सम्बन्धित कदम तुरन्त घोषित करने होंगे। फिलहाल तो लगता है कि सरकार ने शेयर बाजार तथा स्थानीय निवेशकों को उनके हाल पर छोड़ दिया है। वैसे भी पिछले लगभग 9 महीनों में शेयर बाजार बेहद कमजोर हुआ है। कई दिन ऐसे आये हैं जब निवेशकों ने एक-एक दिन में लाखों करोड़ों रुपये गंवाए हैं।

याद हो कि 2024 के लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोगों से जमकर शेयर खरीदने का आग्रह किया था। उनका कहना था कि 4 जून (2024) को निकलने वाले नतीजों में भारतीय जनता पार्टी व उसके नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस को 400 से ज्यादा सीटें मिलने जा रही हैं जिससे निवेशकों को खूब फायदा होगा। इसके कारण लोगों ने जमकर खरीदारी की थी- खासकर उन कम्पनियों के शेयरों की जो भाजपा सरकार के नज़दीकी लोगों की है। परिणाम विपरीत निकले। शेयर बाजार ऐसा धड़ाम हुआ कि निवेशकों की जेबें खाली हो गयीं। धूर्त कारोबारियों ने बेहतर वक्त भी लाभ कमाया और जब बाजार गिरा तो खरीदारी करते हुए भी चांदी काटी। कुछ लोगों को लाभ पहुंचाने की मंशा ही शेयर बाजार को कमजोर कर रही है। कम्पनियों में प्रतिस्पर्धा होने से निवेशक अलग-अलग कम्पनियों में पैसे डालते थे ताकि कहीं नुकसान हो तो कहीं लाभ भी हो जाये। अब तो कुछ ही कम्पनियां हैं जो लाभ दे रही हैं। यदि उनके शेयर गिरते हैं तो निवेशकों का पैसा डूबना लाजिमी है। ऐसा इसलिये क्योंकि सरकार थोड़े से कारोबारियों को प्रश्रय दे रही है। वे ही लाभ कमा रहे हैं और उनकी ही कम्पनियां अच्छा वित्तीय प्रदर्शन करती है। वे ही मार खा जायें तो निवेशकों को नुकसान तो होना ही है।

सरकार जब मुट्ठी भर व्यवसायियों को प्रश्रय देगी तो पूरा व्यवसाय जगत और सारा का सारा शेयर बाजार कुछ ही कम्पनियों पर निर्भर हो जाता है। यही हो रहा है। ऐसे नुकसान से शेयर बाजार को बचाना हो तो सरकार को कम्पनियों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का माहौल बनाना होगा। चंद कारोबारियों को संरक्षण व प्रोत्साहन देकर वह उन्हें चाहे अमीर बना रही हो परन्तु इससे ऐसी मजबूत अर्थव्यवस्था नहीं बन सकती जो बाहरी हलचलों से हिल जाये। दरअसल, इस सरकार के पास अर्थशास्त्र की अच्छी समझ रखने वाले लोगों की बेहद कमी है। फिर, मोदीजी जैसे शासक अपने अदूरदर्शी कदमों से अर्थव्यवस्था को और भी कमजोर किये दे रहे हैं। उनके द्वारा लायी गयी नोटबंदी और जीएसटी से देश अब तक उबरा नहीं है। देखना होगा कि शेयर बाजार में आई नयी सुनामी भारत का और कितना नुकसान करती है।

# खतरनाक शिगूफा है 'एक राष्ट्र-एक संस्कृति'

अखंड भारत' राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का सबसे पुराना और प्रिय सपना है, जो भाजपा के सत्ता में आने के बाद से खूब देखा जा रहा है। संघ के मुखिया के भाषण से लेकर स्वयंसेवकों की व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी तक में यह 'हसीन सपना' छाया रहता है। हालांकि यह और बात है कि इस सपने को साकार करने का ब्लू प्रिंट किसी के पास नहीं है। हां, जो भारत अभी विद्यमान है उसे खंड-खंड करने के नारे और कार्यक्रम संघ और भाजपा के पास खूब है, जिसके जरिये वे देश के आम आदमी को हलाकान किए हुए हैं।

संघ का ऐसा ही एक नारा है- 'एक राष्ट्र-एक संस्कृति', जो पिछले दिनों बेंगलुरू में संघ की तीन दिवसीय अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक में दोहराया गया। बैठक के बाद संघ के दूसरे नंबर के पदाधिकारी यानी सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने कहा कि 'एक राष्ट्र-एक संस्कृति' की पहल इसलिए की गई थी ताकि देश के लिखित इतिहास की गड़बड़ियों को ठीक किया जा सके और एक सद्भाव वाला भारत बनाया जा सके। संघ की बैठक खत्म होने के एक दिन बाद 24 जनवरी को उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि-अब समय आ गया है कि 'एक राष्ट्र-एक संस्कृति' के विचार को आगे बढ़ाया जाए।

वैसे 'एक राष्ट्र-एक कुछ भी', यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के माथे पर सवार पुराना फितूर है। 'एक राष्ट्र-एक कर' यानी जीएसटी से शुरू करके 'एक राष्ट्र-एक चुनाव', एक देश-एक राशनकार्ड और 'एक देश-एक नागरिक संहिता' तक उनकी सरकार ने ऐसे अनेक नारे उछाले हैं।' यह अलग बात है कि भारत जैसे विशाल और विविधता से भरे देश में हर नागरिक के लिए सब कुछ एक जैसा करना बिल्कुल नामुमकिन है। जीएसटी से भी कहां एक कर की व्यवस्था बन सकी। जीएसटी में ही पांच किस्म के कर लगते हैं और उसके अलावा कम से कम एक दर्जन किस्म के कर अलग से लगते हैं।

बहरहाल अब च्एक राष्ट्र-एक संस्कृति' का शिगूफा उछाल कर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी इस फितूर में शामिल हो गया है। हालांकि संघ का यह फितूर नया नहीं है। कोई नौ साल पहले 2016 में संघ के भाष्यकार एमजी (माधव गोविंद) वैद्य ने 'एक राष्ट्र-एक संस्कृति' शीर्षक से एक लेख लिखा था, जिससे इस अवधारणा पर विचार आगे बढ़ा। उन्होंने लिखा था कि- देश के लिए एक भाषा या एक धर्म की बजाय एक साझा मूल्य प्रणाली की जरूरत है।

सवाल है कि क्या संघ इस साझा मूल्य प्रणाली को ही एक संस्कृति मानता है? इससे बड़ा प्रश्न संस्कृति का है। क्या भारत एक संस्कृति या एक साझा मूल्य प्रणाली वाला देश हो सकता है? हकीकत यह है कि इतिहास में कोई कालखंड ऐसा नहीं रहा है, जब भारत भूमि पर एक साझा मूल्य प्रणाली रही हो। तो फिर अब कैसे यह विचार सामने लाया जा रहा है?

भारत कभी भी एक संस्कृति वाला देश नहीं रहा है। आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ने भारत को अनेक च्संस्कृतियों का समुच्चय' कहा है। वे मानते थे कि भारत की सभ्यता का निर्माण कई संस्कृतियों के मेल से हुआ है ये संस्कृतियां एक दूसरे से भिन्न भी हैं। इसीलिए उन्होंने भारत की सभ्यता को 'विरूद्धों में सामंजस्य' साधने वाला कहा है।

इसीलिए जब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 'एक राष्ट्र-एक संस्कृति' की बात करता है तो हैरानी होती है। संघ भले ही खुद को सांस्कृतिक संगठन बताता हो और अपने को भारतीय संस्कृति का आधिकारिक भाष्यकार भी मानता हो, लेकिन उसे यह समझना अभी बाकी है कि भारत एक संस्कृति वाला देश न तो कभी था और न कभी हो सकता है। संस्कृति और सभ्यता के अंतर को लेकर भी उसकी समझ संदिग्ध मालूम होती है।

पांच हजार साल की भारतीय सभ्यता अगर आज तक अपनी निरंतरता बनाए रख सकी है तो इसकी वजह यही है कि इस दौरान यहां अनेक संस्कृतियां नष्ट हुईं और नई संस्कृतियों का जन्म हुआ लेकिन वे सभ्यता के विशाल समूह का हिस्सा बनी रहीं। वैसे भी भारत जैसे देश में एक संस्कृति की बात कैसे सोची जा सकती है, जहां कोस-कोस पर पानी और दो कोस पर बानी बदलने की बात कही जाती हो।

पानी और बानी बदलने के साथ ही संस्कृति के कई तत्व भी बदलते जाते हैं। भारत में सैकड़ों भाषाएं और हजारों बोलियां हैं। हर बोली के साथ उसकी अपनी संस्कृति जुड़ी हुई है। हर भाषा और बोली के साथ उसके अपने त्योहार और परंपराएं जुड़ी हुई हैं। यहां तक कि धार्मिक मान्यताएं भी भौगोलिक क्षेत्र के हिसाब से बदल जाती हैं। इस लिहाज से कह सकते हैं कि संस्कृति एक व्यापक अवधारणा का एक बहुत छोटा हिस्सा है।

भारत में कितनी सामाजिक भिन्नताएं हैं, कितनी परंपराएं हैं, कितनी मान्यताएं और कितने लोक व्यवहार हैं, कितनी भाषाएं और कितनी बोलियां हैं, किस तरह के खान-पान और पहनावे की भिन्नता है, यह सब बातें प्रख्यात समाजशास्त्री एमएन श्रीनिवास या श्यामाचरण दुबे की किताबों को पढ़कर भी समझा जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया है कि ये सारी भिन्नताएं अलग-अलग संस्कृतियों को जन्म देती हैं।

क्या किसी को यह बताने की जरुरत है विवाह से लेकर अंतिम संस्कार तक की कितनी विधियां इस देश में प्रचलित है? अकेले हिंदू धर्म में कितनी तरह की पूजा पद्धतियां हैं, कितनी तरह की विवाह संस्कृति है और कितनी तरह की अंतिम संस्कार की विधियां है? एमएन श्रीनिवास ने 'यादों से रचा एक गांव' में लिखा है कि कर्नाटक में मैसूर के इलाके में हिंदुओं, खास कर सवर्णों में मामा और भांजी या ममेरे और फुफुरे भाई-बहनों के बीच विवाह को श्रेष्ठ माना जाता है। क्या उत्तर भारत के किसी राज्य में हिंदू खास कर सवर्ण हिंदू परिवार में इस तरह के विवाह की बात सोची भी जा सकती है?



अनिल जैन

> वैसे 'एक राष्ट्र-एक कुछ भी', यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के माथे पर सवार पुराना फितूर है। 'एक राष्ट्र-एक कर' यानी जीएसटी से शुरू करके 'एक राष्ट्र-एक चुनाव', एक देश-एक राशनकार्ड और 'एक देश-एक नागरिक संहिता' तक उनकी सरकार ने ऐसे अनेक नारे उछाले हैं।' यह अलग बात है कि भारत जैसे विशाल और विविधता से भरे देश में हर नागरिक के लिए सब कुछ एक जैसा करना बिल्कुल नामुमकिन है।

कर्नाटक के लिंगायत समुदाय में लोगों को मृत्यु के बाद दफनाने का रिवाज है। विवाह और अंतिम संस्कार से अलग अगर पूजा पद्धति की बात करें तो बिहार, उत्तर प्रदेश से लेकर देश के बड़े हिस्से में नवरात्रि मनाई जाती है जिसमें शुद्ध शाकाहारी खान-पान होता है, जबकि पश्चिम बंगाल में तीन दिन के दुर्गापूजा उत्सव में बलि होती है और वध किए गए पशु का मांस ही देवी का प्रसाद होता है। बलि की यह परंपरा बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश और असम जैसे कुछ अन्य राज्यों में भी है। सवाल है कि क्या शाक्त, शैव और वैष्णव परंपराओं को मिला कर एक बनाने की बात की जा सकती है? पिछले कुछ समय से समूचे देश पर जबरदस्ती वैष्णव परम्परा लादने का प्रयास हो रहा है। क्या एक संस्कृति की बहस उसी का हिस्सा है?

बहरहाल, जब हिंदू समुदाय के अंदर ही आप विवाह और अंतिम संस्कार की साझा पद्धति नहीं बना सकते है, खानपान और पहनावे की साझा पद्धति विकसित नहीं कर सकते हैं, पूजा पद्धति को एक जैसा नहीं बना सकते हैं तो यह उम्मीद कैसे कर सकते हैं कि जिस देश में दुनिया के लगभग हर धर्म के लोग रहते हैं, उनकी एक जैसी संस्कृति बना दे? देश में मुस्लिम दूसरा बड़ा और ईसाई तीसरा बड़ा धार्मिक समुदाय है। दोनों समुदायों के विभिन्न फिरके भारत में रहते हैं, जिनकी अपनी अलग-अलग मान्यताएं है। उन्हें कैसे एक किया जा सकेगा?

उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता बन कर लागू हुई लेकिन आदिवासियों उससे बाहर रखा गया। क्योंकि उनकी संस्कृति बिल्कुल अलग है और ऐसा नहीं है कि देश की समूची आदिवासी आबादी की एक जैसी संस्कृति है। उनके अंदर भी संस्कृतियों की भिन्नता है। हर राज्य में हर अंचल के आदिवासियों के सामाजिक रीति-रिवाज एक दूसरे से भिन्न हैं।

दरअसल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राष्ट्रवाद को संस्कृति से जोड़ना चाहता है जो कि एक निहायत अव्यावहारिक और विनाशकारी सोच है। जिस तरह एक संविधान, एक राष्ट्रगान, एक राष्ट्रगीत, एक राष्ट्रीय झंडा आदि बना दिया गया है, उसी तरह एक संस्कृति नहीं बनाई जा सकती। किसी भी उपवन की सुंदरता उसमें खिलने वाले फूलों की विविधता में ही निहित होती है। भारत भी एक ऐसा ही उपवन है जिसमें तरह-तरह की संस्कृति रूपी फूल खिल रहे हैं। यह इसी रूप में रहेगा तो ही इसकी सुंदरता और निरंतरता बनी रह पाएगी, अन्यथा तो इस भारत रूपी एकवचन को बहुवचन होने से कौन रोक सकता है?

**(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं)**

# कम्युनिस्ट आंदोलन के पुनर्जीवन की ओर

भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) यानी सीपीएम, देश की सबसे बड़ी कम्युनिस्ट पार्टी है। स्वाभाविक रूप से उसकी 24वीं राष्ट्रीय कांग्रेस ने देश का ध्यान अपनी ओर खींचा है। यह राष्ट्रीय कांग्रेस 2 से 6 अप्रैल तक, तमिलनाडु में मदुरै शहर में संपन्न हुई। कम्युनिस्ट पार्टी की राष्ट्रीय कांग्रेस, पार्टी का सर्वोच्च निकाय होती है। पार्टी कांग्रेस के माध्यम से ही, कम्युनिस्ट पार्टी अपनी राजनीतिक-कार्यनीतिक-सांगठनिक रीत-नीति और दिशा तय करती है, जिसका अगली पार्टी कांग्रेस तक की अवधि में पार्टी को अनुसरण करना होता है। और इस रीति-नीति तथा दिशा के निर्णय की प्रक्रिया में कम्युनिस्ट पार्टी, अपनी कतारों की व्यापक से व्यापक हिस्सेदारी सुनिश्चित करती है। यह दो स्तरों पर किया जाता है। पहला, पार्टी कांग्रेस की तैयारियों के हिस्से के तौर पर, सबसे निचले स्तर पर पार्टी इकाइयां से होते हुए, उत्तरोत्तर विभिन्न स्तरों की समितियों से होते हुए, राज्य समितियों के स्तर तक, निचले स्तर से चुनकर आए प्रतिनिधियों की हिस्सेदारी के साथ सम्मेलनों के जरिए। इन सम्मेलनों के माध्यम से हरेक स्तर के काम-काज की आत्मलोचनात्मक समीक्षा की जाती है और आने वाले सम्मेलन तक के लिए दिशा तय की जाती है तथा नेतृत्व का चुनाव किया जाता है। इसी प्रक्रिया में राज्य सम्मेलनों में चुने गए प्रतिनिधि ही, पार्टी की समूची सदस्य संख्या के प्रतिनिधियों के रूप में, राष्ट्रीय कांग्रेस में हिस्सा लेते हैं और तमाम निर्णय लेते हैं।

कम्युनिस्ट पार्टी की रीति-नीति तय करने में आम पार्टी सदस्यों की भागीदारी सुनिश्चित करने का दूसरा तरीका है, पार्टी कांग्रेस में पेश किए जाने के लिए, आने वाली अवधि के लिए राजनीतिक-सांगठनिक नीति-दिशा के प्रस्तावक दस्तावेजों पर, पूरी पार्टी की रायजनी सुनिश्चित करना। यह सुनिश्चित करने के लिए, सीपीएम के संविधान में यह प्रावधान किया गया है कि पार्टी की राजनीतिक-कार्यनीतिक दिशा का प्रस्ताव करने वाला मुख्य राजनीतिक प्रस्ताव, प्रस्तावित पार्टी कांग्रेस से कम से कम दो महीने पहले समूची पार्टी में बहस के लिए जारी किया जाएगा। सीपीएम का नेतृत्व सिर्फ इस महत्वपूर्ण राजनीतिक प्रस्ताव के मसौदे को सार्वजनिक रूप से जारी करने में ही अपने कर्तव्य की इतिश्री नहीं मान लेता है। देश की प्राय: सभी प्रमुख भाषाओं में राजनीतिक प्रस्ताव के मसौदे का अनुवाद कर, उसे आम पार्टी सदस्यों को उपलब्ध कराया जाता है और पार्टी सदस्यों को इस पर चर्चा करने और अपने संशोधन प्रस्ताव व सुझाव भेजने के लिए प्रोत्साहित-प्रेरित किया जाता है। इसी का नतीजा है कि इस प्रक्रिया में सैकड़ों नहीं हजारों की संख्या में संशोधन के प्रस्ताव व सुझाव, पार्टी के नेतृत्वकारी निकायों तक पहुंचते हैं। सीपीएम की 24वीं कांग्रेस के राजनीतिक प्रस्ताव के मसौदे में भी, चार हजार से जरा से कम संशोधन के प्रस्ताव आए थे।

पार्टी की कतारों से आए इन संशोधन प्रस्तावों/ सुझावों की रौशनी में, जो पार्टी की कतारों के अनुभवों व विचारों को विचार की समग्र प्रक्रिया में शामिल करते हैं, कांग्रेस के लिए राजनीतिक प्रस्ताव के मसौदे को अंतिम रूप दिया जाता है। राजनीतिक प्रस्ताव का इस तरह संशोधित मसौदा ही, पार्टी कांग्रेस के लिए देश भर से निर्वाचित होकर आए प्रतिनिधियों के सामने पेश किया जाता है। पुन: इन प्रतिनिधियों के बीच बेबाक बहस के बाद और इस पार्टी कांग्रेस के दौरान इन प्रतिनिधियों द्वारा रखे गए संशोधन प्रस्तावों पर विचार किए जाने और संशोधनों के इस अंतिम चक्र के बाद, जनतांत्रिक तरीके से प्रतिनिधिगण मसौदे पर अंतिम रूप से अपनी राय देते हैं और इसे मसौदे से राजनीतिक प्रस्ताव के रूप में तब्दील करते हुए, अगली कांग्रेस तक के लिए पार्टी के दिशासूचक के रूप में अंगीकार करते हैं। कहने की जरूरत नहीं है कि एक राजनीतिक पार्टी की रीति-नीति तय करने में यह विशद जनतांत्रिकता, कम्युनिस्ट पार्टी की ही अनोखी विशेषता है। पूंजीवादी पार्टियों में, जनतंत्र की निष्ठा की सारी बतकही के बावजूद, ऐसी गहरी वैचारिक जनतांत्रिकता की कोई गुंजाइश ही नहीं होती है।

कम्युनिस्ट पार्टी में अपनी अंदरूनी रचना में जनतांत्रिकता पर इतना जोर, इसलिए देती है कि अन्य पार्टियों से गुणात्मक रूप से भिन्न कम्युनिस्ट पार्टी के लिए, वैचारिक एकता ही उसे बांधकर रखने वाला सीमेंट होती है। उद्येश्यों, आदर्शों और रीति-नीति की एकता ही, कम्युनिस्ट पार्टी की प्रहार शक्ति का असली आधार होती है। और हरेक पार्टी कांग्रेस के गिर्द चलायी जाने वाली वैचारिक एकीकरण की यह विशद प्रक्रिया, एक निश्चित अवधि पर, पार्टी की कतारों की इस वैचारिक एकता का नवीकरण करने का काम करती है। इसी सिलसिले में, सीपीएम की 24वीं कांग्रेस का सर्वसम्मति से राजनीतिक प्रस्ताव को स्वीकार करना, वर्तमान हालात की समझ और इन हालात के बीच से मजदूर वर्ग के आंदोलन को आगे ले जाने के लिए आवश्यक राजनीतिक-कार्यनीति पर, पार्टी में व्यापक एकता को प्रतिबिंबित कर रहा था।

वास्तव में यह एकता सिर्फ सीपीएम की अपनी कतारों तक ही सीमित नहीं थी। इस पार्टी कांग्रेस के उद्घाटन सत्र में हिस्सा लेते हुए, देश की चार अन्य प्रमुख वामपंथी पार्टियों के शीर्ष नेताओं ने भी, व्यवहारत: इसी राजनीतिक-कार्यनीति पर अपनी सहमति जतायी थी। इनमें सीपीआई, सीपीआई (एमएल)-लिबरेशन, आरएसपी और फॉरवर्ड ब्लाक के महासचिव शामिल थे, जिन्होंने सीपीएम की कांग्रेस के लिए शुभकामना संदेश देते हुए, आज की मुख्य चुनौतियों तथा उनका मुकाबला करने के लिए कार्यनीति की समझदारी की इस एकता को, रेखांकित किया था।

देश के लगभग समूचे वामपंथ की इस समझ का सार यही है कि देश के पैमाने पर, आज सबसे बड़ी चुनौती, भाजपा-आरएसएस के नेतृत्व में हिंदुत्ववादी सांप्रदायिकता और कारपोरेट के गठजोड़ की चुनौती है। आज नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सत्ता पर काबिज यह गठजोड़ जनविरोधी है, जनतंत्रविरोधी है, धर्मनिरपेक्षता तथा संघवाद जैसी हमारे संविधान की बुनियादी विशेषताओं का विरोधी है। आज जबकि यह गठजोड़ सीपीएम की समझ के अनुसार फासीवादी विशेषताओं का प्रदर्शन कर रहा है, सबसे पहला काम यह है कि इसके खिलाफ तमाम धर्मनिरपेक्ष तथा जनतांत्रिक शक्तियों को एकजुट किया जाए, ताकि इस गठजोड़ को अलग-थलग किया जा सके और उसे सत्ता से बाहर किया जा सके। इसके लिए जहां तक संभव हो चुनाव में धर्मनिरपेक्ष तथा जनतांत्रिक शक्तियों के वोट का एकजुट किया जाना आवश्यक है। यहां तक तो तमाम वामपंथी ताकतें ही नहीं, उनके साथ ही अधिकांश धर्मनिरपेक्ष ताकतें भी एकजुट हैं। इसी एकता की अभिव्यक्ति, पिछले साल आम चुनाव के समय कायम हुए इंडिया गठबंधन में हो रही थी, जिसने सत्ताधारी गठजोड़-विरोधी वोटों को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी और संघ-भाजपा के मंसूबों को, उन्हें साधारण बहुमत से नीचे रोककर, एक हद तक विफल भी किया था।

यह लड़ाई कोई पिछले आम चुनाव के साथ खत्म नहीं हो गयी है। सिर्फ वामपंथ ही नहीं, तमाम जनतांत्रिक तथा धर्मनिरपेक्ष ताकतें भी इस पर एकजुट नजर आती हैं कि आम चुनाव में लगे धक्के के बावजूद, मोदी के नेतृत्व में सत्ताधारी हिंदुत्ववादी सांप्रदायिकता और कारपोरेटों का गठजोड़ उसी जनतंत्रविरोधी तानाशाहीपूर्ण, सांप्रदायिक मनुवादी, संघवादविरोधी रास्ते पर चल रहा है। इसलिए, उसके खिलाफ तमाम जनतांत्रिक तथा धर्मनिरपेक्ष ताकतों की एकता, आज भी वक्त की उतनी ही बड़ी जरूरत है।

बहरहाल, वामपंथी ताकतें विशेष रूप से इसके प्रति जागरूक हैं कि हिंदुत्ववादी सांप्रदायिकता और कारपोरेट के गठजोड़ को, जिसका प्रतिनिधित्व आज मोदी निजाम करता है, सिर्फ चुनाव के माध्यम से नहीं हराया जा सकता है। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि इस गठजोड़ की जनविरोधी नीतियों से तबाह हो रही मेहनतकश गरीब जनता के ही विशाल हिस्से, उसके हिंदुत्ववादी पैंतरों में आ जाते हैं और इस तरह कारपोरेटों के हाथों अपनी तबाही का सामान खुद ही मुहैया कराने लगते हैं। इसलिए, यह और भी जरूरी हो जाता है कि मेहनतकशों को उनके, रोजी-रोटी तथा न्यूनतम अधिकारों के लिए बढ़ते हुए संघर्षों के लिए गोलबंद करने के जरिए, मौजूदा निजाम की नीतियों तथा करतूतों को चुनौती दी जाए और इस सत्ताधारी गठजोड़ के जन-समर्थन में सेंध लगायी जाए। यह दूसरी बात है कि कम्युनिस्ट इस संबंध में भी काफी सचेत हैं कि हिंदुत्व की राजनीति को, सिर्फ रोजी-रोटी के संघर्षों के लिए मेहनतकशों को गोलबंद करने के प्रयासों के जरिए नहीं रोका जा सकता है बल्कि इसके साथ ही साथ, मेहनतकश गरीबों को विचारधारात्मक प्रचार से लेकर, संस्कृति के जरिए संस्कारों तक के माध्यम से, इस सांप्रदायिक राजनीति के खिलाफ चेतनाशील भी बनाना होगा। इन दोनों के योग से ही इस दैत्य को हराया जा सकता है, उसके बिना नहीं।

सीपीएम ठीक इसी योग के रास्ते में, अपने पुनर्जीवन की दिशा देख रही है। बेशक, पिछले करीब डेढ़ दशक के दौरान संसद में और आम जन-समर्थन के स्तर पर भी, सीपीएम की तथा आम तौर पर वामपंथ की भी, ताकत काफी घटी है। वामपंथ की ताकत में यह कमी तब और भी ज्यादा आंखों में गड़ने लगती है, जब हम सौ साल बाद वामपंथ की इस दशा को, शताब्दी वर्ष में ही आरएसएस की कामयाबी के साथ रखकर देखते हैं।

बहरहाल, आरएसएस और उसका राजनीतिक बाजू, भाजपा अब अपने बढ़ाव के पठार पर पहुंच गए हैं, जहां से वे नीचे ही उतर सकते हैं। जाहिर है कि उनके राज की नीतियों से आम जनता का बढ़ता असंतोष, इसका एक बड़ा कारण साबित होगा। दूसरी ओर, मेहनतकश जनता का यह बढ़ता असंतोष ही, कम्युनिस्टों के नेतृत्व में मेहनतकशों के संघर्षों में ढलकर, उनकी ताकत बढ़ाने का साधन बनेगा। सीपीएम की 24वीं कांग्रेस का ठीक यही इशारा है कि पार्टी, इस बढ़ते प्रवाह को पहचान रही है और इसके सहारे अपनी नौका आगे बढ़ाने के लिए, संगठन के पाल और चप्पू तैयार करने की जरूरत भी पहचान रही है।



राजेन्द्र शर्मा

> कम्युनिस्ट पार्टी में अपनी अंदरूनी रचना में जनतांत्रिकता पर इतना जोर, इसलिए देती है कि अन्य पार्टियों से गुणात्मक रूप से भिन्न कम्युनिस्ट पार्टी के लिए, वैचारिक एकता ही उसे बांधकर रखने वाला सीमेंट होती है। उद्येश्यों, आदर्शों और रीति-नीति की एकता ही, कम्युनिस्ट पार्टी की प्रहार शक्ति का असली आधार होती है।

**(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**



## ललित सुरजन की कलम से

### नई संभावनाएं?

'मैं नहीं जानता कि मेरा अनुमान किस सीमा तक सही निकलेगा, लेकिन इन दिनों जो राजनीतिक गतिविधियां चल रही हैं उन्हें देखकर संभावना बनती है कि सोलहवीं लोकसभा के चुनावों के साथ भारत की राजनीति में एक बिल्कुल नई तरह की शुरुआत होगी। ध्यान रहे कि मैं यह बात एक व्यापक पृष्ठभूमि में कर रहा हूं और इसमें किसकी जीत होगी या कौन प्रधानमंत्री बनेगा, इसकी कोई चर्चा फिलहाल मैं नहीं कर रहा हूं।'

'सबसे पहले दलबदल की ही बात क्यों न की जाए! अलमोड़ा, भिण्ड, भुवनेश्वर, पटना और न जाने कहां-कहां से महारथी समझे जाने वाले नेताओं के एक पार्टी छोड़कर दूसरी पार्टी में जाने की खबरें मिल रही हैं। अल्मोड़ा से भाजपा ने बच्ची सिंह रावत को टिकट नहीं दिया तो उन्होंने पार्टी छोड़ दी। पटना में राज्यसभा सदस्य रामकृपाल यादव लोकसभा का टिकट न मिलने से लालू प्रसाद से खफा हो गए। ओड़िशा विधानसभा में विपक्ष के नेता भूपेन्द्र सिंह ने ही पार्टी छोड़ दी और बीजद में शामिल हो गए। इस मामले में कीर्तिमान स्थापित किया मध्यप्रदेश ने। पिछले साल विधानसभा में कांग्रेस के उपनेता चौधरी राकेश सिंह ने सदन के भीतर ही दलबदल किया। उनके बाद होशंगाबाद के लोकसभा सदस्य उदयप्रताप सिंह ने कांग्रेस छोड़ दी और उनके भी सिरमौर निकले भागीरथ प्रसाद। रात को कांग्रेस टिकट मिलने की घोषणा हुई, सुबह भाजपा दफ्तर माला पहनने पहुंच गए। अब उनके सामने क्या मजबूरी थी या कोई प्रलोभन, ये तो वही बता सकते हैं।'

**(देशबंधु में 13 मार्च 2014 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2014/03/blog-post_13.html

## पावन प्रसंग

### बढ़े आत्मसाधना के पथ पर

बैजनाथपुर गांव में संत वैभवदास के सप्त दिवसीय सत्संग का आज आखिरी दिवस था। सत्संग का आखिरी दिन सत्संग में पधारे साधकों व जिज्ञासुओं की आध्यात्मिक जिज्ञासाओं के समाधान के लिए निर्धारित था। जब आज सत्संग में प्रश्नोत्तर का कार्यक्रोम प्रारंभ हुआ तब एक साधक ने प्रश्न किया-

'महात्मन् ! आप कहते हैं कि सांसारिक सुख अंतत: दु:खदायी ही होते हैं, इसलिए इनके आकर्षण में मत पड़ो, पर इनके आकर्षण से कैसे बचें?'

संत वैभवदास बोले-वत्स! आत्मकल्याण की आकांक्षा रखने वाले हर साधक को यह भली भांति समझ लेना चाहिए कि भौतिक सुख क्षणिक है। भौतिक विषयभोगों को भोगने के बाद भी इंद्रियां अतृप्त ही रहती हैं। भोगों की इच्छा जितनी भी बार पूरी की जाए, वह अधूरी ही रहती है। वैसे ही जैसे अग्नि में घी की आहुतियां। जितनी बार दी जाएं, अग्नि उतनी ही अधिक और धधकती जाती है। वह अग्नि बुझने का नाम ही नहीं लेती।

महात्मन् आगे बोले-भौतिक विषयभोगों से प्राप्त सुख की सीमा है एवं उस सुख का प्रभाव तात्कालिक व क्षणिक ही होता है। इसलिए इंद्रियां पुन: उसे पाने को व्यग्र रहती हैं। सामान्य भौतिक दृष्टिसंपन्न व्यक्ति जीवन भर इंद्रियों के द्वारा वांछित व इच्छित भोगों की व्यवस्था बनाता रहता है, परंतु जिनके पास आत्मदृष्टि है, जो ज्ञानी हैं वे जानते हैं कि आत्मा से निस्सृत आनंद से ही हमें स्थायी रूप से तृप्ति मिल सकती है। इसलिए वे जीवन-निर्वाह मात्र के लिए अनासक्त भाव से भौतिक साधनों का सदुपयोग भर करते हैं और आत्मा से अलौकिक आनंद निस्सृत हो सके इस हेतु वे अपनी आत्मा में परमानंद के स्रोत परमात्मा का निरंतर ध्यान करते हैं।

कुछ रुककर उन्होंने अपनी बात आगे बढ़ाई - आत्मा में परमात्मा का निरंतर ध्यान करते-करते अंतत: आत्मा से ईश्वरीय आनंद प्रस्फुटित हो उठता है। आनंद का, परमानंद का अजस्र स्रोत उसके अंदर फूट पड़ता है।

महात्मन् ने आगे कहा- तब आत्मदृष्टिसंपन्न हो जाने के कारण उसे यह भलीभांति ज्ञात हो जाता है कि लुभावने और सुंदर दिखने वाले भौतिक विषयभोगों से मिलने वाले सुख क्षणिक होते हैं और अंतत: ये हमें दु:ख देने वाले, आसक्त करने वाले एवं कर्मबंधन में बांधने वाले होते हैं। सामान्य जन लुभावने व आकर्षक दिखने वाले विषयभोगों के दुष्परिणाम को नहीं समझ पाने के कारण उनमें फंसकर, उलझकर रह जाते हैं। वे दु:ख और बंधन में पड़ जाते हैं।

उदाहरणस्वरूप वे कहने लगे - राजकुमार सिद्धार्थ को संसार की सभी सुख-सुविधाएं उपलब्ध थीं। अपनी युवावस्था में उन्होंने उन सुख-सुविधाओं का उपयोग भी किया, पर उनकी दृष्टि भौतिक विषयभोगों से मिलने वाले क्षणिक व तात्कालिक सुखों से हटकर उन भोगों से मिलने वाले दुष्परिणाम की ओर गई। इसलिए अंतत: उन्होंने त्याग व तपस्या का मार्ग चुना। बरसों तक तप-साधना की और अंतत: आत्मबोध के रूप में अपने लिए शाश्वत सुख व परमानंद का अजस्त्र स्त्रोत अपने अंदर ही ढूंढ़ लिया।

उन्होंने आगे कहा-अस्तु मित्रो! हमें भोगों के दुष्परिणाम व उनसे मिलने वाले क्षणिक सुख पर सतत विचार करना चाहिए व शाश्वत सुख की प्राप्ति के लिए आत्मसाधना के पथ पर चल पड़ना चाहिए। तभी एक अन्य साधक ने प्रश्न किया- महात्मन् ! भौतिक सुख-साधनों के त्याग एवं तप-साधना के पश्चात भी यदि जीवन के अंत तक हमें आध्यात्मिक अनुभूति, परमानंद की अनुभूति न हो पाई तब क्या होगा? तब तो 'माया मिली न राम' जैसी बात हो जाएगी।

इस प्रश्न को सुनकर संत वैभवदास मुस्कराए और बोले-वत्स! जैसे ऊष्मा मिलते ही बरफ का पिघलना- सुनिश्चित है, वैसे ही सही माने में सही दिशा में पूर्ण श्रद्धा-विश्वास के साथ आत्मसाधना की गई तो परमानंद के रूप में उसका सुंदर परिणाम प्राप्त होना अवश्यंभावी है।

अपनी बात स्पष्ट करते हुए वे बोले- आत्मसाधना के पथ पर चलकर ही अब तक अगणित साधकों ने आत्मबोध की प्राप्त की है, परमानंद की प्राप्ति की है।

**अखण्ड ज्योति**

## आपके पत्र

### स्वतंत्रता का अतिक्रमण सामाजिक दायित्वों का हनन

वर्तमान के इस दौर में जब देश में लोकतंत्र अपनी अस्मिता बचाने की जद्दोजहद में है वहां समाज का हर नागरिक अपने लिए अधिक से अधिक अधिकारों की इच्छा रखता है ताकि पूरी स्वतंत्रता का उपभोग कर सके। इसी के फलस्वरूप हर रोज अधिकारों की बढ़ती मांग और कर्तव्य की अवहेलना से समाज में असंतुलन बढ़ता जा रहा है। वॉलटेयर जी ने इस संदर्भ में ठीक ही कहा है कि अधिकार बढ़ने के साथ-साथ समानुपातिक रूप से उत्तरदायित्व भी धीरे-धीरे बढ़ जाता है। हमें अपने अधिकारों के साथ अपनी जिम्मेदारियों का भी ज्ञान बोध होना जरूरी है। आपको ऐसा नहीं लगता है कि अधिकार तथा उत्तरदायित्व समानुपातिक है और समाज में हर व्यक्ति समुदाय के साथ संग संग चलते हैं। ऐसा कुछ है कि स्वतंत्रता और खुलेपन के संग उत्तरदायित्व जीवन की यात्रा में सहयात्री है। स्वतंत्रता या खुलेपन का अतिक्रमण किसी व्यक्ति के दायित्वों का हनन है हम जहां जिस ग्राम, नगर अथवा देश में रहते हैं वहां पर यह सुनिश्चित है कि अधिकार एवं जिम्मेदारी हमारे साथ-साथ विचरण करते दिखाई देते हैं। भारतीय संविधान में अधिकारों की मीमांसा करते हुए यह मूल रूप से माना गया है कि यहां देश में मूल अधिकारों को महत्व इसीलिए दिया जाता है कि भारतीय जनमानस का बड़ा प्रतिशत अशिक्षित है अत: संविधान अशिक्षित व्यक्तियों के लिए ज्यादा से ज्यादा स्वतंत्रता और समानता प्रदाय कर सके ताकि फिर कोई समाज या राज्य उसका हनन न कर सके, दूसरी तरफ यदि कर्तव्य की बात करें तो सदैव यह हिदायत दी जाती रही है कि भारत की जनता अधिक मात्रा में अशिक्षित हैं अत: उन्हें अपने दायित्वों का ज्ञान तथा अनुभूति नहीं होगी और दायित्व और कर्तव्यों के बीच बड़ी लक्ष्मण रेखा खिच गई है।

व्यक्ति और समाज जैसे-जैसे विकसित होता गया है और आधुनिकता के इस दौर में नागरिकों की अधिकारों की मांग बढ़ती जा रही है। हमें अधिकार धीरे-धीरे मिल भी रहे जिस तरह माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने निजता के अधिकार को मूल अधिकार की श्रृंखला में रखकर नागरिकों की स्वतंत्रता को सुरक्षित बनाने का प्रयास किया है। अब ऐसे में हमारा दायित्व बनता है कि हम अपनी निजता के अधिकार को अपने पास रखते हुए दूसरे की व्यक्तिगत स्वतंत्रता को नुकसान ना पहुंचाएं या उसकी स्वतंत्रता पर अतिक्रमण न करें, जिससे जिम्मेदारी और कर्तव्य बोध संग संग चलते रहे और सामाजिक परिवेश का कर्तव्य तथा अधिकार के बोध में सामंजस्य बना रहे। हम अपने व्यक्तिगत हित के कारण यह तथ्य विस्मित कर देते हैं कि हम एक लोकतांत्रिक राज्य के नागरिक हैं और हमें लोक कल्याण की अवधारणा को मूर्तरूप देना है जिससे कि राष्ट्र का विकास संभावित है। हम अपने आधुनिकता के चलते अपने दायित्व और मूल्यों के प्रति असावधान होते जा रहे हैं भारतीय समाज में बदलते समय के साथ नागरिक नैतिक मूल्यों की परवाह किए बगैर अपनी स्वच्छंदता एवं शक्ति के बल पर मनमानी तथा भ्रष्टाचार निरंकुशता को सर्वोपरि बनाने में लगे हुए है।

अर्थशास्त्र में कौटिल्य ने लिखा है कि जिस देश की आम जनता झोपड़पट्टी में रह रही हो उस देश के शासक प्रशासक को महलों में रहने का कोई अधिकार नहीं बनता है। यह बात उन्होंने बहुत पहले कही थी पर यह आज भी अत्यंत प्रासंगिक तथा समीचीन है।

-संजीव ठाकुर

**उल्टा पुल्टा**

लड़की- मैं अपने पापा की परी हूं.
लड़का- मैं भी अपने पापा का पारा हूं.
लड़की - पारा..? ये क्या है?
लड़का- मुझे देखते ही उनका पारा चढ़ जाता है।

# स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी की अध्यक्षता में सिम्स की स्वशासी समिति की बैठक

## बैठक में मरीजों के हित में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय

**बिलासपुर**, 8 अप्रैल (देशबन्धु)। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में 55 पद की स्वीकृति के साथ ही बजट सत्र में की गई घोषणा के अनुरूप जिले में शासकीय फिजियोथैरेपी कॉलेज खोले जाने की तैयारी करने को कहा है। स्वास्थ्य मंत्री ने आज सिम्स में स्वशासी समिति की बैठक में ये महत्वपूर्ण निर्देश दिए। सिम्स अस्पताल के बेहतर संचालन के लिए स्वशासी समिति के सामान्य सभा की बैठक में आज कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, स्वास्थ्य विभाग के सचिव अमित कटारिया, पूर्व विधायक कृष्णमूर्ति बांधी सहित समिति के सदस्य और अधिकारीगण मौजूद थे।




बैठक में स्वास्थ्य मंत्री और सिम्स स्वशासी समिति के अध्यक्ष श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि आम आदमी को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा दिलाने के लिए राज्य सरकार वचनबद्ध है। उन्होंने उदारतापूर्वक सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल को बेहतर बनाने 27 करोड़ 90 लाख रूपए और सिम्स मेडिकल कॉलेज के लिए 1 करोड़ रूपए की स्वीकृति भी दी। उन्होंने मरीजों की सुविधा के लिए अस्पताल में आवश्यकतानुसार वाटर कूलर और ए.सी. की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। सिम्स अस्पताल में 60 लाख रूपए से एसीएलएस एम्बुलेंस की स्वीकृति दी। डीन ने बताया कि सिम्स अस्पताल में वर्तमान में 3 नग बीसीएलएस एम्बुलेंस उपलब्ध है। रेडियोलॉजिस्ट की कमी के फलस्वरूप रिपोर्टिंग में विलंब को दूर करने टेलीरेडियोलॉजी के लिए अनुमति दी गई। चिकित्सालय भवन के एमआरडी, ओपीडी एवं पेयिंग वार्ड में रिनोवेशन एवं मरम्मत कार्य की स्वीकृति दी गई।

इस अवसर पर चिकित्सा शिक्षा आयुक्त श्रीमती किरण कौशल, संभागायुक्त महादेव कावरे, कलेक्टर अवनीश शरण, सिम्स के डीन डॉ. रमणेश मूर्ति सहित स्वशासी समिति के सदस्य और अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## संपादकीय

### प्रेम सम्बन्धों में हिंसा क्यों?

*लगभग हर रोज इस तरह की खबरें सुनने-पढ़ने को मिलती हैं जिनमें प्रेम सम्बन्धों के चलते हिंसा का इस्तेमाल होता है- कभी ऐसा रिश्तों की तो कभी एकतरफा प्यार के कारण। इनमें कोई एक पक्ष किसी न किसी कारण से अपने साथी की प्रताड़ना करता है या हिंसक तरीके अपनाता है। इसे टाला जाना चाहिये क्योंकि ऐसी हिंसा करने वाला हो या उसे झेलने वाला, दोनों का जीवन उसके बाद सहज नहीं रहता। देखा जाता है कि ऐसी हिंसा के बाद दोनों ही पक्ष शरीर व मन पर गम्भीर चोटें झेलते हैं। इससे लोगों के उनके जीवन और कैरियर तक बर्बाद होते पाये गये हैं। हत्याएं तक होती हैं।*

*ऐसा ज्यादातर युवावस्था के दौर से गुजरने वाले विवाहित और प्रेमी जोड़ों के साथ होता है इसलिये पालकों एवं अभिभावकों को अपने बेट-बेटियों को बढ़ती उम्र में ही सम्बन्धों की बारीकियां बतलाई जानी चाहिये। जो लोग ऐसी स्थिति की चपेट में आ ही जाते हैं, उन्हें उससे उबरने में भी मदद की जानी चाहिये। नयी जीवन शैली में जहां एक ओर युवा वर्ग मनोरंजन की दुनिया को देखकर अपने प्रेम सम्बन्धों को गढ़ना चाहता है, तो वहीं दूसरी तरफ़ परम्परागत परिवार तथा समाज से उसे अवरोध मिलते हैं। किसी एक पक्ष के इन रिश्तों से पीछे हटने पर ऐसी हिंसात्मक घटनाएं होती हैं। इस तरह की वारदातों के कई आयाम व पहलू होते हैं। यह भी नहीं कि ऐसा केवल किसी एक इलाके में होता हो। ग्रामीण क्षेत्र हों अथवा शहरी या फिर आदिवासी- सभी जगहों पर वैवाहिक जीवन से लेकर प्यार के रिश्तों में हिंसा अपनाई जाती है।*

*मैनपाट के कमलेश्वर थाना क्षेत्र के तहत आने वाले केसरा गांव में मनोज मांझी नामक एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी फूलकुंवर तथा लक्ष्मण मांझी को अलग-अलग कमरों में टांगी से काट डाला क्योंकि उसने लक्ष्मण को अपने घर में उस समय देख लिया था जब वह कुछ काम करके लौटा था। सरगुजा के लखनपुर के चुकनडांड गांव के एक युवक का कोरबा की एक नाबालिग से सम्बन्ध था। इस सिलसिले में पुलिस उससे पूछताछ कर रही थी जिसके बाद उसने फांसी लगा ली। रायपुर के ब्राह्मणपारा की एक युवती अपने काम पर भाठागांव जा रही थी कि वहीं के एक युवक ने उसे चाकू मारकर घायल कर दिया क्योंकि वह उससे बात करना चाहता था पर युवती इंकार करती थी। रायपुर के ही खम्हारडीह की एक फैशन डिजाइनर के घर में घुसकर 6 लड़कियों ने कोई कपड़ा लौटाने के नाम पर मार-पीट की। असली कारण इनमें से एक लड़की का किसी युवक से इश्क बतलाया जाता है जो वारदात की असली वजह है। ऐसे सभी तरह के रिश्तों में कोई भी अप्रत्याशित मोड़ आने पर बेहद समझदारी भरे कदम उठाने चाहिये। हिंसा का सहारा लेना किसी भी स्थिति में उचित नहीं।*

## सार-संक्षेप



### अक्षय ऊर्जा से आएगी छत्तीसगढ़ में खुशहाली और संपन्नता-सवन्नी

**बिलासपुर**, 8 अप्रैल (देशबन्धु)। वर्तमान विष्णु सरकार में बीते दिनों में 36 निगम मंडल आयोगो की नियुक्ति हुई है। जिसमे प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी को अक्षय ऊर्जा अभिकरण का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

भाजपा नेता नीरज यादव ने उनके निवास पहुंच कर उन्हे इस नवीन दायित्व की बधाई देते हुए उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर श्री सवन्नी ने बताया कि आने वाले समय में अक्षय ऊर्जा के उपयोग से जनता एवं शासन को बड़े पैमाने पर आर्थिक बचत होगी, जिसका लाभ भी आने वाले दिनों में मिलेगा। जब आर्थिक बचत होगी तो उस बचत का उपयोग अनेक विकास कार्यों एवं समाज कल्याण में किया जाएगा, जिससे प्रदेश खुशहाल होगा। एक ओर जहां श्री सवन्नी की नियुक्ति से पूरे प्रदेश में हर्ष व्यक्त है, तो वही उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं केंद्रीय नेतृत्व का आभार जताते हुए उनका धन्यवाद व्यक्त किया है।

### सुशासन तिहार से नदारद सीडीपीओ को नोटिस

**बिलासपुर**, 8 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर अवनीश शरण ने सुशासन तिहार की ड्यूटी से नदारद सकरी की परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती अनुराधा आर्य को शो कॉज नोटिस जारी किया है। सकरी की सीडीपीओ श्रीमती आर्य की ड्यूटी तखतपुर विकासखण्ड के काठाकोनी पेण्डारी क्लस्टर में प्रभारी के रूप में लगाई गई है। निरीक्षण के दौरान आज सवेरे 10 बजे वे गैरहाजिर पाई गई। कलेक्टर ने जारी नोटिस में कहा है कि शासन के इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में गैरमौजूदगी कार्य के प्रति लापरवाही और स्वेच्छाचारिता को प्रदर्शित करता है। शासकीय काम-काज के प्रति उदासीनता एवं कदाचरण की श्रेणी में यह कृत्य आता है। तथा सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 का घोर उल्लंघन है। उक्त कृत्य के लिए क्यों न आपके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई किया जाये। ड्यूटी से गायब रहने के संबंध में समक्ष में उपस्थित होकर अपना जवाब प्रस्तुत करें अन्यथा एकपक्षीय कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

### सीएम दुबे महाविद्यालय में मनाया गया विश्व स्वास्थ्य दिवस



**बिलासपुर**, 8 अप्रैल (देशबन्धु)। विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सीएम दुबे स्नाकोत्तर महाविद्यालय में एक दिवसीय स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के समाज कार्य विभाग द्वारा आईसीटी बिल्डिंग में चेयरमैन की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शासी. निकाय के अध्यक्ष डॉ.संजय दुबे ने कहा कि आज स्वास्थ्य दिवस है महाविद्यालय स्वास्थ्य के प्रति जागरुक है। मैं महाविद्यालय के प्रत्येक विद्यार्थी एवं शिक्षकों को कहना चाहता हूं कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें, प्रत्येक छ महीने में अथवा साल में अपने स्वास्थ्य की जांच अवश्य कराते रहें। व्यायाम योगासन के ऊपर अवश्य ध्यान देना चाहिए इससे शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ती है जिससे आदमी स्वास्थ्य और दीर्घायु होता है। महाविद्यालय में पूर्व से डॉक्टरों के माध्यम से हेल्थ चेकअप कार्यक्रम का आयोजन किया जा चुका है। भविष्य में भी आगे भी आयोजित किया जाता रहेगा, हमें फाइबर के रूप में साबुत अनाज का सेवन किया जाना चाहिए जिससे पाचन क्रिया आसानी से प्रक्रिया करती है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर संजय सिंह ने कहा कि मानव जाति को कम से कम 20 मिनट अपने स्वास्थ्य के लिए व्यायाम किया जाना अति आवश्यक है। जिसके कारण मेटाबॉलिज्म सक्रिय रूप से शरीर में कार्य करते हैं। इस अवसर पर समाज कार्य विभाग के सहायक प्राध्यापक नरेन्द्र टंडन ने कहा कि जितना ख्याल हम अपने कीमती वस्तु या किसी विशेष समान का रखते हैं उससे कहीं ज्यादा हमें अपने शरीर का ख्याल रखना चाहिए तथा खान पान जीवन शैली पर जरूर ध्यान देना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संजय सिंह,डॉ राजकुमार पंडा, नरेन्द्र टंडन (सहा प्रा),आरती गुप्ता (सहा प्रा), उमेश कैवर्त (सहा प्रा), चित्रा यादव (सहा प्रा) सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# कृष्णा ग्रुप द्वारा श्री सप्तदेव कप टूर्नामेंट का आयोजन 8 से

**बिलासपुर**, 8 अप्रैल (देशबन्धु)। कृष्णा ग्रुप के द्वारा श्री सप्तदेव कप 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इसमें जिला स्तरीय टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 8 अप्रैल को सीएसईबी ग्राउंड कोरबा में किया जा रहा है। ऑटोमोबाइल क्षेत्र में तेजी से अग्रसर छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा राज्यों में 50 से अधिक शोरूम संचालित करने वाला निजी संस्थान कृष्णा ग्रुप न केवल व्यवसाय में बल्कि राष्ट्रीय एवं सामाजिक गतिविधियों में भी सदैव सक्रिय भूमिका निभाता रहा है।

इसी श्रृंखला में कृष्णा ग्रुप द्वारा कोरबा जिले का अब तक का सबसे बड़ा जिला स्तरीय टी -20 क्रिकेट टूर्नामेंट श्री सप्तदेव कप 2025 का आयोजन आगामी दिनों में किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता सफेद लेदर बॉल से टर्फ विकेट पर खेली जाएगी और इसका शुभारंभ 8 अप्रैल से सीएसईबी ग्राउंड (कोरबा पूर्व) में होगा। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु पंजीकरण की अंतिम तिथि 4 अप्रैल 2025 निर्धारित की गई है। पुरस्कार विवरण में मैन ऑफ द मैच 1,100, मैन ऑफ द सीरीज़ 3,100, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज़ 3,100, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज़ 3,100, विजेता टीम 51,000 एवं उपविजेता टीम को 21,000 का नगद राशि प्रदान किया जाएगा। उपरोक्त समस्त पुरस्कार कृष्णा ग्रुप के चेयरमैन अशोक मोदी एवं डायरेक्टर राजा मोदी के कर-कमलों द्वारा प्रदान किए जाएंगे। इस आयोजन की जानकारी देते हुए कृष्णा ग्रुप के डायरेक्टर राजा मोदी ने बताया कि कोरबा में अनेक विलक्षण प्रतिभा वाले खिलाड़ी मौजूद हैं, परंतु उन्हें उचित मंच और प्रायोजन के अभाव में अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर नहीं मिल पाता। इसी उद्देश्य से इस टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है, ताकि इन युवा खिलाड़ियों की प्रतिभा को उजागर किया जा सके और वे आगे चलकर राष्ट्रीय स्तर पर बिलासपुर संभाग का नाम रोशन कर सकें।




## कलेक्टर ने ली बैंक परामर्शदात्री समिति की बैठक

# एक साल बाद भी बैंक शाखा नहीं खोलने पर जताई नाराजगी

### कृषि क्षेत्र एवं समाज के कमजोर तबकों को दें ज्यादा लोन

**बिलासपुर**, 8 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर अवनीश शरण की अध्यक्षता में बैंको की जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति (डीएलसीसी) की त्रैमासिक बैठक जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में संपन्न हुई। उन्होंने निर्णय के एक साल बाद भी बैंक शाखा नहीं खोलने पर बैंक प्रबंधन पर नाराजगी जाहिर की। गत साल की बैठक में जिले के दूरस्थ इलाकों में 13 बैंक शाखाएं खोले जाने का निर्णय लिया गया था। लेकिन साल बीतने के बाद केवल तीन -दगोरी, सेन्दरी एवं भरनी को छोड़ शेष का अता-पता नहीं है। संबंधित बैंक बैठक में नहीं खोले जाने का उचित जवाब भी नहीं दे पाए। कलेक्टर ने उन बैंकों के विरूद्ध शासन स्तर पर संस्थागत वित्त विभाग को पत्र लिखने के निर्देश दिए। आरबीआई की गाईड लाईन के अनुरूप समाज के कमजोर तबकों -एससी एवं एसटी एवं किसानों को निर्धारित मानक से कम लोन देने पर एतराज जताया और इस साल इसे सुधारने के कड़े निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ, आरबीआई एवं नाबार्ड के प्रतिनिधि सहित सभी बैंको के प्रबंधक एवं लाईन डिपार्टमेन्ट के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।




कलेक्टर ने प्राथमिकता क्षेत्र के अंतर्गत डेयरी एवं मछलीपालन के लिए लोन आवंटित करने में उपेक्षा किये जाने पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि राज्य की डेयरी महासंघ का एनडीडीबी के साथ एमओयू हुआ है। दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के ज्यादा लक्ष्य मिले हैं। डेयरी पालन के इच्छुक किसानों को ज्यादा लोन मिले, तभी यह टास्क संभव होगा। सभी बैंक इस दिशा में प्रयास करें। कैनरा बैंक की सीपत शाखा द्वारा महिला समूहों को परेशान करने का मामला सामने आया। छोटी-छोटी बातों को लेकर सहयोग करने के बजाय उनके द्वारा दुर्व्यवहार किया जाता है। कलेक्टर ने एलडीएम को इसकी जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आरसेटी से प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को बैंक ऋण देने के निर्देश दिए। बताया गया कि इस दिशा में बैंक प्रबंधन ध्यान नहीं दे रहे हैं। लगभग 1100 प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं में से मात्र 3 को ऋण मुहैया कराया गया है। बैठक में कलेक्टर ने बैंक प्रबंधन और अधिकारियों की जरूरतमंद लोगों को ऋण देने और योजनाओं के अमल में लाने में आ रही दिक्कतों की जानकारी ली और उनका समाधान भी किया। एलडीएम दिनेश उरांव सहित सभी बैंकों के प्रबंधक एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# सुशासन तिहार: समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन देने का सिलसिला शुरू

### ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में सुबह से ही लोग आवेदन देने पहुंचे

### जिला पंचायत सीईओ ने शिविरों का लिया जायज़ा

**बिलासपुर**, 8 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में आज से शुरू हुए राज्य व्यापी सुशासन तिहार में लोगों द्वारा अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए आवेदन देने का सिलसिला शुरू हो गया है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लोग बेझिझक आवेदन दे रहे हैं। लोगों को भरोसा है कि उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए त्वरित पहल की जाएगी। सुशासन तिहार के पहले चरण में आम लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक जिले की सभी 486 ग्राम पंचायतों, नगर निगम, नगरीय निकायों और जिला मुख्यालयों में आवेदन लिए जा रहे हैं।



जिला पंचायत बिलासपुर के सीईओ और ग्रामीण क्षेत्रों के नोडल अधिकारी संदीप अग्रवाल ने ने जिले के खजूरी नवागांव, काथाकोनी, हिर्री आदि विभिन्न ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर आवेदन लेने की प्रक्रिया का जायजा लिया और अधिकारियों से कहा कि लोगों को आवेदन देने के लिए किसी प्रकार का दिक्कत न हो,इसका विशेष रूप से ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को आवेदन देने से मना या रोका नहीं जाए। उन्होंने मौजूद महिलाओं और लोगों से बातचीत की। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में अपनी मांगों और आवेदन प्रस्तुत करने को कहा है। आवेदन का प्रारूप दल के पास उपलब्ध है। जिले के कलेक्टोरेट, जिला पंचायत, सभी जिला कार्यालय,जनपद और तहसील कार्यालय में समाधान पेटी की व्यवस्था की गई है। सुशासन तिहार तीन चरणों में आयोजित होगा। पहले चरण में 8 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक आम जनता से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे।

## राजस्व परववाड़ाः आज इन गांवों में लगेंगे शिविर

**बिलासपुर**, 8 अप्रैल (देशबन्धु)। राजस्व संबंधित मामलों के निराकरण के लिए जिले में राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम का सिलसिला जारी है। तीसरे दिन 9 अप्रैल को 24 गांवों में शिविर आयोजित किये जाएंगे। इनमें बिलासपुर तहसील में ग्राम सेंदरी के शासकीय हाईस्कूल, मटियारी में शासकीय प्राथमिक शाला धनुवारपारा मोहरा, सिरगिट्टी में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला, बेलतरा तहसील में ग्राम पंचायत सेमरा एवं ग्राम पंचायत करमा, बिल्हा तहसील में ग्राम बिटकुली एवं उमरिया, बोदरी तहसील में ग्राम पंचायत भवन सरवानी एवं ग्राम पंचायत भवन कड़ार, मस्तूरी तहसील में भनेसर एवं डोड़की, सीपत तहसील में ग्राम खोंधरा, पचपेड़ी तहसील में ग्राम पचपेड़ी एवं भटचौरा, तखतपुर तहसील में ग्राम पंचायत भवन बीजा, ग्राम पंचायत भवन राजपुर, ग्राम पंचायत भवन सोनबंधा एवं ग्रांम पंचायत भवन बेलपान, सकरी तहसील में सैदा, संबलपुरी एवं नेवरा, कोटा तहसील में नवागांव के ग्राम पंचायत भवन, रतनपुर तहसील में ग्राम पंचायत भवन जाली एवं ग्राम पंचायत भवन जोगीपुर, बेलगहना तहसील में नगोई एवं सोढ़ाखुर्द में शिविर आयोजित होंगे।

# एनटीपीसी सीपत की सौगातः कौड़िया और रलिया में 80 लाख के विकास कार्यों का भूमि पूजन

**बिलासपुर**, 8 अप्रैल (देशबन्धु)। राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (एनटीपीसी) सीपत ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए आसपास के गांवों में विकास कार्यों को गति दी है। इसी क्रम में एनटीपीसी सीपत की ओर से ग्राम पंचायत कौड़िया और ग्राम पंचायत रलिया में कुल 80 लाख रुपये के विकास कार्यों का भूमि पूजन किया गया। इन कार्यों में ग्राम पंचायत कौड़िया में बाउंड्री वॉल का निर्माण और ग्राम पंचायत रलिया में सीमेंट कंक्रीट (सीसी) सड़क का निर्माण शामिल है।



कौड़िया और रलिया में आयोजित भूमि पूजन कार्यक्रमों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष और जिला पंचायत सदस्य अरुना चंद्र प्रकाश सूर्या मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इनके साथ ही जनपद अध्यक्ष सरस्वती सोनवानी, जनपद सदस्य भास्कर पटेल, जनपद सदस्य उषा देवी केवट, मंडल सीपत के महामंत्री अभिलेश यादव, किसान मोर्चा अध्यक्ष राजेश्वर पटेल और कौड़िया के सरपंच धनेश्वर साहू , बसंत पांडे, रलिया सरपंच रेखा बाई सांडे, शैलेन्द्र सांडे, नरोत्तम चंद्राकर, अश्वनी पटेल उपसरपंच, गोवर्धन यादव कमलेश साहू यदु राम साहू, आनंद सिदार,सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। इस अवसर पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष चंद्र प्रकाश सूर्या ने कहा कि एनटीपीसी सीपत द्वारा गांवों में कराए जा रहे विकास कार्य सराहनीय हैं और इससे ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि सीसी सड़क निर्माण से रलिया गांव में आवागमन सुगम होगा। जिला पंचायत सदस्य अरुना चंद्र प्रकाश सूर्या ने भी एनटीपीसी के इस प्रयास की प्रशंसा की और कहा कि यह विकास कार्य क्षेत्र के लोगों के जीवन स्तर को सुधारने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। साथ में एनटीपीसी के अधिकारियों से कहा कि वह जनता की अपेक्षा और आकांक्षाओं का भी ध्यान रखते हुए सी एस आर मद से जितना हो सके गांव के विकास के लिए पहल करते रहें। ग्रामीणों ने भी एनटीपीसी सीपत के इस पहल पर खुशी जताई और उम्मीद जताई कि इन विकास कार्यों से उनके गांवों में प्रगति और खुशहाली आएगी।

# मनमाने मुआवजा का आरोप लगाकर विस्थापितों ने खदेड़ा टीम को

## उजाड़ने पहुंचे थे एसईसीएल व प्रशासन के लोग



**कोरबा-कुसमुंडा,** 08 अप्रैल (देशबन्धु)। खनन क्षेत्र में बढ़ते विरोध की एक और घटना उस वक्त सामने आई जब पाली ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने एसईसीएल कुसमुंडा और जिला प्रशासन की टीम को गांव से बैरंग लौटा दिया। ग्रामीणों का साफ कहना है कि जब तक हर परिवार को रोजगार सुनिश्चित नहीं किया जाएगा, तब तक गांव की ज़मीन पर खनन कार्य नहीं होने देंगे।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बिना किसी पूर्व सूचना के अधिकारियों द्वारा खदान विस्तार की कोशिश की गई, जिससे लोगों में आक्रोश फैल गया वहीं रोजगार, पुनर्वास और मुआवज़े का मामला फिलहाल हाईकोर्ट में लंबित है। ग्राम बरकुटा की मीना बाई ने बताया कि उसकी साढ़े 5 एकड़ जमीन में से सिर्फ 2 एकड़ का मुआवजा दिया गया है, उसकी जमीन बिना पूछे दूसरे किसी को कैसे दे दी गई, अधिकारी लिखकर क्यों नहीं दे रहे कि उसकी कितनी जमीन का मुआवजा बना है। प्रशासन और आउटसोर्सिंग कंपनियों पर आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने कहा कि कंपनियां स्थानीय लोगों को काम से बाहर करने की धमकी दे रही हैं, जिससे नाराज़गी और भी बढ़ गई है आउटसोर्सिंग कार्यों में ग्रामीणों ने रुकावट डाली, जिससे परियोजना प्रभावित हुई है। हालात को संभालने पहुंचे एसडीएम कटघोरा रोहित सिंह और दीपका तहसीलदार अमित केरकेट्टा सहित अन्य अधिकारियों की समझाइश भी कारगर नहीं रही। ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं की लंबी सूची सौंपते हुए तत्काल समाधान की मांग की। मौके पर एसईसीएल के जीएम ऑपरेशन विवेक कुमार, जीएम सिविल, पाली सरपंच श्रीमती रामशिला कंवर, उपसरपंच बलराम यादव, ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति के अध्यक्ष सपुरन कुलदीप, ललित महिलांगे, दिलहरन सारथी, श्रम सेवा संगठन के अशोक पटेल सहित अन्य सामाजिक प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। फिलहाल ग्रामीणों का साफ कहना है कि जब तक न्याय नहीं मिलेगा, विरोध जारी रहेगा।

# जांच समिति को सुरक्षा देने विधायक ने की मांग



कोरबा, 08 अप्रैल (देशबन्धु)। एसईसीएल की सरायपाली परियोजना में 28 मार्च को कोल ट्रांसपोर्टर रोहित जायसवाल की हत्या किए जाने के मामले की जांच के लिए कांग्रेस ने एक समिति बनाई है। यह 9 अप्रैल को जांच करेगी। विधायक फूल सिंह राठिया ने एसपी और सीजीएम कोरबा को पत्र लिखकर मांग की है कि समिति को पर्याप्त सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए।

फूल सिंह राठिया जांच कमेटी के संयोजक है। इसके अलावा समिति में पूर्व विधायक मोहित केरकेट्टा, पुरूषोत्तम कंवर, पीसीसी महामंत्री प्रशांत मिश्रा और जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष मनोज चौहान सदस्य है। पीसीसी की ओर से बनाई गई यह जांच कमेटी 9 अप्रैल को सुबह 11 बजे सरायपाली बुड़बुड़ खदान क्षेत्र में परिजनों से भेंट करेगी। उपरोक्त मामले को लेकर तथ्य जुटाए जाएंगे। विधायक राठिया ने इस परिपेक्ष्य में एसपी और सीजीएम से कहा है कि जांच समिति को पर्याप्त सहयोग व सुरक्षा उपलब्ध कराने की कार्यवाही करें।

## शिकायतों के बारे में आवेदन लेना शुरू, ऐसे आएगा सुशासन

कोरबा, 08 अप्रैल (देशबन्धु)। समाज के वंचित लोगों को विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सराहनीय पहल से राज्य में 'सुशासन तिहार - 2025 का आयोजन आज से प्रारंभ हो गया है। सुशासन तिहार के माध्यम से प्रथम चरण में आम नागरिकों की जरूरतों, समस्याओं, शिकायतों का समाधान करने हेतु आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं। सुशासन तिहार ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में शुरू हो गया है। इसके अंतर्गत ग्राम अप्रैल तक लोग अपने आवेदन करेंगे। कोरबा विकासखंड के कोरकोमा पंचायत में आयोजित सुशासन तिहार अंतर्गत आज सुबह से ही अपनी समस्या की समाधान के लिए ग्रामीणों की कतार लगी रही। कोरकोमा की द्रुपती सारथी द्वारा भी आवास व शौचालय निर्माण के लिए आवेदन जमा किया गया।

## सार-संक्षेप

### किसी को नहीं छोड़ेंगे, बकाया राशि वसूलने निगम का अभियान तेज



कोरबा, 08 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर निगम ने आवासों व व्यवसायिक परिसरों के मामले में बकायादारों को कहा है कि लंबित राशि जल्द जमा कराए वरना कार्यवाही होगी। बकाया की धीमी रफ्तार पर उन्होंने नाराजगी जताई। कर्मियों को भी सचेत किया। कुछ मामलों में कर्मियों को नोटिस भी दिए गए।

आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में अपर आयुक्त विनय मिश्रा, सम्पत्तिकर अधिकारी अनिरूद्ध सिंह एवं निगम के राजस्व निरीक्षकों, उपनिरीक्षकों, सहायक राजस्व निरीक्षकों की उपस्थिति में राजस्व वसूली कार्या की समीक्षा की। उन्होंने सम्पत्तिकर, समेकित कर, जलकर, शिक्षा उपकर, भवन, दुकान किराया सहित अन्य विभिन्न मदों के अंतर्गत प्राप्त होने वाले राजस्व के वसूली की कार्य प्रगति की जानकारी ली तथा वर्तमान तक की गई कर वसूली एवं बकाया कर राशि की जोनवार, वार्डवार विस्तार से समीक्षा की। उन्होने राजस्व अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि विगत वर्षो की बकाया कर राशि सहित वर्तमान वर्ष की कर राशि की वसूली में अपेक्षित तेजी लाएं, बकायादारों से सतत संपर्क कर बकाया राशि निगम कोष में जमा करवाएं। उन्होंने कहा कि समय पर रकम जमा नहीं हुई तो बड़े बकायादारों की सम्पत्ति, भवन, दुकान आदि को सील की जाएगी। बैठक के दौरान सभी सहायक राजस्व निरीक्षक, उपनिरीक्षक व राजस्व विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### नवरात्र पंडुम जवारा का हुआ विसर्जन

कोरबा, 08 अप्रैल (देशबन्धु) ।आदिवासी शक्ति पीठ नवरात्र



पंडुम जंवारा विसर्जन किया गया। नौ दिनों तक चलने वाले इस परंपारिक आयोजन में प्रतिदिन भोग भण्डारा प्रसाद वितरण, जसगायन सेवा गीतों की प्रस्तुति दी गई। अनेक परिवारों ने मनोकामना ज्योत कलश जलाये तथा जंवारा रोपण किया था। मुठवा मांझी के द्वारा परंपारिक मान्यताओं के अनुरूप विधि-विधान से पूजा सेवा कार्यक्रम संपन्न किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जंगो रायतार मातृशक्ति संघ ने सहभागिता निभाई। शक्ति पीठ कार्यकारिणी के मोहन सिंह प्रधान, शिवनारायण सिंह कंवर, एमपी सिंह, गंगा सिंह कंवर, रमेश सिरका, निर्मल सिंह राज, विक्रम सिंह कंवर, गेंद लाल सिदार, पुलिस मांझी, घसिया मांझी, सहित अन्य सदस्यों ने सहभागिता निभाई।

### रेगुलर करने की मांग के लिए नगाड़ा बजाया पंचायत सचिवों ने



कोरबा, 08 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले में पंचायत सचिवों की हड़ताल लगातार तेज होती जा रही है। लगभग एक महीने से चल रही इस हड़ताल के दौरान सचिवों ने एक अनोखे तरीके से प्रदर्शन किया। चरणबद्ध तरीके से चल रहे आंदोलन के तहत धरना स्थल पर सचिवों ने नगाड़ा बजाकर अपनी आवाज सरकार तक पहुंचाने का प्रयास किया। उनका कहना है कि वे अपनी शासकीय मांगों को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन शासन-प्रशासन की ओर से कोई ठोस पहल नहीं की जा रही है, जो निराशाजनक है।

धरना प्रदर्शन का नेतृत्व पंचायत सचिव संघ के ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मद हसन ने किया। उनके साथ ब्लॉक सचिव राजेंद्र कुमार पेंद्रो, जिला सचिव राजकुमार रजक, ब्लॉक उपाध्यक्ष मोहन सिंह श्याम, रविंद्र कुमार श्याम, कोषाध्यक्ष चतुर्भुवन सिंह, प्रवक्ता ममता कश्यप, धनंजय कुमार साहू, महामंत्री देव कुमार, मीडिया प्रभारी दिलीप सिंह, रविंद्र सिंह, पवन सिंह, सह सचिव कुमार सिंह, प्रमुख सलाहकार त्रिभुवन सिंह व मोतीलाल कोराम सहित अन्य सचिव उपस्थित रहे।

# मलगांव पहुंच पूर्व गृहमंत्री ने ग्रामीणों की व्यथा सुनी



कोरबा, 08 अप्रैल (देशबन्धु)। पूर्व गृहमंत्री ननकी राम कंवर अपने वादे के मुताबिक मलगांव के भूविस्थापितों की समस्या सुनने सोमवार को उनके बीच पहुंचे। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन व एसईसीएल के मुआवजा वितरण में हुए भ्रष्टाचार की जांच कराएंगे।

ग्राम मलगांव में कटघोरा एसडीएम जनसुनवाई के दौरान यह स्वीकारते रहे कि उन ग्रामीणों का मुआवजा काटा गया है जिन्होंने पुराने निर्माण को विस्तारित कर नया निर्माण किया है। वहीं सवाल उठ रहा है कि अपात्र लोगों को लाखों का मुआवजा क्यों दिया गया। आदिवासी नेता ननकीराम कंवर ने ग्राम मलगांव पहुंच कर कहा कि एसईसीएल दीपका के अधिकारियों एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों के द्वारा मुआवजा वितरण में बड़ा खेल किया गया है। उन्होंने कहा कि पात्र लोगों का बहुत कम मुआवजा बनाया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री आवास हेतु 1 लाख 35 हजार रुपए दे रहे हैं लेकिन जिनका आवास टूटा है, उन्हें 70 हजार रुपये मुआवजा बनाया गया है। अब वह विस्थापित गरीब अपना दूसरा मकान 70 हजार में कैसे बनवायेगा? मामले में कटघोरा तहसील में पदस्थ एसडीएम, तहसीलदार और वहां पदस्थ बाबू के द्वारा मुआवजा में हेराफेरी कर अपने रिश्तेदारों के नाम पर फर्जी मुआवजा बनवाने के आरोप लग रहे हैं। सीबीआई के द्वारा भी एक व्यक्ति के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। श्री कंवर ने उन्हें आश्वस्त किया था कि वे गांव पहुंचकर उनकी समस्याओं को जानेंगे और समाधान के लिए अपने स्तर पर पूरा प्रयास करेंगे।

# समस्याग्रस्त ग्रामों को विद्युतीकृत करें कंपनी : पाण्डेय



कोरबा, 08 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रभारी कलेक्टर आशुतोष पाण्डेय ने आज समय सीमा की बैठक में सुशासन तिहार के दौरान आवेदन पत्र प्राप्त करने और उसका संकलन करते हुए विभागवार गंभीरता से निराकरण के निर्देश सभी नोडल अधिकारियों को दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों, मांग और सुझावों को विभागवार एंट्री कर संबंधित विभाग को प्रेषित किया जाए। उन्होंने नोडल अधिकारियों को आवेदन प्राप्ति स्थल का भ्रमण करने के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने आगामी दिनों में केंद्रीय मंत्री, प्रभारी सचिव के दौरे को लेकर आवश्यक तैयारी के निर्देश भी दिए।

समय सीमा की बैठक में प्रभारी कलेक्टर ने विभागीय कामकाज की समीक्षा की। उन्होंने समय सीमा के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए शीघ्रता से निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने एक माह से अधिक समय से लंबित प्रकरणों को जाँच कर जल्दी निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय जांच के लंबित प्रकरणों को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। प्रभारी कलेक्टर ने आयुष्मान, व्यवन्दन, आधार अपडेशन, विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र के कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने लंबे समय से अनुपस्थित शिक्षकों को बर्खास्त करने के संबंध में डीईओ को निर्देषित किया। उन्होंने सीएसपीडीएल अंतर्गत बचे हुए गांवों सहित दूरस्थ क्षेत्रों में विद्युतीकरण, लो वोल्टेज वाले क्षेत्र में ट्रांसफार्मर लगाने, चैतुरगढ़ मंदिर तक बिजली कलेक्षन देने के लिए सर्वे, आंगनबाड़ी केन्द्रों में बिजली की आपूर्ति, पषु चिकित्सा विभाग अंतर्गत गौशाला निर्माण, सखी वन स्टॉप सेंटर, गर्ल्स हॉस्टल में आवश्यक व्यवस्था, हरदीबाजार कॉलेज शिफ्टिंग, अंत्यावसायी विभाग अंतर्गत ऋण प्राप्त करने वाले लोगों से वसूली करने सहित विषयों पर समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ दिनेश कुमार नाग, सहित सभी अधिकारी उपस्थित थे।

# 7 जोन में सुशासन तिहार, आए 773 आवेदन



कोरबा, 08 अप्रैल (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के तहत मंगलवार को नगर पालिक निगम के सभी 7 जोन कार्यालयों में शिविर लगाए गए। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, आयुक्त आशुतोष पाण्डेय व सभापति नूतन सिंह ठाकुर ने इन शिविरों में पहुंचकर शिविरों का निरीक्षण किया। उन्होने शिविर में अपने आवेदन जमा कराने आएं नागरिकों से उनकी समस्याओं, शिकायतों व मांग आदि की जानकारी ली, साथ ही शिविर के सुचारू संचालन के संबंध में संबंधित जोन कमिश्नरों व अन्य अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पार्षद अशोक चावलानी, नरेन्द्र देवांगन, हितानंद अग्रवाल, कृपाराम साहू सहित अन्य पार्षद भी शिविरों में पहुंचे तथा अपनी सहभागिता दी। आयोजन के पहले चरण में कोरबा, टीपीनगर, कोसाबाड़ी, रविशंकर शुक्लनगर, बालको, दर्री व सर्वमंगला इन सभी 07 जोन कार्यालयों में शिविर लगाकर नागरिकों से उनके आवेदन प्राप्त किए गए। महापौर व अधिकारियों ने शिविर स्थल पर पहुंच कर प्रत्येक वार्डवार स्थापित काउंटरों का निरीक्षण किया, प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली, साथ ही आवेदन जमा कराने हेतु शिविर में पहुंचे नागरिकों से भेंट कर उनकी समस्या, शिकायत व मांग आदि के संबंध में चर्चा की, उनकी समस्याओं को जाना तथा आवेदन जमा कराकर क्रमबद्ध रूप से उनके निराकरण के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निदेश दिए। आज आयोजित शिविरों के दौरान मांग संबंधित 620, शिकायत संबंधी 153 सहित कुल 773 आवेदन प्राप्त हुए।

# बालिका की हत्या के विरोध में कांग्रेस ने जलाया गृहमंत्री का पुतला



कोरबा, 08 अप्रैल (देशबन्धु)। दुर्ग में 6 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ हुई दुराचार व हत्या की घटना को लेकर कांग्रेस ने टीपी नगर स्थित कांग्रेस कार्यालय के सामने गृहमंत्री का पुतला दहन कर इस्तीफे की मांग की। जिला अध्यक्ष नत्थूलाल यादव ने कहा कि महिला शक्ति पर इस तरह के अपराध समझ से परे है। पूर्व महिला जिला अध्यक्ष सपना चौहान ने कहा कि रोज अपराध हो रहे है। इस राजेंद्र सिंह ठाकुर, कुसुम द्विवेदी,कृपाराम साहू, मुकेश राठौर,सुखसागर निर्मलकर, पालू राम साहू, प्रदीप जायसवाल, रामगोपाल कुर्रे, रामगोपाल यादव, अविनाश बंजारे, मनक साहू गौरी चौहान, लक्ष्मी महंत, मुन्नी नायक ,सुभाष राठौड़ ,व्यास नारायण श्रीवास, डॉ. डीआर नेताम, गीता महंत, शालिनी टेक राम श्रीवास, राखी श्रीवास, प्रियंका जायसवाल, रमेश वर्मा उपस्थित थे। वहीं बांकीमोंगरा में जिलाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी कोरबा ग्रामीण मनोज चौहान के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस नेता लगातार प्रदेश में हो रहे अपराधओ को लेकर बरसे जिला अध्यक्ष ग्रामीण मनोज चौहान, पोषक दास महंत, शेख इसताख, नगर परिषद नेता प्रतिपक्ष मधुसूदन दास, प्रदीप अग्रवाल, परामनंद सिंह, नवल पडित, संजय आजाद, सुनील पाण्डेय, पार्षदगण उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ महिला फुटबॉल एसोसिएशन की नवीन कार्यकारिणी घोषित



कोरबा, 08 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ महिला फुटबॉल एसोसिएशन की प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महासंघ के राष्ट्रीय महासचिव शेख जावेद ने की। राष्ट्रीय महासचिव शेख जावेद ने प्रदेश अध्यक्ष संजू देवी राजपूत को शाल पहना कर सम्मानित किया।

समारोह में प्रदेश अध्यक्ष संजू देवी राजपूत ने नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की। उन्होंने बताया कि वर्ष 2005 में वे संघ की एक सामान्य सदस्य के रूप में जुड़ी थीं और आज उन्हें प्रदेश अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई है, जो उनके लिए एक गौरवपूर्ण क्षण है। कार्यकारिणी में प्रदेश अध्यक्ष संजू देवी राजपूत, प्रदेश उपाध्यक्ष गुलशन अरोरा, दीपक यादव, जगदीश श्रीवास, सुधा झा, डॉ. अंजना सिंह, दिलीप डोमने, कामायनी दुबे, भागवत सिंह, महासचिव साजी टी.जान, सहसचिव रवीन्द्र साहू, जानकी साहू, स्मिता बेग, सरोज राठौर, मीना सिंह, कोषाध्यक्ष अंजू सिंह, प्रदेश प्रवक्ता दिब्येन्दु मृधा, सुशील दास व कार्यकारिणी सदस्यों में डॉ. चंचल, रितु मिश्रा, सुनीता देवांगन, स्मिता सिंह, राकेश सोनी, शहनाज शेख, मनोज सिंह राजपूत शामिल हैं। जिला कार्यकारिणी में अध्यक्ष आभा दुबे, उपाध्यक्ष सिकन्दर टोप्पो, रश्मि श्रीवास, अमीश केलब, सचिव- सुरेन्द्र दास, सहसचिव पद्मिनी साहू, समीउल्ला खान, अविनाश कुमार, एन.मूर्ती, सुनील नर्मदा, कोषाध्यक्ष कविता सोनी व कार्यकारिणी सदस्यों में मो. दानीश, सुनील कुमार बहरीया, हेमंत साहू, गीता शामिल हैं।

## कूड़ों स्पर्धा में 3 पदक मिले फाइटर्स को




कोरबा, 08 अप्रैल (देशबन्धु)। राज्य स्तरीय कूड़ो प्रतियोगिता 4 से 6 अप्रैल तक दुर्ग में आयोजित हुई। जिसमें जिले के ड्रेगन मार्शल आर्ट्स एकेडमी निहारिका के 3 खिलाड़ियों का चयन हुआ था। छत्तीसगढ़ कूड़ो संघ के उपाध्यक्ष अविनाश बंजारे ने बताया कि सब जूनियर वर्ग में आयुष उरांव, सब जूनियर वैभव कृष्णा व अनुज अग्रवाल सीनियर वर्ग में भाग लिया। प्रतियोगिता में जिलों के 350 खिलाड़ियों ने भाग लिया। कोरबा जिले को 3 पदक प्राप्त हुआ जिसमें खिलाड़ी वैभव कृष्णा स्वर्ण पदक, आयुष उरांव रजत पदक, अनुज अग्रवाल कांस्य पदक प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ कूड़ो संघ के उपाध्यक्ष अविनाश बंजारे, ड्रैगन मार्शल आर्ट्स एकेडमी के डायरेक्टर जिला कार्यकारी अध्यक्ष अजीत शर्मा, अध्यक्ष किरण निराला, जिला महासचिव एनआईएस कोच प्रेमराज बंजारे, कोषाध्यक्ष देवाशीष कश्यप जिला क्रीड़ा अधिकारी के. आर टंडन, खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी दीनू पटेल, सहायक क्रीड़ा अधिकारी आरके साहू, कोच एमडी आरिफ, हार्दिक दुरेजा, मुस्कान जायसवाल, कृष्णा यादव, राजेंद्र यादव, राजेंद्र निर्मलकर ने सभी फाइटर्स को शुभकामनाएं दी।

## जीवन में धारण करें भागवत कथा को : नारायण महाराज



कोरबा-पाली, 08 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर के वार्ड 8 निवासी गोविंद वैष्णव के निवास स्थल पर कलशयात्रा के साथ साप्ताहिक श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ किया गया है।

कथावाचक नारायण महाराज ने श्रीमद भागवत कथा का महत्व बताते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत कथा ऐसी कथा है, जो जीवन के उद्देश्य एवं दिशा को दर्शाती है। इसलिए जहां भी भागवत कथा होती है, इसे सुनने मात्र से वहां का सम्पूर्ण वातावरण दुष्ट प्रवृत्तियों से खत्म होकर सकारात्मक ऊर्जा से सशक्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि कथा की साथर्कता तभी सिद्ध होती है, जब इसे हम अपने जीवन और व्यवहार में धारण करें। श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट होकर प्राणी मात्र का लौकिक व आध्यात्मिक विकास होता है। यदि सच्चे मन से श्रीमद भागवत कथा को सुना जाए तो व्यक्ति भवसागर के पार हो जाता है और जीवन शुद्ध आचरण के साथ गुजरता है तथा उसे अवश्य ही परमपिता परमात्मा के चरणों मे जगह मिलती है। कथा 7 दिन तक चलेगी।

## महावीर जयंती पर जैन समुदाय ने निकाली प्रभात फेरी

कोरबा, 08 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव पर मंगलवार को प्रभात फेरी का आयोजन किया गया है। प्रभात फेरी सुबह 7 बजे से श्री मुनिसुव्रत स्वामी जैन मंदिर टीपी नगर से मधुबन टीपी नगर तक निकाली गई। प्रभात फेरी में जैन समुदाय के सभी सदस्य शामिल होकर धर्म लाभ लिए। यह प्रभात फेरी एकता और सौहार्द का प्रतीक है और हमें अपने समुदाय के साथ जुड़ने का अवसर प्रदान करती है।

# सड़क किनारे नजर आया गजराजों का बड़ा दल

## हाथी मित्र दल के अलावा वन विभाग की टीम ने सम्हाला मोर्चा

## ग्रामीणों को सुबह के समय जंगल नही जाने दी जा रही समझाईश



**रायगढ़** 08 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले के धरमजयगढ़ वन मंडल के छाल रेंज क्षेत्र के जंगल में विचरण कर रहे जंगली हाथियों के एक बड़े दल का वीडियो सामने आया है।

हाथियों का दल आज रात को कुडेकेला सड़क किनारे आ गया, जिसके बाद आसपास के गांव के अलावा इस मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों में दहशत का माहौल बन गया। यह देख इस मार्ग से गुजरने वाले राहगीर भी सड़क पर रुककर हाथियों के दल का वीडियो बनाने लगे, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

दल में करीब 29 हाथियों की मौजूदगी से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। इस दल में चार नर हाथी, 20 मादा हाथी के अलावा पांच हाथी के बच्चे हैं। धरमजयढ़ वन मंडल के छाल रेंज में ही इन दिनों 46 हाथियों का दल विचरण कर रहा है। आसपास के गांव के ग्रामीणों को अलर्ट किया जा रहा। मौके पर वन विभाग के अलावा हाथी मित्र दल के सदस्य तैनात हैं। सोमवार की शाम छाल रेंज में विचरण कर रहा 29 हाथियों का दल आज रात को कुडेकेला सड़क किनारे आ गया जिसके बाद आसपास के गांव के अलावा इस मार्ग से गुजरने वाले राहगिरों में दहशत का माहौल निर्मित हो गया। अचानक सड़क किनारे हाथियों का दल आ जाने से एक बारगी इस मार्ग से गुजरने वाले राहगिर भी सड़क में रूककर हाथियों के दल का वीडियो बनाने लगे जो अब सोशल मीडिया में लगातार वायरल भी होनें लगा है।

सड़क किनारे हाथियों की मौजूदगी को देखते हुए तत्काल वन विभाग की टीम के अलावा हाथी मित्र दल के सदस्य मौके पर पहुंचे और हाथियों के इस दल को बांसाझार के जंगलों की ओर खदेड़ा गया तब जाकर आसपास के गांव के ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। इसके बावजूद क्षेत्र में 29 हाथियों के दल की मौजूदगी को देखते हुए आसपास के गांव के ग्रामीणों दहशत व्याप्त है।

हाथी मित्र के सदस्यों ने बांसाझर कुडेकेला एतरकेला, मुनुन, बनहर, तुमकुडा के अलावा आसपास के गांव के ग्रामीणों से अपील की है कि क्षेत्र में 29 हाथियों का दल विचरण कर रहा हैए ऐसी स्थिति में सुबह के समय किसी भी हाल में लकड़ी लेने के साथ.साथ महुआ बिनने जंगलों में न जाये।

# सार-संक्षेप

## जिला खनिज संस्थान न्यास की शासी परिषद की बैठक

### विधायक भईया लाल राजवाड़े ने दिए महत्वपूर्ण सुझाव



**कोरिया,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। बैकुंठपुर विधानसभा के विधायक भईया लाल राजवाड़े की उपस्थिति में जिला खनिज संस्थान न्यास की शासी परिषद की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने की, इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री मोहित पैकरा और अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत, सदस्य सचिव एवं जिला खनिज संस्थान न्यास के डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय-व्यय, वार्षिक प्रतिवेदन और स्वीकृत कार्यों का अनुमोदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि 2016-17 से 2024-25 तक कुल 37895.68 लाख रुपए की राशि प्राप्त हुई है और अब तक 37941.53 लाख रुपए खर्च किए गए हैं। इस दौरान 1169 कार्यों को निरस्त किया गया है, जिनकी राशि 1898.30 लाख रुपए प्राप्त हुई है।

विधायक भईया लाल राजवाड़े ने विभिन्न विषयों पर अधिकारियों को प्रधानमंत्री आवास योजना, पेयजल, बिजली, आंगनवाड़ी केन्द्रों आदि के सम्बंध में भी महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इसके अलावा बैठक में कई अहम मुद्दों पर चर्चा की गई, जिनमें भौतिक अधोसंरचना, विधुतीकरण, आंगनबाड़ी केंद्रों, सड़कों का निर्माण, पेयजल आपूर्ति, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के उपाय शामिल थे।

कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने बताया कि भारत सरकार के विज़न 2047 के तहत कोरिया जिले को जलवायु अनुकूलन गाँव के रूप में विकसित करने के लिए जल प्रबंधन, हरित कृषि, सौर ऊर्जा, वन संरक्षण, और वृक्षारोपण जैसे कार्यों, कोरिया जिले के पर्यटक स्थलों के विकास के लिए कार्य योजना, पोषण-संवेदनशील हस्तक्षेप, और स्वास्थ्य सेवाओं में वृद्धि के उपायों पर जोर दिया गया। पर्यटक स्थलों के रूप में हसदेव नदी, गोपद नदी, तंजारा जलप्रपात, और गुरु घासी दास टाइगर रिजर्व जैसे प्रमुख स्थानों के विकास की आवश्यकता पर बल दिया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के कार्य योजना में राशि प्रावधान किया है।

00000000000

## रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस पर रक्तदान शिविर



**चिरमिरी,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में आज विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनेन्द्रगढ़ में एक बृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार किया गया, जिसकी शुरुआत चेयरमैन शैलेश जैन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अविनाश खरे की उपस्थिति में हुई। शिविर में कुल ग्यारह (11) रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से अपना रक्तदान किया, जिनमें जसपाल, रिंकेश खन्ना, विवेक जायसवाल, राजकुमार पांडेय, श्रीमती अंजनी यादव, रामनरेश पटेल, जयनारायण पांडेय, टी. विजय गोपाल राव, संजीत सिंह, जगदीप सिंह कोहली और हरीश गुप्ता शामिल रहे। विशेष उल्लेखनीय यह रहा कि रक्तदाताओं में एक महिला अंजनी यादव और 23 वर्षीय युवक जगदीप सिंह कोहली ने सातवीं बार रक्तदान कर समाज के लिए प्रेरणा का कार्य किया। केंद्रीय चिकित्सालय मनेन्द्रगढ़ के ब्लड बैंक इंचार्ज डॉ. लवलेश गुप्ता ने भी इस अवसर पर अपना रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की। उनके साथ-साथ रूपेंद्र सिंह, सिस्टर रश्मि गुप्ता, रेड क्रॉस सोसाइटी के नोडल अधिकारी सोमेश मंडल, विधिक साक्षरता शिविर के प्रतिनिधि अंजनी यादव एवं शंकर सिंह की सक्रिय भूमिका इस आयोजन को सफल बनाने में रही।

## भगवान श्रीराम की शोभा यात्रा में उमड़ा आस्था का जन सैलाब



**मनेंद्रगढ़,** 8 अप्रैल (देशबन्धु) । रामनवमी का महापर्व एमसीबी जिला मुख्यालय मनेंद्रगढ़ में हर्षोल्लास पूर्वक श्रध्दा भक्ति के साथ धूमधाम से मनाया गया। रामनवमी के पावन अवसर पर शहर के हृदय स्थल पर स्थित श्रीराम मंदिर एवं लोको कॉलोनी में सबसे पुराना स्थित श्रीराम मंदिर में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। शहर के हृदय स्थल में स्थित श्रीराम मंदिर में सुबह से ही विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों की शुरुआत हो गई थी ।

भजन कीर्तन का आयोजन किया गया । दोपहर 12 बजे भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया गया पूरा मंदिर परिसर जय श्रीराम की गूंज से गुंजायमान हो रहा था। मंदिर परिसर के बाहर विशाल आतिशबाजी की गई।

भये प्रगट कृपाला से मंदिर गूंज उठा। भगवान श्रीराम की स्तुति एवं आरती के बाद छप्पन भोग प्रसाद का वितरण किया गया। तत्पश्चात शाम 4 बजे नदी पार स्थित हनुमान टेकरी से बाजे गाजे के साथ भगवान श्रीराम की विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा हनुमान टेकरी से प्रारंभ होकर पूरे शहर का भ्रमण कर श्रीराम मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई।

श्रीराम मंदिर में भगवान श्रीराम की महाआरती की गई उसके पश्चात भोग प्रसाद का वितरण किया गया। जहां पर हजारों रामभक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया । विभिन्न समाज के लोगों के द्वारा शोभायात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। मनेंद्रगढ़ विधायक व स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल शोभायात्रा में शामिल होकर रामभक्तों पर पुष्प की वर्षा की ।

# कालोनाइजर द्वारा रास्ता बंद किए जाने की शिकायत जांच के लिए विजयपुर पहुंचे एसडीएम

## अवकाश के दिन प्रशासनिक अधिकारियों को अपने बीच पाकर मोहल्लेवासियों का बढ़ा विश्वास




**रायगढ़** 08 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रशासनिक कसावट एवं कुशल नेतृत्व का अनुपम उदाहरण विगत दिनों विजयपुर में देखने को मिला जहां रविवार अवकाश के दिन भी राजस्व विभाग के अधिकारी , एस डी एम साहब,तहसीलदार ,आर आई एवं हल्का पटवारी कई घंटे मोहल्ले वासियों के साथ रहे भरी दोपहरी स्थल जांच के लिए पदयात्रा करते हुए मौके की जांच की गई।

दरअसल मामला विजयपुर वार्ड क्रमांक 47 का है जहां हल्का नंबर 84,रकबा 3.9330 हेक्टेयर भूमि में कालोनी निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ है।

विगत दिनों इसी कालोनी से लगे बजरंग डिपा के सैकड़ों लोग बेघर होने के भय से एस डी एम साहब के पास उनके कार्यालय जाकर गुहार लगाई थी।मोहल्ले वासियों ने पार्षद के माध्यम से एस डी एम रायगढ़ से मौखिक शिकायत की थी उनके मोहल्ले तक जाने के लिए वे जिस रास्ते का उपयोग विगत कई वर्षों से करते आ रहे थे उसे बगैर पूर्व सूचना के कालोनाइजर के द्वारा जे सी बी चलाकर समतल कर दिया गया है ,कई वर्षों से जिस रास्ते का उपयोग मोहल्ले वासी करते आ रहे थे वो रास्ता एकाएक बंद होने पर मोहल्ले वासी परेशान होने लगे पार्षद पति पदुमलाल परजा ने तत्काल इस विषय को मौखिक जवाबदार अधिकारियों तक पहुंचाया गया।

आज जब एसडीएम साहब स्वयं इसके जांच के लिए मोहल्ले वासियों के बीच पहुंचे तो जनता जनार्दन का विश्वास और आस दोनों बन गया।मोहल्ले वासी एवं कालोनाइजर के मध्य अधिकारियोंके समक्ष यह तय किया गया की जब तक मोहल्ले वासियों के आवागमन का मार्ग प्रशस्त नहीं हो जाता तब तक वे पुराने रास्ते का ही उपयोग करते रहेंगे। मोहल्ले वासियों ने कई वर्षों से बह रहे प्राकृतिक नाला का भी विषय उठाया जिसके लिए एस डी एम साहब ने अविलंब नगर निगम के उच्च अधिकारियों के साथ पुन: स्थल जांच की बात की। पहली बार ऐसा हुआ की मोहल्ले वासी दिल खोलकर किसी बड़े अधिकारी के सामने अपने मन की बात रख पाए।

# पंचायत सचिवों ने रैली निकालकर प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

मनेंद्रगढ़, 8 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रदेश सचिव संघ के आह्वान पर 7 अप्रेल सोमवार को एमसीबी जिले के सभी ब्लाक मुख्यालयों के पंचायत सचिवों ने रैली निकाल कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। पंचायत सचिवों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो वे 20 अप्रैल को दिल्ली के जंतर मंतर में धरना प्रदर्शन करेंगे।

पंचायत सचिव संघ का कहना है कि राज्य की भाजपा सरकार ने मोदी की गारंटी के तहत पंचायत सचिवों के नियमितीकरण का वादा किया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। हमने नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन सौंपा है, और यदि हमारी मांगें पूरी नहीं हुईं तो हम दिल्ली में प्रदर्शन करेंगे।

पंचायत सचिवों ने बताया कि एमसीबी जिले की सभी ग्राम पंचायतों में विकास कार्य और मूलभूत सुविधाएं पूरी तरह से ठप पड़ गई हैं।

ग्रामीणों, सरपंचों और पंचों ने भी इस आंदोलन को समर्थन दिया है। सचिवों ने कहा कि जब तक नियमितीकरण नहीं होता, हड़ताल जारी रहेगी। छत्तीसगढ़ पंचायत सचिव संघ द्वारा अपनी मांगों को लेकर शुरू की गई अनिश्चितकालीन हड़ताल 21वें दिन भी जारी रही। 17 मार्च से शुरू हुई इस हड़ताल से एमसीबी जिले की ग्राम पंचायतों के प्रशासनिक कामकाज बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है।

# शोसल मीडिया से की दोस्ती, फिर झांसा देकर किया अनाचार

## दुष्कर्म के मामले में पुसौर पुलिस ने 24 घंटे के भीतर आरोपी को पहुंचाया जेल

**रायगढ़** 08 अप्रैल (देशबन्धु)। सोशल मीडिया पर जान-पहचान के बाद शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुसौर पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। इस त्वरित कार्रवाई के लिए पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा-निर्देशन में पुसौर पुलिस की सराहना की जा रही है।



घटना बीती रात की है। 28 वर्षीय पीड़िता ने आज थाना पुसौर पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई कि वर्ष 2024 में उसकी पहचान फेसबुक के माध्यम से मीनकेतन पाव (27 वर्ष), निवासी थाना जूटमिल क्षेत्र से हुई थी। धीरे-धीरे दोनों के बीच फोन पर बातचीत बढ़ी और मीनकेतन ने युवती को शादी का प्रलोभन देना शुरू किया। युवती के अनुसार, 6 अप्रैल को उसके गांव बारात आई थी, जिसमें मीनकेतन भी शामिल था। बारात के दौरान मीनकेतन ने युवती से फोन पर संपर्क किया और घर का पता पूछकर सीधे उसके घर आ पहुंचा। शिकायत के मुताबिक, मीनकेतन ने युवती से बातचीत करते हुए जबरन उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए और फिर शादी से साफ इंकार कर दिया। खुद को ठगा महसूस कर युवती ने अपने परिजनों के साथ थाना पुसौर पहुंचकर आरोपी के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई। थाना प्रभारी निरीक्षक रामकिंकर यादव ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल आरोपी के विरुद्ध धारा 69 बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता के अनुरूप) के तहत मामला दर्ज किया और टीम बनाकर आरोपी मीनकेतन पाव को हिरासत में ले लिया। मेडिकल जांच सहित समस्त विधिक प्रक्रिया पूरी कर पुलिस ने 24 घंटे के भीतर आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# ओडिशा से गांजा ला रहे सप्लायर को लैलूंगा पुलिस ने पकड़ा

## आरोपी से 2 किलो 250 ग्राम गांजा जप्त, थाना लैलूंगा में एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई

रायगढ़ 08 अप्रैल (देशबन्धु)। एसपी दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा-निर्देशन में मादक पदार्थों की अवैध खरीद-बिक्री और परिवहन पर नकेल कसने के लिए पुलिस की मुहिम तेज हो गई है। इसी क्रम में लैलूंगा पुलिस ने 6 अप्रैल को गांजा तस्करी की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक सप्लायर को 2 किलो 250 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।



मामले में मिली जानकारी के अनुसार लैलूंगा थाना प्रभारी निरीक्षक विजय चेलक को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि उड़ीसा के टपरिया से एक व्यक्ति तोलगे मार्ग होते हुए लैलूंगा की ओर अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर आ रहा है। सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस टीम ने भूती भौवना मुड़ापारा क्षेत्र में घेराबंदी की और संदेही को गांजा परिवहन करते हुए पैदल रास्ते में धर दबोचा। तलाशी के दौरान आरोपी के पास मौजूद कपड़े के झोले से दो पैकेट में 1-1 किलो तथा एक पॉलिथीन में लगभग 250 ग्राम गांजा बरामद हुआ। कुल जप्त 2 किलो 250 ग्राम गांजे की बाजार कीमत लगभग 22,500 रुपये है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान प्रेमसाय चैहान, उम्र 60 वर्ष, निवासी मुड़ापारा थाना लैलूंगा के रूप में हुई है। आरोपी से बरामद गांजा का कोई वैध दस्तावेज नहीं मिलने पर उसे तत्काल हिरासत में लेकर थाना लैलूंगा में एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी) के तहत मामला दर्ज किया गया और आज उसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। एसडीओपी धरमजयगढ़ सिद्धांत तिवारी के मार्गदर्शन और थाना प्रभारी विजय चेलक के नेतृत्व में की गई। टीम में सहायक उप निरीक्षक चंदन नेताम, आरक्षक सुरेश मिंज और मनीष पटनायक की भी सक्रिय भूमिका रही।

# नटरंग फेस्टिवल में शहर की बेटियों ने लहराया परचम

## पहला व दूसरा पुरूस्कार किया अपने नाम

रायगढ़ 08 अप्रैल (देशबन्धु)। संस्कारधानी के नाम से पूरे देश में अलग पहचान बनाने वाले रायगढ़ जिले की बेटियों ने एक बार फिर से अपने कौशल का परिचय देते हुए जिले का नाम रोशन किया है। आयात कथक डांस एकेडमी के बच्चों राजधानी रायपुर में आयोजित नटरंग फेस्टिवल ऑफ डांस चैप्टर ऑफ 2025 में पहला और दूसरा के अलावा अन्य पुरूस्कार जीता है।




मिली जानकारी के अनुसार राजधानी रायपुर के रंग मंदिर अडॉटोरियम में 2 अप्रैल से 6 अप्रैल तक आयोजित नेशनल नटरंग फेस्टिवल ऑफ डांस चैप्टर ऑफ 2025 में रायगढ़ के आयात कथक डांस एकेडमी के बच्चों ने शानदान प्रदर्शन किया। इस एकेडमी के 16 बच्चों ने इस स्पर्धा में हिस्सा लिया था जिसमें कथक, सोलो तथा शानदार ग्रुप डांस की प्रस्तुती देकर न केवल लोगों का दिली जीतने में कामयाब रहे बल्कि बेहतरीन प्रस्तुत के चलते उन्हें प्रथम और द्वितीय पुरूस्कार से भी नवाजा गया।

इस दौरान गुरू तब्बू परवीन को नटरंग गुरू सम्मान से भी सम्मानित किया गया।

इस संबंध में जानकारी देते हुए गुरू तब्बू परवीन ने बताया कि आयात कथक डांस एकेडमी से एकल में याहवी सलूजा, अद्विका शर्मा, मानवी अग्रवाल, राव्या कौर टूटेजा, हत्वी अग्रवाल, रायना अग्रवाल, कानन अग्रवाल, प्राची पटेल, अनुश्री स्वर्णकार, जियाना काबरा जियॉशी काबरा, कृष्णवि सिंह के अलावा नव्या सिंह ने अपनी प्रस्तुती दी इसके अलावा युगल में आरना अग्रवाल और आराध्य अग्रवाल के साथ-साथ समूह में अद्विका अग्रवाल, शयाना चोपड़ा और काव्या अग्रवाल, अनुजा बाजपई, सेजल कुजूर और पूर्वा देवांगन की मनमोहन प्रस्तुती ने जमकर तालियां बंटोरी।

विदित रहे कि यह कोई पहला अवसर नही है कि जब आयात कथक डांस एकेडमी के बच्चों ने कोई ईनाम जीता हो, इससे पहले कई राज्यों में अपनी शानदार प्रस्तुती देकर इस एकेडमी के बच्चों ने केवल अपने गुरू का बल्कि रायगढ़ जिले को कई मर्तबा गौरान्वित करते आ रहे हैं।

# जिले में सुशासन तिहार का हुआ आगाज

## 11 अप्रैल तक नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायतों में आमजन से लिए जाएंगे आवेदन

**अम्बिकापुर,** 8 अप्रैल (देशबन्धु) ।मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा समाज के सभी वर्गों से तत्परता से संवाद एवं समाधान के उद्देश्य से सुशासन तिहार की शुरुआते जिले में हुआ है। यह तिहार तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा, जोकि 31 मई तक चलेगा।

प्रथम चरण के तहत 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों के कार्यालयों में आमजन की विभिन्न मांगों, शिकायतों एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन कार्यालयों में लगे समाधान पेटी में जमा किए जा रहे हैं, जिनका निराकरण 12 अप्रैल से 4 मई के मध्य संबंधित विभागों द्वारा किया जाएगा।

कलेक्टर विलास भोसकर ने विकासखंड लखनपुर एवं उदयपुर की विभिन्न ग्राम पंचायतों में केवरा, कुंवरपुर, अंधला, जजगा, उदयपुर, सोनतराई एवं डांड़गांव का दौरा कर सुशासन तिहार के तहत प्राप्त आवेदनों का अवलोकन किया। उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे आमजन की समस्याओं को सहज और सरल भाषा में समझकर आवेदन भरने में सहायता करें। कलेक्टर ने कुंवरपुर में बुजुर्ग रूढ़िबाई से संवाद करते हुए सुशासन तिहार के संबंध में जानकारी दी और कहा कि उनके द्वारा डाले गए आवेदन का निराकरण एक माह के भीतर सुनिश्चित किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त, उन्होंने जिले में सुशासन तिहार की जानकारी को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने हेतु मुनादी, पंपलेट और पोस्टर के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार करने अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम श्री बन सिंह नेताम, जनपद पंचायत लखनपुर के सीईओ श्री वेद प्रकाश पांडेय, उदयपुर के सीईओ श्री वेद प्रकाश गुप्ता, लखनपुर तहसीलदार श्रीमती अंकिता पटेल, उदयपुर तहसीलदार कमलेश मिरी, मौजूद रही।

वहीं जिला पंचायत सीईओ श्री विनय कुमार अग्रवाल ने प्रथम चरण में चल रहे सुशासन तिहार के अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों का दौरा किया, एवं आमजनों की मांग, समस्याओं पर प्राप्त आवेदन का अवलोकन करते हुए अधिकारियों को इस कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार करने हेतु ग्राम पंचायतों में अधिक से अधिक मुनादी एवं पंपलेट चस्पा करने के निर्देश दिए।

## सार-संक्षेप

### सीईओ ने पंचायतों में आवेदन लेने की व्यवस्थाओं का किया अवलोकन



जांजगीर, 08 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप प्रदेश में सुशासन की सशक्त स्थापना, जनसमस्याओं के त्वरित समाधान, जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा और जन संवाद को सशक्त बनाने के उद्देश्य से सुशासन तिहार का आयोजन तीन चरणों में 08 अप्रैल से 31 मई तक आयोजित किया जा रहा है। जिसके तहत आज कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन में जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे ने विकासखंड नवागढ़ के ग्राम पंचायत पेंड्री ज, खोखरा, विकासखंड अकलतरा के ग्राम तागा, विकासखंड पामगढ़ के ग्राम पंचायत मुड़पार(ब) एवं विकासखंड बलौदा के पिसौद में आवेदन लेने की प्रक्रिया, समाधान पेटी एवं विभिन्न व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि किसी भी नागरिक को आवेदन देने में परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने नागरिकों से जानकारी भी ली। इसके साथ उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत प्रगतिरत कार्यों का जायजा लिया और आवास समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान उप संचालक पंचायत अभिमन्यु साहू सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### नौकरी लगाने के नाम पर 50 हजार की ठगी

#### पंतोरा पुलिस त्वरित कार्यवाही कर किया आरोपी को गिरफ्तार

जांजगीर, 08 अप्रैल (देशबन्धु)। नौकरी लगाने के नाम पर आम नागरिकों से रुपए ऐंठने वाले एक आरोपी को पंतोरा पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार किया है। आरोपी द्वारा कलिंग कोल माइंस, कुसमुंडा (कोरबा) में नौकरी दिलाने का झांसा देकर आवेदक शनिलाल यादव, निवासी अंगारखार समेत अन्य लोगों से कुल 50,000 रुपए की ठगी की गई थी।

मामले को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के निर्देशन में पंतोरा पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कार्यवाही को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी अभिनाश उर्फ अविनाश कुमार साहू (उम्र 25 वर्ष), निवासी पंतोरा सिंचाई कॉलोनी, थाना बलौदा को घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया, जिसके बाद 07 अप्रैल को आरोपी के विरुद्ध धारा 420 भादवि के तहत मामला दर्ज कर उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। इस पूरी कार्यवाही में चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक दिलीप सिंह एवं उनकी टीम की भूमिका सराहनीय रही।

### जिला एवं सत्र न्यायाधीश कार्यालय में रिक्त पदों पर भर्ती हेतु लिखित परीक्षा 20 को

जांजगीर, 08 अप्रैल (देशबन्धु)। कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जांजगीर चांपा की स्थापना में सामान्य स्थापना के अंतर्गत सहायक ग्रेड-3 एवं लिपिक क्लर्क (संविदा) कोर्ट मैनेजर स्टाफ के रिक्त पदों हेतु 23 मार्च को लिखित परीक्षा आयोजित था जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई थी। उपरोक्त पदों पर भर्ती हेतु लिखित परीक्षा अब 20 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। पात्र अभ्यर्थियों का प्रवेश पत्र कार्यालय के वेबसाईट पर परीक्षा केन्द्र के अनुसार अपलोड किया गया है। जिसका अवलोकन अभ्यर्थी कर सकते है। अधिक जानकारी कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जांजगीर-चांपा से संपर्क किया जा सकता है।

### सारंगढ की पत्रकारिता में राजनीति का प्रवेश, निष्पक्षता पर उठे सवाल



**सारंगढ़,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले की पत्रकारिता इन दिनों संकट के दौर से गुजर रही है। पत्रकारिता, जो समाज का चौथा स्तंभ मानी जाती है, वहीं अब कुछ पत्रकारों द्वारा इसे निजी स्वार्थ और राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति का साधन बनाया जा रहा है। यह स्थिति न केवल पत्रकारिता की साख को नुकसान पहुंचा रही है, बल्कि समाज में भ्रम और अविश्वास का माहौल भी पैदा कर रही है। सूत्रों के अनुसार, कुछ पत्रकार अपने राजनीतिक आकाओं के इशारे पर काम कर रहे हैं। वे जहां एक ओर निष्पक्ष पत्रकारों से कार्यक्रमों का बहिष्कार करवा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर खुद ही अतिथियों का सम्मान कर अपने आप को पत्रकारिता का ध्वजवाहक दिखाने का प्रयास कर रहे हैं।

यह %खुद ही जज, खुद ही वकील% जैसी स्थिति बन गई है। इन दोहरे चरित्र वाले पत्रकारों के कारण ईमानदार और समर्पित पत्रकार भी सवालों के घेरे में आ रहे हैं। जो पत्रकार समाज की सच्चाई उजागर करने का काम करते हैं, उन्हें बदनाम करने की कोशिशें भी की जा रही हैं।अब वक्त आ गया है कि ऐसे कथित पत्रकारों की असलियत जनता के सामने लाई जाए। पत्रकारिता को राजनीति से बचाने और उसकी गरिमा को बनाए रखने के लिए समाज, प्रशासन और पत्रकार संगठनों को मिलकर ठोस कदम उठाने होंगे। नहीं तो पत्रकारिता की छवि दिन-ब-

# आम नागरिक परसों तक मांग या समस्याओं दे सकते है आवेदन

### प्रत्येक पंचायतों एवं नगरीय निकायों में लगाया गया है समाधान पेटी




जांजगीर, 08 अप्रैल (देशबन्धु)। सुशासन तिहार 2025 के प्रथम चरण के अंतर्गत मंगलवार 08 अप्रैल से समस्या, शिकायत और मांगों को लेकर आवेदन देने की प्रक्रिया सुबह 10 बजे से प्रारम्भ हो गई है। आवेदन लेने की प्रक्रिया शुक्रवार 11 अप्रैल तक चलेगी। आवेदक उक्त स्थानों पर जाकर अपनी मांगों एवं समस्याओं को लेकर प्रात: 10 बजे से शाम 05 बजे तक समाधान पेटी के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। पंचायतों, नगरीय निकायों के अलावा कलेक्टोरेट, जनपद और तहसील कार्यालयों में भी समाधान पेटी लगाए गए हैं। जहां नागरिक आवेदन लेकर पहुंच रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप सुशासन तिहार 2025 संचालित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करना, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करना तथा विकास कार्यों में गति लाने के साथ ही आम जनता जनप्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों से सीधा संवाद स्थापित करना है। सुशासन तिहार का आयोजन तीन चरणों में होगा पहले चरण में 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक आम जनता से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। दूसरे चरण में लगभग एक माह के भीतर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। तीसरी एवं अंतिम चरण में 5 मई से 31 मई के बीच समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर के निर्देशन में 8 से 11 अप्रैल तक प्रात: 10 से शाम 5 बजे तक प्रतिदिन आम जनता से समाधान पेटी में आवेदन प्राप्त करने अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

## मुख्यमंत्री का कांग्रेस जनों ने किया पुतला दहन



जांजगीर, 08 अप्रैल (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय दुर्ग के मोहन नगर थाना अंतर्गत 6 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ हुई दुराचार व हत्या तथा प्रदेश की महिलाओं के साथ लगातार घट रही अपराध की संवेदनशील घटना को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने व राज्य की लचर कानून व्यवस्था सहित गृह मंत्री से इस्तीफे की मांग को लेकर 8 अप्रैल को जिला कांग्रेस के कार्यकारी जिला अध्यक्ष रमेश पैगवार, जांजगीर चांपा विधायक ब्यास कश्यप के नेतृत्व में प्रदेश के भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ परस शर्मा, गिरधारी यादव,रफीक सिद्धकी, विवेक सिसोदिया, उत्तम पाटले लोकेश राठौर, शिशिर द्विवेदी, अजीत सिंह राणा, प्रिंस शर्मा, देव कुमार पांडे, श्रीमती सीमा शर्मा, भगवान दास गढ़वाल, शत्रुघ्न दास महंत, नवल सिंह, आभास बोस, महारथी बघेल,आकाश तिवारी, परमेश्वर निर्मले, सुखराम गरेवाल, अजय दिव्य, पवन कश्यप, रफीक खान, महेश पटेल, गौरव सिंह, पंकज शुक्ला, अनिल राठौर, विजय तिवारी, शांति कुमार साहू, अमन तिवारी, मनोरमा पाटेकर, वर्षा सिंह, ज्योति नोर्गे, संतोष बबई गढ़वाल, अनिल चौरसिया, राजा सिद्धकी,पार्षद विष्णु यादव, जगदीश्वरी सूर्यवंशी, रेखा सोनवान, देवराज सिंह, अरमान खां,हर्ष शुक्ला, राजू सूर्यवंशी, अनीतासूर्यवंशी, अशोक सोनवानी, लच्छी लदेर, रामविलास राठौर, राजू शर्मा, पंकज यादव, आकाश सिंह, दिनेश महंत, प्रियंका मानसी, माला तानिया, सविता सूर्यवंशी, पूर्णिमा देशावर, शिव शंकर सूर्यवंशी, प्रतिभा सूर्यवंशी, नरसिम्हा यादव, चंद्र कुमार ओग्रे, प्रमोद पांडे, संदीप लाठियां, दीपेंद्र कहरा, पवन कहरा, जमुना राठौर, सुलेखा बर्मन, शितेष कंवर , धनपति करियारे,राम कुमार यादव, चंपा प्रधान, विजय गढवाल, कमलेश ताम्रकार, चेतन देवांगन, राधेश्याम बघेल, लक्ष्मी महंत आदि प्रमुख रूप से उपस्थित हुए।

## दस दिवसीय शतरंज के समर कैंप का हुआ समापन

### किड्स प्रमोट चेस एकेडमी एवं जिला शतरंज संघ जांजगीर चांपा के संयुक्त तत्वाधान में 29 मार्च से 7 अप्रैल तक आयोजन



जांजगीर, 08 अप्रैल (देशबन्धु)। कृष्णा विहार कॉलोनी घुठिया में किड्स प्रमोट चेस एकेडमी एवं जिला शतरंज संघ जांजगीर चांपा के संयुक्त तत्वाधान में 29 मार्च से 7 अप्रैल तक दस दिवसीय शतरंज का समर कैंप आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों ने भाग लेकर शतरंज के नियम, रणनीति और बारीक तकनीकों का अभ्यास किया। समर कैंप का उद्देश्य बच्चों के मानसिक विकास, एकाग्रता, धैर्य और निर्णय क्षमता को प्रोत्साहित करना था।

जिले के अनुभवी प्रशिक्षक देवेंद यादव, श्रीमती जयंती यादव द्वारा शतरंज के ओपनिंग, मिडिल गेम, एंडगेम तथा चेक-मेट की तकनीकों पर गहन प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही समय समय पर जिला शतरंज संघ अध्यक्ष देवेन्द्र राठौर एवं सदस्य गिरधर गोपाल का मार्गदर्शन मिलता रहा। समापन अवसर पर आयोजित शतरंज प्रतियोगिता में प्रतिभागियों के को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीमती शशि राठौर एवं वरिष्ठ समाजसेवी श्रीमती कृष्णा यादव की उपस्थिति ने बच्चों का मनोबल बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अतिथियों ने इस प्रकार के आयोजनों को बौद्धिक और सामाजिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक बताया।

#### शह और मात के खेल में बच्चे हुए दक्ष

समर कैंप के दौरान बच्चों ने न केवल खेल के नियमों को समझा, बल्कि शतरंज की बारीकियों में भी दक्षता हासिल की। यह आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में एक मील का पत्थर साबित हुआ, जिसने उनके आत्मविश्वास, रणनीतिक सोच और मानसिक संतुलन को नई दिशा प्रदान की। किड्स प्रमोट चेस एकेडमी के आयोजक श्रीमती जयंती यादव ने कहा कि भविष्य में भी इसी तरह के कार्यक्रमों का आयोजन जारी रहेगा ताकि और अधिक बच्चों को शतरंज के माध्यम से मानसिक विकास के अवसर मिल सकें। सभी अभिभावकों, प्रशिक्षकों और सहयोगियों का आभार प्रकट करते हुए, इस कैंप को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी व्यक्तियों का धन्यवाद किया गया। समर कैंप में आरव, प्रखर, वेदांश, रिद्धि, अनाया, अभिनीत, अक्षत, वीर, शैल, कायरा, कनिष्का, योगांश, अर्नब, प्रयाशा, ख्वाहिश, गर्वित, प्रणय, कृतिका, कुनाल आदि बच्चे शामिल हुए।

## जिला पंचायत की स्थायी समितियों का निर्विरोध चुनाव संपन्न



जांजगीर, 08 अप्रैल (देशबन्धु)। जिला पंचायत में सोमवार को स्थायी समितियों के सभापति और सदस्यों के चयन की प्रक्रिया पूरी की गई। जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव के पश्चात देर रात तक सामान्य सभा की बैठक में 12 स्थायी समितियों के लिए सभापति और सदस्यों का चुनाव निर्विरोध रूप से किया गया।

इस चुनाव प्रक्रिया का संचालन अपर कलेक्टर एवं निर्वाचन अधिकारी आराध्या राहुल कुमार ने किया। उन्होंने जानकारी दी कि सभी सभापति निर्विरोध चुने गए, जिससे यह प्रक्रिया शांतिपूर्ण और सहमति से संपन्न हुई।

सामान्य प्रशासन समिति की सभापति जिला पंचायत अध्यक्ष सत्यलता आनंद मिरी को बनाया गया। वहीं अन्य समितियों में कृषि समिति के सभापति राज कुमार साहू, शिक्षा समिति के सभापति गगन जयपुरिया, संचार एवं संकर्म समिति की सभापति प्रियंका सिंह, सहकारिता एवं उद्योग समिति के महादेव नेताम, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल कल्याण समिति की मोहन कुमारी, वन समिति की बबिता रात्रे, स्वच्छता समिति की प्रमिला साहू, पर्यावरण एवं औद्योगिक सुरक्षा समिति की आशा साव, पशुधन विकास समिति की उर्मिला यादव और सामाजिक कल्याण समिति की उमा राठौर को चुना गया। चुनाव पूर्ण होने के पश्चात सामान्य सभा की बैठक आयोजित कर ग्रामीण क्षेत्र के विकास की दिशा में योजनाओं की शुरुआत की जाएगी।

## पंचायत सचिवों की हड़ताल का 22वां दिन, सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा

जांजगीर, 08 अप्रैल (देशबन्धु)। पंचायत सचिवों का शासकीयकरण की मांग को लेकर जारी आंदोलन 22 वें दिन भी जारी रहा। जिलेभर से सैकड़ों पंचायत सचिवों ने एकजुट होकर बाइक रैली निकाली और एसडीएम कार्यालय पहुंचकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन के दौरान सचिवों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'मोदी की गारंटी' को याद दिलाया और आरोप लगाया कि चुनाव पूर्व किए गए वादे अब तक पूरे नहीं किए गए हैं। पंचायत सचिव संघ के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह गहलोत ने कहा, बीजेपी ने चुनाव से पहले पंचायत सचिवों के शासकीयकरण का वादा किया था, लेकिन सरकार बनने के बाद अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। इससे सचिवों में भारी नाराजगी है। हड़ताली सचिव रितु सोनी ने कहा, हम दिन-रात मेहनत कर पंचायतों को संचालित करते हैं, लेकिन सरकार हमारे भविष्य को लेकर गंभीर नहीं है। अगर 20 अप्रैल तक हमारी मांगें नहीं मानी गईं, तो हम दिल्ली के जंतर-मंतर तक आंदोलन करेंगे। एक अन्य सचिव ने बताया कि सरकार की अनदेखी से सचिवों का मनोबल टूट रहा है। हम शासकीय कर्मचारी का दर्जा चाहते हैं, ताकि भविष्य सुरक्षित हो सके। पंचायत सचिव संघ ने साफ कर दिया है कि जब तक उनकी एक सूत्रीय मांग पूरी नहीं होती, तब तक हड़ताल जारी रहेगी। जरूरत पड़ने पर राजधानी दिल्ली में भी जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा। सचिवों ने आंदोलन को और अधिक उग्र रूप देने की चेतावनी दी है।

#### सरपंचों को अब तक प्रभार नहीं सौंपा जा सका

हड़ताल के कारण पंचायतों का रोजमर्रा का कामकाज पूरी तरह ठप हो गया है। नवनिर्वाचित सरपंचों को अब तक प्रभार नहीं सौंपा जा सका है, जिससे मनरेगा, पीएम आवास योजना सहित अन्य विकास योजनाएं प्रभावित हो रही हैं और ग्रामीण जनता को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## रामनवमी पर नगर डभरा में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई

### हजारों की संख्या में राम भक्त शामिल हुए

### भगवामय हुआ नगर डभरा श्री राम की जयकारे से गूंज उठा


**डभरा,** 06 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर पंचायत डभरा में रामनवमी पर्व के अवसर पर नगर पंचायत डभरा द्वारा थाना चौक के पास हनुमान मंदिर से राम भक्तों द्वारा भव्य शोभा यात्रा निकाली गई।

हम आपको बता दें कि नगर पंचायत डभरा में रामनवमी के दिन ऐतिहासिक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इस शोभा यात्रा में अतिथि के रूप में सांसद कमलेश जांगड़े एवं भाजपा नेत्री संयोगिता युद्धवीर सिंह जूदेव व कमल किशोर पटेल उपाध्यक्ष जिला पंचायत सक्ती साथ में नगर पंचायत डभरा के अध्यक्ष दीपक कंवलधर साहू एवं लीलांबर सिंह जगत उपाध्यक्ष नगर पंचायत डभरा व दिनेश बरेठ अध्यक्ष भाजपा मंडल डभरा एवं भाजपा नेता दिलीप गुप्ता शैलेन्द्र बंजारे पुरन सरल भूपेंद्र पटेल हेमंत पटेल सुभाष अग्रवाल सौरभ अग्रवाल सहित अन्य भाजपा नेता नगर पंचायत के पार्षदगण शामिल रहे। अतिथियों द्वारा हनुमान मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना किया गया। नगर पंचायत डभरा के अध्यक्ष दीपक कंवलधर साहू के नेतृत्व में नगर में ऐतिहासिक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इस शोभा यात्रा में आतिशबाजी के साथ धूमाल पार्टी के नगाड़े गाजे बाजे डीजे की धुन एवं रथ में सवार श्री राम भगवान सीता लक्ष्मण हनुमान बानर सेना झांकी के साथ निकाली गई ।जो हनुमान मंदिर थाना चौक से होते हुए हजारों की संख्या में राम भक्तों ने श्री राम के जयकारे लगाते हुए नगर पंचायत डभरा के गलियों भ्रमण करते हुए श्री चक्रधारी भगवान मंदिर पहुंचे। पूरा नगर डभरा राम जी जयकारे के साथ भक्तिमय माहौल रहा। इस शोभा यात्रा में नगरवासियों एवं आस पास गांवों के श्री राम भक्तों कि हुजूम उमड़ पड़ी । शाम को निकली शोभा यात्रा में धूमाल की लाइट डेकोरेशन एवं गाजे बाजे रथ में सवार राम भगवान जो देखते ही बन रहा था शोभा यात्रा में श्री राम भक्तों द्वारा झंडे बैनर श्री राम भगवान की जय घोष से गूंज उठा।

श्री चक्रधारी भगवान मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना किया गया।श्री चक्रधारी भगवान मंदिर को विशेष झालर लाइट डेकोरेशन से सजाया गया है जो रात्रि में बहुत ही खूबसूरत मनमोहक दृश्य दिख रहा रहा है। इस शोभा यात्रा के अवसर पर हजारों कि संख्या में नगर डभरा के महिलाएं नगरवासी आस पास गांवों के श्री राम भक्त शामिल हुए।

## प्रभु श्री राम का जन्मोत्सव मनाया गया

### विशाल पालकी शोभा यात्रा नगर वासियों को दिए दर्शन



खरसिया, 8 अप्रैल (देशबन्धु)। श्री राम जानकी मंदिर खरसिया में प्रभु श्री राम जी का जन्मोत्सव भक्तिमय वातावरण में धूमधाम से मनाया गया प्रात: काल से प्रभु श्री राम के दर्शन के लिए भक्तों की अपार भीड़ लगी रही। श्री राम के भजनों के साथ श्रीराम जानकी मंदिर में प्रभु श्री राम के जन्म समय दोपहर 12 बजे श्री राम जन्मोत्सव के साथ भव्य महाआरती आरती की गई, पश्चात विशाल भंडारे पूरी सब्जी चावल रूपी प्रसाद का किया गया वितरण संध्या 4 बजे से श्री राम जी की भव्य विशाल पालकी शोभा यात्रा धूमधाम से ढोल तासे गाजे बाजे डीजे एवं भव्य आतिशबाजी के साथ खरसिया नगर में निकाली गई प्रभु श्री राम के मनोहरी दर्शन को भक्तों की भीड़ उमड़ रही थी जो बार-बार प्रभु श्री राम के अलौकिक रूप के दर्शन कर रही थी जैसे कह रही हो एक बार देखो दिल ना भरेगा बार बार देखो फिर जी करेगा।

#### रामनवमी शोभायात्रा बनी सामाजिक व राजनीतिक एकता की मिसाल भाजपा सांसद व कांग्रेस विधायक शामिल हुए

खरसिया में निकाली गयी श्रीराम नवमी की शोभायात्रा एक तरह से सामाजिक एकता के साथ ही राजनीतिक एकता व शौहाद्र की भी मिसाल बन कर सामने आई, खरसिया के जनमानस में प्रभु श्रीराम व माता रानी के प्रति समर्पण व सद्भावना का उदाहरण बन कर सामने आया इस शोभायात्रा में स्वस्फूर्त उमड़ा जनसैलाब जो पूरे भक्ति भाव के साथ प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव की भक्ति में डूबकर मतवाले की तरह नाचते, गाते और जयकारे लगाते शोभायात्रा के माध्यम से खरसिया शहर की धर्म परायणता की मिसाल पेश कर रहे थे।

# देश विदेश

## दक्षिण कोरिया में 3 जून को होगा राष्ट्रपति चुनाव, सरकार का फैसला

**सोल,** 8 अप्रैल (एजेंसियां)। दक्षिण कोरियाई सरकार ने मंगलवार को औपचारिक रूप से ऐलान किया कि राष्ट्रपति चुनाव 3 जून को होगा। पूर्व राष्ट्रपति यून सुक योल को पद से हटाए जाने के बाद यह निर्णय लिया गया है। यह घोषणा कैबिनेट बैठक में की गई जो कि यून महाभियोग केस में संवैधानिक न्यायालय के फैसले के चार दिन बाद हुई। न्यायालय ने यून के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव जारी रखा जिसका मतलब था कि उन्हें अपना पद छोड़ना होगा और नए राष्ट्रपति चुनाव कराए जाएंगे। संविधान के अनुसार, देश में राष्ट्रपति पद रिक्त होने के 60 दिनों के भीतर नए चुनाव कराना अनिवार्य है। जब पूर्व राष्ट्रपति पार्क ग्यून-हे को 10 मार्च, 2017 को पद से हटाया गया, तो चुनाव ठीक 60 दिन बाद, 9 मई को आयोजित किए गए।

# ट्रंप व नेतन्याहू ने की गाजा बंधकों व टैरिफ पर चर्चा

■ **बातचीत में बंधकों की रिहाई को सर्वोच्च प्राथमिकता बताया**

**वाशिंगटन,** 8 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने व्हाइट हाउस में मुलाकात की। इस मुलाकात में गाजा बंधक संकट और इजरायली वस्तुओं पर अमेरिकी टैरिफ पर चर्चा हुई। पत्रकारों से बातचीत के दौरान ट्रंप ने गाजा में बंधकों की रिहाई को सर्वोच्च प्राथमिकता बताया। उन्होंने चल रही वार्ताओं के बारे में आशा व्यक्त की, लेकिन कोई विशिष्ट विवरण नहीं दिया। ट्रंप ने कहा कि हम प्रगति कर रहे हैं। मुझे विश्वास है कि हम जल्द ही सभी बंधकों को घर वापस ले आएंगे। नेतन्याहू ने इस पर सहमति जताते हुए बंधकों की आजादी सुनिश्चित करने के लिए इजरायल की प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

सिन्हुआ समाचार एजेंसी के अनुसार, उन्होंने इजरायल और हमास के बीच अस्थिर युद्ध विराम पर भी बात की। हालांकि उन्होंने किसी नए समझौते की घोषणा नहीं की, लेकिन दोनों ने क्षेत्र में हिंसा को कम करने के महत्व पर जोर दिया। ट्रंप ने हाल ही में इजरायल से आयात पर 17 प्रतिशत टैरिफ लगाने का बचाव



किया, जो उनकी व्यापक व्यापार नीति का हिस्सा है और कई अर्थव्यवस्थाओं को प्रभावित कर रहा है।

नेतन्याहू ने कथित तौर पर इन शुल्कों से राहत मांगी, तथा संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ व्यापार संबंधों को मजबूत करने के

**हम प्रगति कर रहे हैं, मुझे विश्वास है कि हम जल्द ही सभी बंधकों को घर वापस ले आएंगे : डोनाल्ड ट्रंप**


इजरायल के प्रयासों पर प्रकाश डाला।

2024 में, दोनों देशों के बीच कुल वस्तु व्यापार 37.0 बिलियन डॉलर होने का अनुमान है, जिसमें इजरायल को अमेरिकी निर्यात 14.8 बिलियन डॉलर और इजरायल से आयात 22.2 बिलियन डॉलर होगा, जिसके परिणामस्वरूप अमेरिका का व्यापार घाटा 7.4 बिलियन डॉलर होगा। इजरायली अधिकारियों के अनुसार, नेतन्याहू की व्हाइट हाउस यात्रा की व्यवस्था पिछले गुरुवार को दोनों नेताओं के बीच फोन पर हुई बातचीत के दौरान की गई थी, जब नेतन्याहू ने टैरिफ का मुद्दा उठाया था। व्हाइट हाउस ने शुरू में एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की योजना बनाई थी, लेकिन बिना किसी स्पष्टीकरण के इसे रद्द कर दिया गया। इसके बजाय, पत्रकारों ने ओवल ऑफिस मीटिंग में सवाल पूछे।

ट्रंप ने इस बैठक के दौरान गाजा के पुनर्विकास के लिए किसी दीर्घकालिक योजना पर चर्चा नहीं की। उनके प्रशासन ने पहले भी इस क्षेत्र के लिए विवादास्पद विचार प्रस्तावित किए हैं, जिनकी विभिन्न समूहों द्वारा आलोचना की गई है।

## अमेरिका की ईरान के साथ सीधी बातचीत

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच सीधी बातचीत हो रही है और पहली बैठक शनिवार को होने वाली है, जो लगभग शीर्ष स्तर पर होगी। उन्होंने कहा कि समझौते पर पहुंचने में विफलता से तेहरान को बहुत बड़ा खतरा हो जाएगा, क्योंकि उसे परमाणु हथियार रखने की अनुमति नहीं दी जा सकती। अमेरिकी राष्ट्रपति ने वार्ता के स्थान या इसमें शामिल होने वाले अधिकारियों के बारे में कोई संकेत नहीं दिया। हालांकि उन्होंने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ एक समाचार सम्मेलन में कई बार कहा कि वार्ता बहुत शीर्ष स्तर पर और लगभग उच्चतम स्तर पर होगी। ट्रंप की घोषणा ऐसे समय में हुई है जब उन्होंने पहली बार वार्ता के लिए सार्वजनिक निमंत्रण के साथ प्रक्रिया शुरू की थी।



## डोनाल्ड ट्रंप ने दी चीन पर 50 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाने की धमकी

**न्यूयॉर्क।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन को 50 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाने की धमकी दी है, जिससे कुल टैरिफ उत्पादों के मूल्य से भी अधिक हो जाएंगे। साथ ही, वे दुनिया भर के देशों पर बराबरी का टैक्स लगाने की अपनी नीति को और मजबूती दे रहे हैं। उन्होंने सोमवार को ट्रुथ सोशल पर लिखा कि अगर चीन ने 8 अप्रैल 2025 तक अपने 34 प्रतिशत टैरिफ वृद्धि को वापस नहीं लिया, तो अमेरिका 9 अप्रैल से चीन पर 50 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाएगा। ट्रंप ने यह भी कहा कि वह बीजिंग के साथ शुल्कों पर किसी भी बातचीत को खत्म कर देंगे। अन्य शुल्कों के साथ मिलकर, कुल टैरिफ 104 प्रतिशत तक पहुंच जाएगा। अगर अमेरिका-चीन टैरिफ विवाद में कोई भी पक्ष पीछे नहीं हटा, तो आयातित उत्पादों की कीमत से अधिक शुल्क का अमेरिकी उपभोक्ताओं पर बुरा असर पड़ सकता है, जो रोजमर्रा की कई चीजों के लिए चीन पर निर्भर हैं। ट्रंप का यह बयान चीन के उस ऐलान के जवाब में था, जिसमें उसने अमेरिकी आयात पर 34 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की थी। पारस्परिक शुल्कों में किसी भी रुकावट से इनकार करते हुए ट्रंप ने पत्रकारों से कहा कि हम इस पर विचार नहीं कर रहे हैं। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ बैठक के बाद बोलते हुए उन्होंने कहा कि मुझे इससे गुजरने में कोई आपत्ति नहीं है, क्योंकि मुझे अंत में एक खूबसूरत तस्वीर दिखाई देती है।



## सुडोकू 6877

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 5 | 6 | | |
| | 3 | | 9 | | 7 | | 4 | 5 |
| | 2 | | | | 6 | 8 | | 7 |
| | | 2 | | 4 | 9 | | | |
| | | 7 | | | | 3 | | |
| | | | 7 | 6 | | 5 | | |
| 2 | | 5 | 6 | | | | 8 | |
| 1 | 4 | | 8 | | 3 | | 5 | |
| | | 3 | 2 | | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : बुधवार 9 अप्रैल, 2025 चैत्र शुक्ल पक्ष 12**

### राशिफल

मेष - आज आपको अपने उग्र स्वभाव पर संयम रखने की जरूरत है। शारीरिक और मानसिक रूप से शिथिलता का अनुभव होगा। अधिक परिश्रम के बावजूद अपेक्षित सफलता नहीं मिलेगी।

वृषभ - आज आप दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ काम कर सकेंगे। इस काम का फल भी आपको अपेक्षानुसार मिलेगा। मायके से लाभदायी समाचार प्राप्त होंगे। अभ्यास में विद्यार्थियों की रुचि रहेगी।

मिथुन - नई योजनाएं शुरू करने के लिए आज अनुकूल दिन है। व्यवसाय करने वालों को सरकार की तरफ से लाभ मिलने और नौकरीपेशा को उच्च अधिकारियों की कृपादृष्टि मिलेगी।

कर्क - आज आप शारीरिक और मानसिक अस्वस्थता अनुभव करेंगे। परिणामस्वरूप मन में नकारात्मक विचार पैदा होंगे। किसी के साथ गलतफहमी होने के कारण मनमुटाव हो सकता है। पारिवारिक वातावरण खराब हो सकता है।

सिंह - भरपूर आत्मविश्वास और दृढ़ निर्णय के कारण आज आप कोई भी काम त्वरित निर्णय लेकर पूरा करेंगे। समाज में मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। पिता तथा अभिभावकों का सहयोग प्राप्त होगा। मन आनंदित रहेगा।

कन्या - शारीरिक अस्वस्थता के साथ-साथ मानसिक चिंता में वृद्धि होगी। आंख संबंधी शिकायत पैदा होगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ मनमुटाव होगा। उग्रवाणी और अहं के टकराव से किसी के साथ झगड़े या विवाद की स्थिति बन सकती है।

तुला - आज विविध क्षेत्र में लाभ मिलने से आप शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ और प्रफुल्लित रहेंगे। मित्रों के साथ मुलाकात, रमणीय स्थानों पर प्रवास पर्यटन का आयोजन होगा। गृहस्थ जीवन में सुख- शांति का अनुभव होगा।

वृश्चिक - आज आपके हरेक कार्य निर्विघ्न पूरे होंगे। गृहस्थ जीवन में आनंद छाया रहेगा। मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नौकरी- व्यवसाय में प्रगति होगी। अधिकारी और घर में बड़ों से लाभ मिलेगा। धन लाभ होगा।

धनु - शरीर में थकान और बेचैनी रहेगी। स्वास्थ्य नरम-गरम रहेगा। मन चिंता से व्याकुल रहेगा। आज यात्रा स्थगित रखने की सलाह दी जाती है। संतान के विषय में चिंता रहेगी। भाग्य साथ न देता हुआ प्रतीत होगा।

मकर - खान-पान पर ध्यान नहीं रखने से आज तबीयत खराब होने की आशंका है। मरीज़ की चिकित्सा, प्रवास या व्यापारिक कामों के पीछे धन खर्च होगा। भागीदारों के साथ मतभेद होगा।

कुंभ - भरपूर आत्मविश्वास और दृढ़ मनोबल के साथ प्रेम और रोमांस आपके आज के दिन को अच्छा बनाएंगे। नए लोगों के साथ परिचय और मित्रता होगी। सार्वजनिक मान- सम्मान में वृद्धि होगी। उत्तम वैवाहिक सुख की प्राप्ति होगी।

मीन - घर में सुख- शांति और आनंद का वातावरण बने रहने से आप अपने दैनिक कामों को आत्मविश्वास से कर सकेंगे। आपको स्वाभाविक उग्रता और वाणी की आक्रामकता पर संयम रखने की जरुरत है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## बांग्लादेश में इजरायल विरोधी प्रदर्शनकारियों ने की तोड़फोड़, 49 लोग गिरफ्तार

**ढाका,** 8 अप्रैल (एजेंसियां)। फिलिस्तीन समर्थक विरोध प्रदर्शन के दौरान सिलहट और देश के कई अन्य शहरों में दुकानों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों में तोड़फोड़ के सिलसिले में 49 लोगों की गिरफ्तारी किया गया। बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार कार्यालय (सीएओ) ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

स्थानीय मीडिया के अनुसार, भीड़ ने गाजा पर इजरायली हमलों के विरोध में बोगरा, सिलहट, कॉक्स बाजार और अन्य जिलों में तोड़फोड़ की। प्रदर्शनकारियों ने बाटा, केएफसी और पिज्जा हट जैसे इजरायली-संबंधित व्यवसायों को निशाना बनाया। उन्होंने कुछ उत्पादों के बहिष्कार की भी मांग की। अंतरिम सरकार के एक बयान में कहा गया कि पुलिस ने कल रात अपराधियों को निशाना बनाकर छापेमारी की। विरोध प्रदर्शनों के वीडियो फुटेज की बारीकी से जांच की जा रही है ताकि हंगामे में शामिल अन्य लोगों की पहचान की जा सके। ये अभियान तब तक जारी रहेंगे जब तक कि हिंसा और विनाश के लिए जिम्मेदार सभी लोगों को पकड़ नहीं लिया जाता।

सोमवार को सोशल मीडिया पर कई वीडियो वायरल हुए, जिनमें प्रदर्शनकारियों को इजरायली उत्पादों को स्टॉक करने और बेचने के आरोप में दुकानों, रेस्तरां, स्टोर पर हमला करते और



**गाजा में संघर्ष को समाप्त करने की मांग को लेकर हो रहे विरोध प्रदर्शनों के बाद राजनयिक क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ा दी गई : अली अहमद मसूद**

तोड़फोड़ करते हुए नजर आए। इसमें कई रेस्तरां और स्टोर शामिल थे।

सोमवार शाम को ढाका के राजनयिक क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ा दी गई, खास तौर पर अमेरिकी दूतावास के आसपास, क्योंकि इस क्षेत्र में फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शन लगातार जारी है। गुलशन क्षेत्र में अन्य दूतावासों की भी सुरक्षा बढ़ाई गई। बांग्लादेश के प्रमुख बंगाली दैनिक प्रथम अलो ने गुलशन क्षेत्र के सहायक पुलिस आयुक्त अली अहमद मसूद के हवाले से कहा कि गाजा में संघर्ष को समाप्त करने की मांग को लेकर हो रहे विरोध प्रदर्शनों के बाद राजनयिक क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ा दी गई।

## म्यांमार में विनाशकारी भूकंप के बाद महसूस किए गए 98 झटके

**यांगून,** 8 अप्रैल (एजेंसियां)। म्यांमार में आए विनाशकारी भूकंप के बाद से अब तक कुल 98 झटके महसूस किए गए हैं। देश के मौसम विज्ञान और जल विज्ञान विभाग ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इन झटकों की तीव्रता 2.8 से 7.5 तक थी।



**भूकंप में मरने वालों की संख्या बढ़कर 3,600 हो गई**

म्यांमार में आए 7.7 तीव्रता के भूकंप में मरने वालों की संख्या बढ़कर 3,600 हो गई है, 5,017 लोग घायल हुए हैं और 160 लोग अभी भी लापता हैं।

राज्य प्रशासन परिषद की सूचना टीम ने यह जानकारी दी। दक्षिण-पूर्व एशियाई देश के मांडले क्षेत्र में 28 मार्च को शक्तिशाली भूकंप आया, जिसके कुछ ही मिनट बाद 6.4 तीव्रता का दूसरा झटका आया, जिससे जानमाल की भारी हानि हुई। भूकंप ने मंडाले जैसे कई शहरों को तबाह कर दिया। संयुक्त राष्ट्र समेत अन्य अंतरराष्ट्रीय सहायता संगठनों को राहत और बचाव कार्य चलाने में काफी संघर्ष करना पड़ा। हालांकि, यूएन, अमेरिका, भारत, यूरोपीय संघ, कई अन्य देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने म्यांमार में भूकंप पीड़ितों के लिए सहायता और बचाव दल भेजे।

## कनाडा के प्रधानमंत्री ने की बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर की आध्यात्मिक यात्रा

**टोरंटो,** 8 अप्रैल (एजेंसियां)। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने श्रीराम जन्मोत्सव एवं श्री स्वामीनारायण जयंती के पावन पर्व पर बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर, टोरंटो का दिव्य और भक्ति-भावनाओं से परिपूर्ण दर्शन किया। यह शुभ अवसर भगवान श्रीराम और भगवान श्री स्वामीनारायण की पवित्र जयंती का संयुक्त उत्सव था।



प्रधानमंत्री का स्वागत वैदिक परंपरा के अनुसार नाड़ा-छड़ी (पवित्र सूत्र) बांधकर तथा पुष्पमालाओं से किया गया। वरिष्ठ बीएपीएस संतों ने उन्हें मंदिर की आध्यात्मिक गरिमा से परिचित कराया। प्रधानमंत्री ने नीलकंठवर्णी महाराज का अभिषेक कर देश-विदेश में शांति, सद्भावना और समृद्धि की मंगलकामना की। मंदिर की भव्यता, कलात्मक पत्थर की नक्काशी और आध्यात्मिक वातावरण से प्रधानमंत्री अभिभूत हो गए। उन्होंने श्रद्धा से आरती में भाग लिया और श्रीहरि को फूल व फल अर्पित किए।

## नेपाल में राजशाही की बहाली की मांग, हाई अलर्ट पर पुलिस

**काठमांडू,** 8 अप्रैल (एजेंसियां)। नेपाल की राजशाही समर्थक राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (आरपीपी) मंगलवार को राजधानी में फिर प्रदर्शन करने जा रही है। इस बार उसने बल्खू में विरोध प्रदर्शन करने की घोषणा की है। आरपीपी राजशाही की बहाली और पुलिस हिरासत में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं की रिहाई की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन करने जा रही है। इससे पहले काठमांडू के तिनकुने इलाके में 28 मार्च को राजशाही समर्थक प्रदर्शन उग्र हो उठा था। सुरक्षाकर्मियों और राजशाही समर्थक प्रदर्शनकारियों के बीच हिंसक झड़पों में दो लोगों की मौत हो गई और सैकड़ों लोग घायल हो गए।


स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, इस घटना के सिलसिले में कई नेताओं और राजशाही समर्थकों को गिरफ्तार किया गया है। नेपाल में राजशाही को फिर से स्थापित करने के मिशन के साथ गठित संयुक्त जन



■ **सरकार व राजशाही दोनों ही खेमे हिंसा भड़काने के लिए एक-दूसरे पर लगा रहे आरोप**

आंदोलन के समन्वयक नबराज सुबेदी को घर में नजरबंद रखा गया है। जबकि आरपीपी के नेता उपाध्यक्ष रवींद्र मिश्रा और महासचिव धवल शमशेर राणा पुलिस हिरासत में हैं। सरकार और राजशाही दोनों ही खेमे तिनकुने विरोध प्रदर्शन के दौरान हिंसा भड़काने के लिए एक-दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। आरपीपी का मंगलवार को विरोध प्रदर्शन 'स्थिति बदलने के लिए व्यवस्था बदलें' के नारे के तहत आयोजित किया जाएगा।

## वर्ग पहेली 6877



**बायें से दायें:-**

१.दिखाई देता हुआ
४. बहुत ही मशहूर
६. पैदायशी अंधा
७. जोड़ा, जो दो की संख्या में हो
८. नीरस, फीका, बेमजा
१०. बंधन कड़ा करना, कसकर बाँधना
११. कर या शुल्क का अतिरिक्त भार जो विशेष परिस्थितियों में किसी पर डाला जाए
१३. निदा, जुगुप्सा
१४. लाल कमल, चांदी, विष्णु, कपूर
१५. जिस पर असर पड़ा हो
१७. (के) स्थान पर, बदले में (उर्दू)
१९. इम्तहान, गुण-दोष योग्यता आदि जानने के लिए किया गया काम
२१. मिलाने वाला, जोड़ने वाला
२२. राहगीरों को लूटने का काम (उर्दू)
२४. अदालत

**ऊपर से नीचे:-**

१. शिव, धृतराष्ट्र का एक पुत्र, दृढ़ता पूर्वक अस्त्र चलाने वाला
२. श्रीकृष्ण
३. चंद्रमा
४. गोश या खराबी का दूर होना
५. सैनिक
९. जिसे नृत्य करना पसंद हो, मोर
११. हैरानी, अचरज
१२. विभक्त, भाग किया हुआ
१३. साहित्य सम्मान (उर्दू)
१४. दस से बारह वर्ष की कन्या कुंआरी कन्या, दुर्गा
१५. प्रतिद्वंद्वी, शत्रु, विरोधी
१६. वह विषाक्त कन्या जिसके संसर्ग करने से मृत्यु हो जाती है
१८. उचित, ठीक (उर्दू)
१९. प्रारंभ, शुरुआत
२०. जड़ी-बूटी या खनिजों का रासायनिक विधि से बनाया गया नमक
२३. जो ऊपर न हो,अधो

### वर्ग पहेली-6876



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### सुडोकू 6877 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 8 | 1 | 2 | 5 | 6 | 3 | 9 |
| 6 | 3 | 1 | 9 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 5 | 2 | 9 | 4 | 3 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 4 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 9 | 6 | 7 | 5 | 1 | 8 | 3 | 2 | 4 |
| 3 | 1 | 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 8 |
| 2 | 9 | 5 | 6 | 7 | 1 | 4 | 8 | 3 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 9 | 3 | 7 | 5 | 2 |
| 7 | 8 | 3 | 2 | 5 | 4 | 9 | 6 | 1 |

## आज का इतिहास

1669- मुगल बादशाह औरंगजेब ने सभी हिन्दू स्कूलों और मंदिरों को ध्वस्त करने का आदेश दिया।

1860- पहली बार मनुष्य की आवाज रिकार्ड की गई ।

1893- हिन्दी के प्रमुख साहित्यकार राहुल सांकृत्यायन का जन्म।

1948-1953- वार्नर ब्रदर्स ने 'हाउस ऑफ वैक्स% शीर्षक से पहली 3 डी फिल्म प्रदर्शित की।

1965- कच्छ के रण में भारत पाक में युद्ध छिड़ा।

1988- अमेरिका ने पनामा पर आर्थिक प्रतिबंध लगाये।

1988 - ली पेंग चीन के प्रधानमंत्री बने।

2002- बहरीन में निगम चुनाव में महिलाओं को हिस्सा लेने की अनुमति मिली।

2003- इराक को सद्दाम की तानाशाही से मुक्ति मिली।

2003 - स्टीव वॉ सर्वाधिक टेस्ट (157) खेलने वाले खिलाड़ी बने।

2005- प्रिंस चार्ल्स ने कैमिला से विवाह किया।

2008- नेपाल में संविधान सभा के लिए मतदान हुआ।

2010- श्रीलंका के राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे के यूनाइटेड पीपुल्स फ्रीडम एलायंय ने 225 सीटों वाली संसद में 117 सीटें जीतीं।

2011- सरकार द्वारा लोकपाल कानून बनाने की मांग मान लेने के बाद अन्ना हजारे ने 95 घंटे से जारी आमरण अनशन समाप्त कर दिया।

**समस्या** *पाकिस्तान से बड़े पैमाने पर शरणार्थियों का निर्वासन जारी*

# पाकिस्तान में दशकों से रह रहे अफगानियों के लिए बढ़ी परेशानी

**रावलपिंडी,** 8 अप्रैल (एजेंसियां)। पाकिस्तान सरकार बड़े पैमाने पर अफगान शरणार्थियों को उनके देश वापस भेज रही है। इसके नतीजे अब दिखने भी लगे हैं। रावलपिंडी शहर और छावनी क्षेत्रों के वाणिज्यिक केंद्रों में अफगानियों के व्यवसाय बंद होने शुरू हो गए हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, पाकिस्तान ने 31 मार्च की समय सीमा समाप्त होने के बाद निर्वासन प्रक्रिया तेज कर दी। हजारों अफगान शरणार्थियों को वापस अफगानिस्तान भेज दिया गया है। सरकार की यह कोशिश पाकिस्तान में दशकों से रह रहे अफगानियों के लिए बड़ी परेशानी लेकर आई है।

इनमें से कई ऐसे लोग भी शामिल हैं जो पाकिस्तान में ही जन्मे हैं और कभी अफगानिस्तान में नहीं रहे। देश के प्रमुख दैनिक द एक्सप्रेस ट्रिब्यून के अनुसार, रावलपिंडी में अफगान दुकानदारों ने अपना सामान बेचने में लगे और अपनी दुकानें बंद कर रहे हैं। इनमें से कई गायब हो गए हैं।

शहर के विभिन्न क्षेत्रों में कई अफगानियों की दुकानें या तो बंद हो गई हैं या बेच दी गई हैं। शहर और छावनी में कई प्रसिद्ध अफगान होटल अब चालू नहीं हैं।

कुछ निर्वासित लोगों ने कहा कि उन्हें काम करते समय पाकिस्तानी पुलिस ने गिरफ्तार किया और अफगानिस्तान भेज दिया जबकि उनका परिवार पीछे छूट गया।

अफगान मीडिया आउटलेट टोलो न्यूज ने निर्वासित गुल



■ **अफगानियों की दुकानें, होटल बंद**

मोहम्मद के हवाले से बताया कि मैं फल बाजार में एक छोटा सा होटल व्यवसाय चलाता था। पुलिस ने मुझ पर छापा मारा, मुझे खैबर पख्तूनख्वा के हाजी कैंप में चार रातों तक हिरासत में रखा और अब मुझे तोरखम के रास्ते निर्वासित कर दिया है।

पाकिस्तान के प्रमुख दैनिक डॉन ने एक आधिकारिक रिपोर्ट के हवाले से बताया कि रविवार रात को कुल 4,966 अफगान शरणार्थी अफगानिस्तान के लिए रवाना हुए। इस बीच, प्रत्यावर्तन प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों ने कहा कि चूंकि निर्वासन प्रक्रिया देर रात तक जारी रही, इसलिए सोमवार को रवाना हुए अफगान शरणार्थियों की संख्या का खुलासा बाद में किया जाएगा।

पाकिस्तान की निर्वासन नीति की कई अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने इस कृत्य की निंदा की है। उन्होंने अफगानिस्तान में अनिश्चितताओं के बीच शरणार्थियों के लौटने पर उनके सामने आने वाले गंभीर जोखिमों पर चिंता जताई। पाकिस्तानी सरकार ने अफगान शरणार्थियों के बड़े पैमाने पर स्वदेश वापसी के बारे में संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त (यूएनएचसीआर) और अन्य एजेंसियों की ओर से उठाई गई चिंताओं को खारिज कर दिया।

## दुनिया को जानें

### खराब जीन से 3,000 में से 1 व्यक्ति को फेफड़ों में छेद का खतरा : अध्ययन

**नई दिल्ली,** 8 अप्रैल (एजेंसियां)। ब्रिटेन के वैज्ञानिकों ने पाया है कि हर 3,000 में से एक व्यक्ति के शरीर में एक खराब जीन होता है, जिससे उनके फेफड़े फटने (पंक्चर होने) का खतरा बहुत बढ़ जाता है।


फेफड़ा फटना, जिसे मेडिकल भाषा में न्यूमोथोरैक्स कहा जाता है, तब होता है जब फेफड़े में हवा लीक हो जाती है। इससे फेफड़ा पिचक जाता है, जिसमें दर्द होता है और सांस लेने में तकलीफ होती है।

कैम्ब्रिज विवि के वैज्ञानिकों ने 5.5 लाख से ज़्यादा लोगों पर अध्ययन किया। इसमें उन्होंने पाया कि हर 2,710 से 4,190 में से एक व्यक्ति के शरीर में एफएलसीएन नामक जीन का एक विशेष प्रकार होता है, जिससे बर्ट-हॉग-डुबे सिंड्रोम नाम की बीमारी होने का खतरा होता है। बर्ट-हॉग-डुबे सिंड्रोम एक दुर्लभ आनुवंशिक बीमारी है। इसमें त्वचा पर छोटे-छोटे गांठ जैसे ट्यूमर बनते हैं, फेफड़ों में सिस्ट (गांठें) बनती हैं और किडनी (गुर्दे) के कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। लेकिन जरूरी नहीं कि हर फेफड़े के फटने का कारण यही जीन हो। यह अध्ययन, जो थोरेक्स नामक पत्रिका में छपा था, उसमें पाया गया कि जिन मरीजों को बर्ट-हॉग-डुबे सिंड्रोम नामक बीमारी थी, उनमें जीवनभर फेफड़ों में छेद होने का खतरा 37 प्रतिशत था।

# खेल जगत

## आईपीएल 2025 : धीमी ओवर गति के लिए रजत पाटीदार पर लगा जुर्माना

**मुंबई।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कप्तान रजत पाटीदार पर धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना लगाया गया है। सोमवार को वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस और आरसीबी के बीच मुकाबला खेला गया। इस मैच में आरसीबी ने मुंबई इंडियंस को 12 रन से मात दी। आधिकारिक बयान में कहा गया है, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार पर जुर्माना लगाया गया है क्योंकि उनकी टीम ने वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के मैच नंबर 20 के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखी थी। इसमें कहा गया है, चूंकि यह आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 के तहत उनकी टीम का इस सत्र का पहला अपराध था, जो न्यूनतम ओवर गति अपराधों से संबंधित है, इसलिए पाटीदार पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।



# राजस्थान के गेंदबाजों के सामने गुजरात के बल्लेबाजों की परीक्षा

**अहमदाबाद,** 8 अप्रैल (एजेंसियां)। आईपीएल 2025 में बुधवार को शुभमन गिल की गुजरात टाइटंस (जीटी) अपने घर में राजस्थान रॉयल्स का सामना करेगी। जीटी इस समय बहुत ही अच्छी लय से गुजर रही है। उनके सभी खिलाड़ी बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं, दूसरी ओर राजस्थान रॉयल्स (आरआर) ने भी पंजाब किंग्स के खिलाफ जीत हासिल करके जीत का रास्ता पकड़ लिया है। गिल और सैमसन की टीमों के बीच धमाकेदार मुकाबला देखने को मिलेगा। इस मैच से जुड़ी टीम न्यूज और संभावित XII पर नजर डालते हैं।

**टीम न्यूज और संभावित XII**

गुजरात के खेमे को कैगिसो रबाडा की कमी खलेगी जो निजी कारणों से दक्षिण अफ्रीका लौट चुके हैं। गुजरात ने पिछले मैच में वॉशिंगटन सुंदर को चौथे नंबर पर भेजकर एक बहुत बड़ा तरुप का इक्का चला था। इस मैच में भी वॉशिंगटन को मौका मिल सकता है

**गुजरात टाइटंस संभावित XII :** शुभमन गिल (कप्तान), साई सुदर्शन, जॉस बटलर (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, शाहरुख खान, राहुल तेवतिया/शेरफेन रदरफोर्ड, अरशद खान, राशिद खान, साई किशोर, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा राजस्थान के लिए





अच्छी बात यह है कि उनके ओपनर यशस्वी जायसवाल फॉर्म में लौट आए हैं। पंजाब किंग्स के खिलाफ उन्होंने 67 रनों की अहम पारी खेली थी, जिसकी वजह से टीम 200 से अधिक रन बनाकर जीत हासिल कर पाई थी। राजस्थान के लिए समस्या उनका मध्य क्रम है, नीतीश राणा और रियान पराग अभी तक एकाध मैच को छोड़कर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं, लेकिन उनके गेंदबाज अपनी भूमिका अच्छे से निभा रहे हैं। **राजस्थान रॉयल्स:** संजू सैमसन (कप्तान), 2. यशस्वी जायसवाल, 3. रियान पराग, 4. नितीश राणा, 5. ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), 6. शिमरोन हेटमायर, 7. शुभम दुबे, 8. वानिंदु हसरंगा, 9. जोफ्रा आर्चर, 10. महीश थीक्षाना, 11. संदीप शर्मा, 12. कुमार कार्तिकेय/तुषार देशपांडे।

### कैसी रहेगी पिच

अहमदाबाद की पिच पूरी तरह से बल्लेबाजी के मुफीद होती है। दूसरी पारी में यहां पर ओस भी देखने को मिलती है। यहां पर 200 से अधिक रन बनते हुए भी देखे गए हैं। पिछला मैच जब यहां पर जीटी खेली थी तो यहां पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ 8 विकेट पर 196 रन बनाए थे और जीत हासिल की थी।

### राजस्थान रॉयल्स को गिल, सुदर्शन और बटलर की तिकड़ी से सावधान रहना होगा

**अहमदाबाद।** आईपीएल 2025 में जब गुजरात जायंट्स और राजस्थान रॉयल्स आमने-सामने होंगी, तो यह मुकाबला सिर्फ दो पॉइंट्स के लिए नहीं बल्कि दबदबे की जंग भी होगी। अब तक इस आमने-सामने की टक्कर में मुकाबला एकतरफा रहा है, जहां जीटी ने आरआर को 6 में से 5 बार हराया है। हालांकि, आरआर की इकलौती जीत भी अहमदाबाद के इसी मैदान पर 2023 में आई थी। आइए इस मैच से जुड़े महत्वपूर्ण आंकड़ों पर नज़र डालते हैं। जीटी की सबसे बड़ी ताकत उनके टॉप 3 बल्लेबाज ही रहे हैं। जीटी के टॉप ऑर्डर ने इस सीजन में अब तक लीग में सबसे बेहतरीन प्रदर्शन किया है। हर मुकाबले में उनके टॉप 3 में से कोई न कोई बल्लेबाज अर्धशतक लगाकर अंत तक टिकता रहा है, जिससे टीम को स्थिरता और गहराई मिली है। जीटी के टॉप 3 बल्लेबाजों का औसत (50.3) पूरे टूर्नामेंट में सबसे ऊंचा है, और खास बात ये है कि उनके सभी टॉप 3 बल्लेबाजों ने 140 से ज्यादा रन बना लिए हैं। इसके अलावा किसी टीम के बल्लेबाज ने ऐसा नहीं किया है।अब तक जीटी के टॉप 3 ने कुल 503 रन बनाए हैं, जो लीग में सबसे ज्यादा है। साई सुदर्शन तो 191 रन बनाकर टूर्नामेंट के टॉप स्कोरर्स में तीसरे नंबर पर हैं।

# काश्वी गौतम, श्रीरणी और शुचि के रूप में भारतीय महिला क्रिकेट टीम में तीन नए चेहरे

- शैफाली को फिर नहीं मिली टीम में जगह, कप्तान हरमनप्रीत टीम में लौटी
- वन डे विश्व कप के मद्देनजर बेहद अहम है श्रीलंका में बेहद अहम त्रिकोणीय वन डे सीरीज

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। भारत ने काश्वी गौतम, एन श्री चारणी और शुचि उपाध्याय के रूप में तीन नए चेहरों को श्रीलंका में खेली जाने आगामी वन डे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैचों की त्रिकोणीय सीरीज के लिए अपनी टीम में शामिल किया है। श्रीलंका में खेली जाने वाली इस त्रिकोणीय वन डे क्रिकेट सीरीज में मेजबान श्रीलंका के साथ भारत और दक्षिण अफ्रीका की टीमें शिरकत करेंगे। 21 बरस की काश्वी गौतम ने इस साल डब्ल्यूपीएल में रफ्तार के साथ धार दिखा कर नौ मैचों में सबसे ज्यादा 11 विकेट चटकाए थे। वहीं 22 बरस की बाएं हाथ की स्पिनर श्री चारणी ने डब्ल्यूपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के दो मैच खेल कर चार विकेट चटकाए हैं। बाएं हाथ की स्पिनर शुचि उपाध्याय सीनियर महिला वन डे ट्रॉफी में बीते बरस दिसंबर मे कुल 18 विकट चटका कर विकेट चटकाने में तीसरे नंबर पर रही थी और उन्होंने मध्य प्रदेश को खिताब जिताया था। भारत अपने अभियान का आगाज आर प्रेमदासा इंटरनैशल क्रिकेट स्टेडियम मे अपने अभियान का आगाज 27 अप्रैल को श्रीलंका के खिलाफ करने के बाद 29 अप्रैल को दक्षिण अफ्रीका से खेलेगा। भारत अपने अगले दो मैचो में चार मई को श्रीलंका और सात मई को दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा। तीनों टीमें चार चार मैच खेलेंगी और शीर्ष दो टीमें फाइनल खेलेंगी।



भारत में इस साल सितंबर-अक्टूबर में खेले जाने वाले आईसीसी महिला वन डे क्रिकेट विश्व के मद्देनजर यह त्रिकोणीय सीरीज बेहद अहम है। शैफाली वर्मा को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में दमदार प्रदर्शन कर दिल्ली कैपिटल्स के लिए कुल304 रन बना कर लीग में रन बनाने में चौथे स्थान पर रहने के बावजूद भारतीय महिला क्रिकेट टीम से बाहर रखा जाना समझ परे है।

श्रीलंका में खेली जाने वाली त्रिकोणीय वन डे अंतराष्ट्रीय क्रिकेट सीरीज के लिए चुनी गई भारतीय टीम है : हरमनप्रीत कौर(कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), प्रतिका रावल, हरलीन देयोल , जेमिमा रॉड्रिग्ज, ऋचा घोष(विकेटकीपर), यस्तिका भाटिया (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, अमनजोत कौर, काश्वी गौतम , स्नेह राणा,अरुंधति रेड्डी, तेजल हसबनिज, श्री चारणी, शुचि उपाध्याय।

नियमित कप्तान हरमनप्रीत कौर की आयरलैंड के खिलाफ जनवरी में पिछली सीरीज से बाहर बैठने के बाद भारतीय टीम में वापसी हुई है।

हरमनप्रीत कौर के साथ स्नेह राणा, यस्तिका भाटिया, अरुंधति रेड्डी और अमनजोत कौर ने भी भारतीय महिला क्रिकेट में वापसी की है। रेणुका सिंह, पूजा वस्त्रकार और टाइटस साधू जैसी तेज गेंदबाज के चोटिल होने के कारण उनके नाम पर भारतीय टीम में चयन के लिए विचार नहीं किया गया। भारत ने जब आयरलैंड का तीन वन डे अंतर्राष्ट्रीय मैचों की सीरीज में 3-0 से सूपड़ा साफ किया था तब टीम की कप्तानी स्मृति मंधाना ने की थी। भारत की आयरलैंड को 3-0 से हराने वाली टीम में शामिल उमा छेत्री, राघवी बिष्ट, सयाली सतघरे, तनुजा कंवर, मीनू मणि , प्रिया मिश्रा, साइमा ठाकोरको भी टीम से बाहर कर दिया गया है।

### श्रीलंका में खेली जाने वाली त्रिकोणीय वन डे क्रिकेट सीरीज का कार्यक्रम इस प्रकार है

27 अप्रैल: **श्रीलंका वि भारत। 29 अप्रैल : भारत वि द.अफ्रीका। 2 मई** : श्रीलंका वि द.अफ्रीका। 4 मई : श्रीलंका वि भारत। 7 मई : भारत वि द अफ्रीका। 9 मई : श्रीलंका वि द अफ्रीका। 11 मई : फाइनल। (सभी मैच आर प्रेमदासा इंटरनैशल क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे।

# रायुडू ने आरसीबी के खिताबी सूखे को खत्म करने के लिए पाटीदार का समर्थन किया

**नई दिल्ली,** 8 अप्रैल (एजेंसियां)। पूर्व भारतीय बल्लेबाज अंबाती रायुडू ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का जोरदार समर्थन किया है, उन्होंने 10 साल बाद मंगलवार रात वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस को 12 रनों से हराने के बाद उन्हें आईपीएल 2025 खिताब का गंभीर दावेदार बताया है। रायुडू को लगता है कि यह आखिरकार वह साल हो सकता है जब यह फ्रेंचाइजी अपनी क्षमता के अनुसार प्रदर्शन करेगी और 18 साल के लंबे इंतजार को खत्म करते हुए अपनी पहली आईपीएल ट्रॉफी उठाएगी। उन्होंने कहा कि अगर आप उनकी टीम को देखें, तो उनके पास एक बहुत ही बढ़िया संयोजन है। अगर आप उन टीमों को देखें जो आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रही हैं, तो वे अभी भी अपने संयोजन आजमा रही हैं। लेकिन आरसीबी एक ऐसी टीम है, जिसके साथ-साथ दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) और पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) भी कुछ हद तक इस सीजन के लिए अपने संयोजनों को अच्छी तरह से सेट कर चुकी हैं। मैंने हमेशा उनके (आरसीबी के) क्रिकेट का लुत्फ उठाया है। हम उनके खर्च पर मौज-मस्ती करते हैं, सिर्फ इसलिए क्योंकि कोई भी डीसी या पंजाब के बारे में बात नहीं करता। सिर्फ इसलिए क्योंकि आरसीबी के पास हमेशा एक ऐसी टीम होती है जो आईपीएल जीत सकती है। लेकिन किसी तरह, वे अपनी कमियों के कारण पीछे रह जाते हैं। कोई और उन्हें नहीं हरा सकता, बल्कि वे खुद उन्हें हरा सकते हैं। लेकिन इस साल रजत पाटीदार (कप्तान के रूप में) के साथ, ई साला कप आरसीबी दे (इस साल कप आरसीबी का है)। आरसीबी वर्तमान में अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है, केवल नेट रन-रेट पर दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटन्स से पीछे, चार मैचों में तीन जीत के साथ - सभी घर से बाहर। रायुडू मुंबई इंडियंस पर अपनी उच्च दबाव वाली जीत के दौरान पाटीदार के निर्णय लेने से विशेष रूप से प्रभावित थे।

# मार्श और पूरन की आतिशी पारियों से लखनऊ की कोलकाता पर रोमांचक जीत

- लखनऊ के निकोलस पूरन को उनकी आतिशी पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला

**कोलकाता,** 8 अप्रैल (एजेंसियां)। मिशेल मार्श (81) और निकोलस पूरन (नाबाद 87) की आतिशी पारियों की बदौलत लखनऊ सुपर जायंट्स ने कोलकाता नाईट राइडर्स को उसके ही घरेलू मैदान में मंगलवार को रोमांचक आईपीएल मुकाबले में मात्र चार रन से हरा दिया। लखनऊ ने 20 ओवर में तीन विकेट पर 238 रन का विशाल स्कोर बनाया और फिर जबरदस्त संघर्ष में केकेआर को सात विकेट पर 234 रन पर रोक दिया। लखनऊ की पांच मैचों में यह तीसरी जीत है जबकि केकेआर को पांच मैचों में तीसरी हार का सामना करना पड़ा। लखनऊ के निकोलस पूरन को उनकी आतिशी पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। केकेआर के सामने एक बड़ा लक्ष्य था लेकिन रहाणे और



नारायण द्वारा एक बढ़िया शुरुआत दिलाने के बाद केकेआर मुकाबले में आ गई थी और फिर वेंकटेश अय्यर ने भी रहाणे का पूरा साथ दिया, हालांकि रहाणे के आउट होने के बाद तस्वीर आहिस्ता-आहिस्ता बदलने लगी और मैच अंत में लखनऊ के पाले में आ गया। रहाणे ने 35 गेंदों में आठ चौकों और दो छक्कों की मदद से 61 रन ठोके, सुनील नारायण ने 13 गेंदों में चार चौकों और दो छक्कों की मदद से 30 रन और वेंकटेश अय्यर ने 29 गेंदों में छह चौकों और एक छक्के की मदद से 45 रन बनाये। अंत में रिंकू सिंह ने 15 गेंदों में छह चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 38 रन ठोके लेकिन टीम को जीत की मंजिल पर नहीं ले जा पाए। हर्षित राणा 10 रन पर नाबाद रहे। लखनऊ के गेंदबाजों ने 20 वाइड सहित 22 अतिरिक्त रन भी दिए लेकिन टीम अंततः जीत हासिल करने में सफल रही। रिंकू ने पारी के आखिरी ओवर में तीन चौके और एक छक्का ठोका लेकिन जीत कोलकाता से चंद कदम दूर रह गई। इससे पहले कोलकता ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया जिसका फायदा उठाते हुए लखनऊ ने ओपनिंग साझेदारी में 10.2 ओवर में 99 रन जोड़े। लखनऊ के दोनों ओपनरों मार्श और एडन मारक्रम ने आतिशी अंदाज में गेंदबाजों की पिटाई की। मारक्रम 28 गेंदों पर चार चौकों और दो छक्कों की मदद से 47 रन बनाकर आउट हुए।इसके बाद मार्श और पूरन ने गेंदबाजों को पीटने का सिलसिला जारी रखा।

## सार संक्षेप

### पुकोवस्की ने चोट के कारण क्रिकेट से लिया संन्यास

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर विल पुकोवस्की ने चोट के कारण क्रिकेट से सभी प्रारुपों से संन्यास ले लिया हैं। विल पुकोवस्की ने मंगलवार को मेलबर्न में एसईएन रेडियो पर अपने संन्यास की घोषणा करते हुए कहा कि बहुत निराश हूं, यह बहुत कठिन साल रहा है। उन्होंने कहा कि काश मैं बेहतर परिस्थितियों में होता। उन्होंने कहा कि सरल संदेश यह है कि मैं फिर से किसी भी स्तर पर क्रिकेट नहीं खेलूंगा। 27 वर्षीय पुकोवस्की ने 221 में भारत के खिलाफ एक टेस्ट खेला था। वह पिछले वर्ष शेफील्ड शील्ड में मैच के दौरान तस्मानिया के खिलाफ रिले मेरेडिथ की गेंद हेलमेट पर लगने के बाद वे चोटिल होकर रिटायर हर्ट हो गए थे। पिछले वर्ष ही चोट लगने के बाद एक स्वतंत्र मेडिकल पैनल ने पुकोवस्की को क्रिकेट से संन्यास लेने का सुझाव दिया था। उन्हें किशोरावस्था में फुटबॉल खेलते समय पहली बार सिर में चोट लगी थी। वह कंस्यूशन से पीड़ित थे। पुकोवस्की ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 45.19 की औसत से 235 रन बनाए, जिसमें सात शतक शामिल हैं, जिनमें से तीन दोहरे शतक शामिल है।

### राष्ट्रीय स्तर की तीरंदाजी अकादमी की नवा रायपुर में होगी स्थापना

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर अटल नगर में राष्ट्रीय स्तर की अत्याधुनिक तीरंदाजी अकादमी की स्थापना होने जा रही है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए खेल एवं युवा कल्याण विभाग के प्रस्ताव व मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन पर नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण ने लगभग 1`.3 एकड़ भूमि का चिन्हांकन कर लिया है। यह भूमि सेक्टर-33 के ग्राम उपरवारा क्षेत्र में स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 4,614.216 वर्गमीटर है। मिली जानकारी के अनुसार खेल एवं युवा कल्याण विभाग को 9 वर्षों की लीज पर भूमि प्रदान की जाएगी। तीरंदाजी अकादमी के निर्माण में एनटीपीसी लिमिटेड (एनटीपीसी) अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) योजना के अंतर्गत वित्तीय सहयोग प्रदान करेगा।

### हॉकी अरुणाचल और छत्तीसगढ़ हॉकी जीत के साथ डिवीजन बी में

**झांसी।** हॉकी जम्मू और कश्मीर, छत्तीसगढ़ हॉकी और हॉकी एसोसिएशन ऑफ बिहार ने यहां 15 वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 225 के चौथे दिन सोमवार को डिवीजन सी में जीत का आनंद लिया वहीं हॉकी चंडीगढ़ और हॉकी उत्तराखंड ने डिवीजन बी में जीत हासिल की। इसके साथ, डिवीजन सी के मैच समाप्त हो गए हैं। हॉकी अरुणाचल और छत्तीसगढ़ हॉकी ने क्रमशः सात और नौ अंकों के साथ अपने-अपने पूल में शीर्ष पर रहे और उन्होंने अगले संस्करण में डिवीजन बी में प्रवेश किया। दिन की शुरुआत डिवीजन सी के पूल ए में हॉकी राज और हॉकी अरुणाचल प्रदेश के बीच 2-2 से ड्रॉ के साथ हुई।

## तेलंगाना, मध्य प्रदेश, मणिपुर ने 5वें दिन अपने मैच जीते

सीनियर पुरुष राष्ट्रीय हॉकी

**झांसी,** 8 अप्रैल (एजेंसियां)। तेलंगाना, दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव, मध्य प्रदेश और मणिपुर की टीमों ने मंगलवार को यहां 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 के 5वें दिन अपने-अपने मैचों में जीत दर्ज की। मंगलवार को पहले मैच में, तेलंगाना हॉकी ने डिवीजन 'बी' में गोवा हॉकी को 5-1 से हराया। सूर्य प्रकाश पोटलुरी (18%), अयप्पा पीआर (21%), पेद्दिन्ति नीरज कुमार (23%), रोहित सिंह (28%) और राजू तल्ला (29%) ने हॉकी तेलंगाना के लिए एक-एक गोल किया। दूसरी ओर, त्रिशूल गणपति एच (19%) ने गोवा हॉकी के लिए सांत्वना गोल किया। इस जीत के साथ, हॉकी तेलंगाना पूल ए में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है, जिसने टीम द्वारा खेले गए तीन मैचों में से दो में जीत हासिल की है। दूसरे मैच में दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव हॉकी ने डिविजन 'बी' में हॉकी मिजोरम को 6-0 से हराया। दीपक यादव (4%), एस. मोहम्मद यासीन (6%), कोमल सिंह (15%), विजय यादव (36%), कप्तान अरविंद यादव (39%) और सजल सक्सेना (44%) ने अच्छा प्रदर्शन किया और दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव हॉकी के लिए एक-एक गोल करके मध्य प्रदेश के इस शहर में खेले जा रहे इस आयोजन में पूल 'बी' में तीसरे स्थान पर पहुंच गए।

# स्टोक्स पर अधिक बोझ डालना सही नहीं : आथर्टन

- हैमस्ट्रिंग की चोटों ने उन्हें लंबे समय तक बाहर रखा है

**नई दिल्ली,** 8 अप्रैल (एजेंसियां)। माइकल आथर्टन ने हैरी ब्रूक को नया सफेद -बॉल कप्तान नियुक्त करने के इंग्लैंड के फैसले का समर्थन किया है, इसे एक 'समझदारी भरा' कदम बताया है जो दीर्घकालिक नेतृत्व स्थिरता और महत्वपूर्ण टेस्ट कैलेंडर से पहले बेन स्टोक्स की फिटनेस की सुरक्षा दोनों को प्राथमिकता देता है।

इंग्लैंड के चैंपियंस ट्रॉफी के ग्रुप-स्टेज से निराशाजनक रूप से बाहर होने और जोस बटलर के इस्तीफे के बाद ब्रूक ने वनडे और टी20 दोनों प्रारूपों में कमान संभाली है। 26 वर्षीय ब्रूक इंग्लिश क्रिकेट नेतृत्व की अगली पीढ़ी का



प्रतिनिधित्व करते हैं, जो पहले ही उप-कप्तान के रूप में काम कर चुके हैं और पिछले साल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला के दौरान कार्यभार संभाल चुके हैं। आथर्टन ने स्काई स्पोर्ट्स से कहा कि मुझे लगता है कि स्टोक्स पर ज्यादा बोझ न डालना सही फैसला है। टेस्ट टीम के साथ उनका एक स्पष्ट प्रोजेक्ट है और 33 साल की उम्र में उनका शरीर थोड़ा कमजोर हो रहा है। हैमस्ट्रिंग की चोटों ने उन्हें हाल ही में लंबे समय तक बाहर रखा है, इसलिए उन्हें ज्यादा जिम्मेदारी देना समझदारी नहीं होगी। ब्रेंडन मैकुलम के नेतृत्व में इंग्लैंड की रेड-बॉल टीम में वापसी के लिए स्टोक्स का महत्व स्पष्ट है और भारत के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज और एशेज के साथ, ईसीबी अपने करिश्माई कप्तान को फिट और केंद्रित रखने पर आमादा है। आथर्टन ने कहा कि वह टेस्ट प्रोजेक्ट काफी हद तक सफल रहा है। यह अंततः ऑस्ट्रेलिया में एशेज और इस गर्मी में घर पर भारत की सीरीज से परिभाषित होगा। स्टोक्स को उस पर ध्यान केंद्रित रखना महत्वपूर्ण है।

ब्रूक, हालांकि कप्तान के रूप में अपेक्षाकृत कम अनुभव वाले हैं, इंग्लैंड की सफेद-बॉल टीम में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने 26 वनडे में 34.00 की औसत से 816 रन बनाए हैं और 44 टी20 मैच खेले हैं। पिछले सितंबर में ऑस्ट्रेलिया सीरीज में उन्होंने शतक और दो अर्धशतक टीम की अगुआई करते हुए लगाए थे, जिससे पता चलता है कि वे दोहरी जिम्मेदारी संभाल सकते हैं।

## खिलाड़ियों के हटने के बावजूद भारत बैडमिंटन एशिया चैम्पियनशिप के लिए तैयार

**निंगबो (चीन),** 8 अप्रैल (एजेंसियां)। चीन के निंगबो में मंगलवार को बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप 2025 की शुरुआत हो रही है, जिसमें भारत के अनुभवी और उभरते हुए सितारे शामिल हैं। वे अपने महाद्वीपीय अभियान की शुरुआत मजबूत प्रदर्शन की उम्मीद के साथ करेंगे। हालांकि, भारतीय टीम में कुछ बड़े नाम नहीं होंगे, जिनमें महिला युगल में विश्व की 9वें नंबर की जोड़ी ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद के अलावा मौजूदा पुरुष युगल चैंपियन सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी जैसे नाम शामिल हैं। इस झटके के बावजूद, भारतीय चुनौती की अगुआई लक्ष्य सेन, एचएस प्रणय और पीवी सिंधु की तिकड़ी करेगी - जो हाल के महीनों में लगातार खराब प्रदर्शन से उबरने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। भारत के शीर्ष दो पुरुष एकल खिलाड़ी लक्ष्य (विश्व नंबर 18) और प्रणय (विश्व नंबर 17) एकल ड्रॉ में शीर्ष पर हैं।

# मानसिकता में बदलाव कोहली के लिए बहुत कारगर साबित हो रहा है : गावस्कर

- कोहली ने 42 गेंदों पर 67 रन की शानदार पारी खेलकर आरसीबी की अगुआई की

**मुंबई,** 8 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय बल्लेबाजी लीजेंड सुनील गावस्कर ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की मुंबई इंडियंस पर 12 रन की जीत में विराट कोहली की 67 रन की पारी की सराहना की। उन्होंने कहा कि पारी की शुरुआत में ही लॉफ्टेड शॉट खेलने की दाएं हाथ के बल्लेबाज की मंशा उनके लिए बहुत कारगर साबित हुई।कोहली ने 42 गेंदों पर 67 रन की शानदार पारी खेलकर आरसीबी की अगुआई की,



जो इस सीजन का उनका दूसरा अर्धशतक है, जबकि कप्तान रजत पाटीदार ने 32 गेंदों पर 64 रन और जितेश शर्मा ने 21 गेंदों पर 40 रन की तेज पारी खेलकर मेहमान टीम को एमआई के खिलाफ 221/5 का मजबूत स्कोर बनाने में मदद की। कोहली ने शानदार खेल दिखाते हुए जसप्रीत बुमराह का स्वागत मिड-विकेट पर छक्का लगाकर किया और फिर विग्नेश पुथुर पर छक्का मारकर सीजन का अपना दूसरा अर्धशतक पूरा किया। उनकी सनसनीखेज पारी का अंत तब हुआ जब वे 15वें ओवर में हार्दिक पांड्या का शिकार हो गए। गावस्कर ने कहा कि पिछले डेढ़ सत्र में सबसे बड़ा अंतर यह रहा है कि वे बहुत पहले ही लॉफ्टेड शॉट खेलने लगे हैं। पहले, लॉफ्टेड शॉट पारी के आखिर में आते थे, लेकिन अब वे पहली गेंद से ही जोखिम उठाने की कोशिश कर रहे हैं और इससे बहुत फर्क पड़ रहा है। गेंदबाज जो उनके ड्राइव और फ्लिक के लिए तैयार थे, अब गेंद को इनफील्ड से बाहर जाकर बाउंड्री के लिए जाते हुए देख रहे हैं। मानसिकता में आए इस बदलाव ने गेंदबाजों को चौंका दिया है और यह उनके लिए बहुत बढ़िया काम कर रहा है। जवाब में,एमआई के कप्तान पांड्या (15 गेंदों पर 42 रन) और तिलक वर्मा (29 गेंदों पर 56 रन) ने शीर्ष क्रम के ढहने के बाद एक सनसनीखेज जवाबी हमला किया, जिससे एक लक्ष्य हासिल करने की संभावना बन गई। लेकिन क्रुणाल पांड्या (4-45), यश दयाल (2-46) और जोश हेजलवुड (2-37) ने अच्छी गेंदबाजी की और मुंबई इंडियंस को 209/9 पर रोक दिया।

## रजत पाटीदार ने गेंदबाजों को दिया जीत का श्रेय

**मुंबई,** 8 अप्रैल (एजेंसियां)। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार ने सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग में वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस पर 12 रन की जीत के लिए ओस से ग्रस्त विकेट पर अपने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की प्रशंसा की। क्रुणाल पांड्या ने अंतिम ओवर में तीन विकेट सहित 4-45 विकेट लिए, जिससे आरसीबी ने एमआई की शानदार वापसी पर ब्रेक लगाया, जिसमें तिलक वर्मा (56) का शानदार अर्धशतक और हार्दिक पांड्या की 15 गेंदों में 42 रन की पारी शामिल थी, जिन्होंने मुंबई को 56 गेंदों में 132 रनों की जरूरत से 18 गेंदों में 41 रनों पर पहुंचा दिया। हालांकि वर्मा और हार्दिक दोनों जल्दी-जल्दी आउट हो गए, मुंबई इंडियंस को 12 गेंदों में 28 रनों की जरूरत थी, लेकिन वे 12 रनों से चूक गए। मुंबई इंडियंस ने विराट कोहली (67) और कप्तान पाटीदार (64) के तेज अर्धशतकों की बदौलत आरसीबी के 221/5 के लक्ष्य का पीछा करते हुए 209/9 रन बनाए। हालांकि पाटीदार को



तनावपूर्ण स्थिति में गेंदबाजी को संभालने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया, लेकिन उन्होंने कहा कि गेंदबाज हीरो थे और उनमें से किसी एक को यह पुरस्कार मिलना चाहिए था। मैच के बाद पाटीदार ने कहा कि यह वास्तव में एक अद्भुत मैच था। यह बहुत कठिन था। जिस तरह से गेंदबाजों ने अपना साहस दिखाया, वह देखने लायक था। यह पुरस्कार गेंदबाजी इकाई को जाता है। किसी भी टीम को रोकना आसान नहीं है, खासकर इस मैदान पर, और जिस तरह से उन्होंने यह किया वह अविश्वसनीय था। जिस तरह से तेज गेंदबाजों ने अपनी योजनाओं को अंजाम दिया वह अद्भुत था।

# [ अर्थ जगत ]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टाइटन | 3.29 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 3.21 प्रतिशत |
| एसबीआई | 3.00 प्रतिशत |
| एलटी | 2.94 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 2.75 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| आईजीएल | 3.75 प्रतिशत |
| मैनकाइंड फार्मा | 1.45 प्रतिशत |
| एस्ट्रल लिमिटेड | 1.21 प्रतिशत |
| मैक्स हेल्थकेयर | 0.32 प्रतिशत |
| पावर ग्रिड कॉर्प | 0.14 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 89,730 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 94,000 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 86.26 | 90.42 |
| पौंड स्टर्लिंग | 101.90 | 118.21 |
| यूरो | 85.13 | 98.74 |
| चीन युआन | 8.31 | 13.47 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4280-4380 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4250-4350 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5550-5650 |
| दाल चना | 6550-6650 |
| मसूर काली | 7400-7500 |
| उड़द दाल | 8800-8900 |
| मूंग दाल | 9400-9500 |
| अरहर दाल | 8400-8500 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित



**नई दिल्ली।** अंतराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

## पीएमएमवाई महिलाओं को बना रही सक्षम : सीतारमण

■ **पीएमएमवाई के तहत कुल ऋण खातों में से 68 प्रतिशत महिलाओं को स्वीकृत किए गए**

**नई दिल्ली,** 8 अप्रैल (एजेंसियां)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि यह जानकर खुशी हो रही है कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) के तहत कुल ऋण खातों में से लगभग 68 प्रतिशत महिलाओं को स्वीकृत किए गए हैं।

वित्त मंत्री ने कहा कि यह योजना सशक्तीकरण का एक साधन बन गई है और महिलाओं को राष्ट्रीय आर्थिक विकास में योगदान देने में सक्षम बनाती है। इसके साथ ही पीएमएमवाई महिला उद्यमियों की अगली पीढ़ी को प्रेरित भी करता है। योजना के प्रभाव की सराहना करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि बजट 2024-25 की घोषणा के अनुरूप, पिछले साल 20 लाख रुपए की बढ़ी हुई लोन लिमिट के साथ तरुण-प्लस कैटेगरी की शुरुआत से संपन्न उद्यमियों को विस्तार और अपनी पूरी क्षमता का इस्तेमाल करने में मदद मिलेगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 8 अप्रैल, 2015 को शुरू की गई पीएमएमवाई, पूरे भारत में छोटे और सूक्ष्म उद्यमियों को



**52 करोड़ से अधिक मुद्रा लोन अकाउंट के लिए 33.65 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि स्वीकृत की गई है : सीतारमण**

सशक्त बनाने के 10 शानदार वर्षों का जश्न मना रही है। वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, पीएमएमवाई गैर-कॉर्पोरेट और गैर-कृषि आय-उत्पादक गतिविधियों के लिए 10 लाख रुपए तक का आसान, कोलेटरल-फ्री लोन प्रदान करता है।

महत्वाकांक्षी उद्यमियों के लिए समर्थन को मजबूत करने के लिए, वित्त मंत्री ने केंद्रीय बजट 2024-25 के दौरान लोन लिमिट को बढ़ाकर 20 लाख रुपए करने की घोषणा की। इसके अलावा, माइक्रो यूनिट्स के लिए क्रेडिट गारंटी फंड (सीजीएफएमयू) अब इन बढ़े हुए लोन के लिए गारंटी कवरेज प्रदान करेगा, जो देश में एक मजबूत उद्यमशीलता इकोसिस्टम को पोषित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को और मजबूत करेगा। वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि 52 करोड़ से अधिक मुद्रा लोन अकाउंट के लिए 33.65 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि स्वीकृत की गई है। यह योजना करोड़ों उद्यमियों, विशेष रूप से समाज के वंचित वर्गों से जुड़े लोगों की आकांक्षाओं को पंख देने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुई है।

उन्होंने कहा कि 2015 से, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और ओबीसी से जुड़े विभिन्न वंचित समुदायों को 11.58 लाख करोड़ रुपए के मुद्रा लोन स्वीकृत किए गए हैं, जो प्रधानमंत्री के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र को साकार करते हैं।

### टैरिफ शॉक से 25 बीपीएस रेट कट का संकेत



**नई दिल्ली।** ग्लोबल सेंटीमेंट में तेजी से बदलाव, बाजार में उच्च अस्थिरता और अमेरिकी टैरिफ शॉक के बीच मंदी के डर से संकेत मिलता है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) 9 अप्रैल को 25 आधार अंकों की कटौती कर सकता है। साथ ही बैंक दिशा में सहजता के लिए रुख में बदलाव कर अकोमोडेटिव हो सकता है। यह जानकारी मंगलवार को आई एक लेटेस्ट रिपोर्ट में दी गई। केंद्रीय बैंक ने सोमवार को अपनी तीन दिवसीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक शुरू की। एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज ने नोट में कहा कि यह वैश्विक व्यापार युद्ध किस हद तक फैल सकता है, यह स्पष्ट नहीं है। इस साल भारत में मौद्रिक नीति को वित्त वर्ष की तुलना में ज्यादा काउंटर-साइक्लिकल होने के कारण भारी काम करना पड़ सकता है। भारत के लिए ग्लोबल फाइनेंशियल मार्केट से जुड़े व्यवधानों और रियल सेक्टर की मार दोनों से प्रभाव उत्पन्न हो सकते हैं। हालांकि बातचीत और तनाव कम करने की गुंजाइश है। नोट के अनुसार हमें लगता है कि यह आने वाले महीनों में उभरते बाजारों (ईएम) की परिसंपत्तियों के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ हो सकता है।

## टग बोट की मैन्युफैक्चरिंग से भारत की मैरिटाइम क्षमता में हो रहा इजाफा : सोनोवाल



■ **जलमार्ग मंत्री ने 'प्रोआर्क सीएनसी प्लाज्मा कम ऑक्सी फ्यूल प्लेट कटिंग मशीन' का किया उद्घाटन**

**नई दिल्ली,** 8 अप्रैल (एजेंसियां)। केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा है कि हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन टग का घरेलू स्तर पर विकास न केवल एक तकनीकी उन्नति है, बल्कि यह ग्लोबल ग्रीन मैरिटाइम मूवमेंट का नेतृत्व करने की भारत की बढ़ती क्षमता का प्रतीक भी है। देश की जहाज निर्माण क्षमता बढ़ाने के लिए कोचीन शिपयार्ड में एडवांस मशीनरी का अनावरण करने के बाद, केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। केंद्रीय मंत्री ने 'प्रोआर्क सीएनसी प्लाज्मा कम ऑक्सी फ्यूल प्लेट कटिंग मशीन' का उद्घाटन किया। यह एक एडवांस्ड फैसिलिटी है जो कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड की जहाज निर्माण क्षमताओं को बढ़ाएगी। यह सिस्टम की मदद से रियल टाइम पर निगरानी, पूर्वानुमानित रखरखाव और उत्पादन दक्षता में वृद्धि की जा सकती है, जो सीधे जहाज निर्माण वित्तीय सहायता नीति (एसबीएफएपी) 2.0 के उद्देश्यों के साथ अनुरूप है। केंद्रीय मंत्री ने ग्रीन टग ट्रांजिशन प्रोग्राम (जीटीटीपी) के तहत विकसित किए जा रहे दो ग्रीन टग के लिए स्टील कटिंग समारोह की भी अध्यक्षता की, जो मंत्रालय का एक प्रमुख सस्टेनेबिलिटी इनिशिएटिव है। कोचीन शिपयार्ड इन हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन टग का निर्माण करने वाली पहली भारतीय कंपनी है।

आईएनएस विक्रांत के निर्माण से लेकर 175 से अधिक जहाजों की डिलीवरी और 2,500 से अधिक जहाज मरम्मत प्रोजेक्ट्स को पूरा करने तक, कोचीन शिपयार्ड पीएम मोदी की आत्मनिर्भरता की दिशा में परिवर्तनकारी दृष्टिकोण को दर्शाता है।

## वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कोई कमी नहीं : पुरी



**नई दिल्ली,** 8 अप्रैल (एजेंसियां)। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि इस समय विश्वभर में कच्चे तेल की कोई कमी नहीं है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पहले भारत 27 देशों से कच्चा तेल खरीदता था, जो अब बढ़कर 39 देश हो गए हैं। कुछ महीने पहले हमें अर्जेंटीना से एक खेप मिली, जिससे अब कुल 40 देशों से कच्चे तेल की खरीद हो गई है। इस समय वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कोई कमी नहीं है। केंद्रीय मंत्री पुरी ने आगे कहा कि वेस्टर्न हेमिस्फीयर से भी और तेल आ रहा है।

उन्होंने कहा कि हाल ही में मैंने ब्राजील का उदाहरण दिया। इसके अलावा, यूएस जहां पहले 13 मिलियन बैरल कच्चा तेल एक दिन में उत्पादित हो रहा था, अब 1.6 मिलियन बैरल अतिरिक्त तेल उत्पादित किया जाएगा। हमें केवल अभी धैर्य रखने की जरूरत है। तेल की कोई कमी नहीं है।

उन्होंने आगे कहा कि जैसा कि पहले भी बताया गया था कि कच्चे तेल का दाम कम हुआ है। हाल ही में जब मैं पत्रकारों से मिला था तो यह दर 61.80 के आसपास आ गई थी।

## टैरिफ से भारत के टेक हार्डवेयर सेक्टर को चीन व वियतनाम पर मिलेगी बढ़त



■ **अमेरिका के टैरिफ से ग्लोबल सप्लाई चेन भारत के पक्ष में करेगी काम**

**नई दिल्ली,** 8 अप्रैल (एजेंसियां)। चीन पर 34 प्रतिशत और वियतनाम पर 46 प्रतिशत की तुलना में भारत पर 27 प्रतिशत यूएस रेसिप्रोकल टैरिफ, देश के घरेलू टेक हार्डवेयर सेक्टर को बढ़ाने में मदद कर सकता है। यह जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई। सीएलएसए की रिपोर्ट में कहा गया कि इससे भारत की इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग, विशेष रूप से स्मार्टफोन, को प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त मिलेगी।

रिपोर्ट में कहा गया कि अमेरिका के इस कदम से ग्लोबल सप्लाई चेन भारत के पक्ष में काम करेगी और इससे देश की स्मार्टफोन मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा मिल सकता है। वैश्विक ब्रोकिंग फर्म के अनुसार, अमेरिका का स्मार्टफोन आयात 51 अरब डॉलर का है, जिसमें चीन, वियतनाम और भारत प्रमुख निर्यातक हैं। भारत में एप्पल और सैमसंग के पास बड़ी मैन्युफैक्चरिंग सुविधाएं हैं।

भारत पर कम टैरिफ, बड़ा घरेलू बाजार और प्रोडक्शन-लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) स्कीम के समर्थन से बढ़ता बैकवर्ड इंटीग्रेशन मिलकर देश की प्रतिस्पर्धात्मकता क्षमता को बढ़ाते हैं। ग्लोबल सप्लाई चेन डायनामिक्स में इस बदलाव का बड़ा लाभ डिक्सन टेक्नोलॉजीज जैसी कंपनियों को हो सकता है। सीएलएसए ने कहा कि हालांकि, एप्पल और सैमसंग का असेंबली ऑपरेशन या तो इन-हाउस है या फिर भारत में गैर-सूचीबद्ध कंपनियों के साथ है, लेकिन सप्लाई चेन में डिक्सन की भूमिका बढ़ने की उम्मीद है। भारत में विभिन्न सेक्टरों के लिए अमेरिकी रेसिप्रोकल टैरिफ का प्रभाव अलग-अलग होगा। इलेक्ट्रॉनिक्स, कपड़ा, कृषि उत्पाद, केमिकल, ऑटोमोबाइल और कंपोनेंट के लिए इसका प्रभाव काफी हद तक न्यूट्रल रहने की उम्मीद है।

## सार संक्षेप

### जनवरी-मार्च में टाटा मोटर्स की बिक्री में 3 प्रतिशत की गिरावट

**मुंबई।** टाटा मोटर्स ने मंगलवार को वित्त वर्ष 2̀25 की चौथी तिमाही के लिए अपनी वैश्विक थोक बिक्री में 3 प्रतिशत की गिरावट की जानकारी दी, जबकि कंपनी की लग्जरी कार यूनिट जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) की बिक्री में मामूली वृद्धि दर्ज की गई। तिमाही के दौरान जेएलआर सहित समूह की कुल थोक बिक्री 3,66,177 यूनिट रही। यह पिछले वर्ष की समान तिमाही में बेची गई 3,77,432 यूनिट से कम है। टाटा देवू रेंज सहित कंपनी के वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री 3 प्रतिशत घटकर 1̀,7,765 यूनिट रह गई। कंपनी के यात्री वाहनों की बिक्री भी पिछले वर्ष की तुलना में 6 प्रतिशत घटकर 1,46,999 यूनिट रही। हालांकि, जेएलआर ने वैश्विक बिक्री में 1 प्रतिशत की वृद्धि के साथ समग्र रुझान को उलट दिया। मार्च तिमाही में जेएलआर ने 1,11,413 वाहन बेचे। इसमें से लैंड रोवर ने 1̀,4,343 यूनिट्स का योगदान दिया, जबकि जगुआर ने 7̀,7 यूनिट्स बेचीं।

### बिल्डिंग मटेरियल में 2 साल में 3 प्रतिशत की वृद्धि

**नई दिल्ली।** भारत में बिल्डिंग मटेरियल सेक्टर में पिछले दो सालों में 3 प्रतिशत की वृद्धि के साथ हायरिंग में तीव्र उछाल आया है, जो तेजी से बढ़ते शहरीकरण, इंफ्रास्ट्रक्चर विकास और औद्योगिक विस्तार के कारण दर्ज किया गया। यह जानकारी मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई। सीआईईएल एचआर की रिपोर्ट के अनुसार, विभिन्न क्षेत्रों में पाइप और स्टील सबसे आगे हैं, जो घरेलू खपत और वैश्विक निर्यात में वृद्धि के कारण हायरिंग डिमांड में सबसे आगे हैं। 3डी प्रिंटिंग, एआई और इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) जैसी उभरती टेक्नोलॉजी ने मैन्युफैक्चरिंग प्रक्रियाओं को नया आकार दिया है। वहीं, मटेरियल साइंस, सस्टेनेबिलिटी और एडवांस मैन्युफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी में विशेष भूमिकाओं की मांग में वृद्धि जारी है। कंपनियां सक्रिय रूप से ग्रीन सर्टिफिकेशन और लाइफसाइकल एनालिसिस में कुशल प्रतिभाओं की तलाश कर रही हैं, जो सस्टेनेबल और टेक्नोलॉजी-ड्रिवन ऑपरेशन्स की ओर बदलाव दिखाती हैं।

### जनवरी-मार्च में रिटेल सेक्टर में लीजिंग गतिविधियां बढ़ीं


**नई दिल्ली।** भारत में रिटेल सेक्टर की लीजिंग गतिविधियों में मार्च तिमाही में बड़ा उछाल देखने को मिला है और यह देश के शीर्ष आठ शहरों में जनवरी-मार्च अवधि में बढ़कर 2.4 मिलियन स्क्वायर फीट पर पहुंच गई है। यह जानकारी मंगलवार को जारी हुई रिपोर्ट में दी गई। कुशमैन एंड वेकफील्ड की रिपोर्ट में कहा गया है कि उभरते स्थानों में नई आपूर्ति शुरू होने के कारण मॉल और मेनस्ट्रीट दोनों ने इस वृद्धि में योगदान दिया। रिपोर्ट में बताया गया कि लीजिंग वॉल्यूम के मामले में हैदराबाद सबसे आगे रहा, जिसने कुल लीजिंग गतिविधि में 34 प्रतिशत (̀.8 एमएसएफ) का योगदान दिया और इसमें सालाना आधार पर 1̀6 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई।

## बाजार ने बदली करवट, लगाई डेढ़ फीसदी की छलांग

■ **सेंसेक्स 1.49 प्रतिशत की जबरदस्त तेजी के साथ 74,227.08 अंक पर**
■ **निफ्टी 1.69 प्रतिशत उछलकर 22535.85 अंक पर बंद**

**मुंबई,** 8 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ पर नरम रुख के संकेत से विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली से आज शेयर बाजार ने करवट बदली और बीते दिन की भारी बिकवाली की सुनामी से उबरकर करीब डेढ़ फीसदी तक की छलांग लगाई।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1089.18 अंक अर्थात 1.49 प्रतिशत की जबरदस्त तेजी के साथ 74,227.08 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 374.25 अंक यानी 1.69 प्रतिशत उछलकर 22535.85 अंक पर बंद हुआ। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ लागू करने और चीन की जवाबी कार्रवाई से वैश्विक स्तर पर व्यापार युद्ध गहराने और अमेरिका में मंदी की आशंका में विश्व बाजार की गिरावट से घबराए निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई भारी बिकवाली से सोमवार को शेयर बाजार में सुनामी आ गई। सेंसेक्स पिछले दस महीने की सबसे बड़ी 2226.79 अंक की एकदिनी गिरावट लेकर 73,137.90 अंक और निफ्टी 742.85 अंक का गोता लगाकर 22161.60 अंक पर रहा था।




बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी मंगलवार को जमकर लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 1.87 प्रतिशत की मजबूती के साथ 39,837.44 अंक और स्मॉलकैप 2.18 प्रतिशत की छलांग लगाकर 44,932.42 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4083 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 3093 में तेजी जबकि 871 में गिरावट रही वहीं 119 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कुल 2957 कंपनियों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2391 में लिवाली जबकि 499 में बिकवाली हुई वहीं 67 में टिकाव रहा। बाजार विश्लेषकों के अनुसार, भारतीय शेयर बाजारों में हालिया उछाल उस समय देखने को मिला जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यह संकेत दिया कि जापान बातचीत के लिए एक प्रतिनिधिमंडल वाशिंगटन भेजेगा। इस बयान ने निवेशकों के बीच यह उम्मीद जगाई कि अमेरिका अपने टैरिफ नीति पर नरमी दिखा सकता है। इससे वैश्विक बाजारों में अस्थिरता के बावजूद भारतीय बाजारों को एक सकारात्मक पुश मिला।

इस दौरान सेंसेक्स में पावरग्रिड की 0.14 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर अन्य 29 कंपनियों में तेजी रही। टाइटन 3.29, बजाज फाइनेंस 3.21, एसबीआई 3.00, एलटी 2.94, बजाज फिनसर्व 2.75, एक्सिस बैंक 2.72, जोमैटो 2.62, एशियन पेंट 2.36, इंफोसिस 2.25, एचसीएल टेक 2.03, टेक महिंद्रा 2.02, भारती एयरटेल 1.90, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.74 और अडानी पोर्ट्स के शेयर 1.72 प्रतिशत चढ़ गए।

साथ ही आईटीसी 1.60, टाटा मोटर्स 1.56, नेस्ले इंडिया 1.42, रिलायंस 1.39, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.38, सन फार्मा 1.22, मारुति 0.91, आईसीआईसीआई बैंक 0.90, एनटीपीसी 0.84, कोटक बैंक 0.75, अल्ट्रासिम्को 0.70, एचडीएफसी 0.62, टीसीएस 0.52, टाटा स्टील 0.46 और इंडसइंड बैंक ने 0.45 प्रतिशत का मुनाफा कमाया।

## भारत का फिनटेक स्टार्टअप इकोसिस्टम फंडिंग जुटाने में तीसरे स्थान पर रहा

**बेंगलुरु,** 8 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत का फिनटेक स्टार्टअप इकोसिस्टम फंडिंग जुटाने में 2025 की पहली तिमाही में अमेरिका और यूके के बाद तीसरे नंबर पर रहा है। यह जानकारी मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई। मार्केट इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म ट्रैक्सन की रिपोर्ट के मुताबिक, इस सेक्टर में ज्यादातर फंडिंग लेट-स्टेज राउंड में देखी गई है। जनवरी से मार्च की अवधि में लेट-स्टेज राउंड में फंडिंग 47 प्रतिशत बढ़कर 227 मिलियन डॉलर हो गई है, जो कि 2024 की चौथी तिमाही में 154 मिलियन डॉलर थी। 2025 की पहली तिमाही में फिनटेक स्टार्टअप्स को कुल 366 मिलियन डॉलर की फंडिंग मिली है।



■ **लेट-स्टेज राउंड में देखी गई ज्यादातर फंडिंग**

मार्च में कंपनियों ने सबसे अधिक 187 मिलियन डॉलर जुटाए हैं, जो कुल फंडिंग का 51 प्रतिशत है। भारतीय अर्थव्यवस्था को विकास दर में नरमी, अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ, वैश्विक व्यापार तनाव और बढ़ती मुद्रास्फीति का सामना करना पड़ा है, जिससे वेंचर कैपिटल प्रवाह हतोत्साहित हुआ। इन चुनौतियों के बावजूद, भारत की जीडीपी ग्रोथ वित्त वर्ष 25 में 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है। रिपोर्ट में बताया गया कि सिंगापुर, नेपाल और श्रीलंका जैसे देशों में यूपीआई की बढ़ती स्वीकृति भारतीय फिनटेक कंपनियों के लिए विदेशों में ऑपरेशंस का विस्तार करने और इस सेक्टर में अधिक कैपिटल आकर्षित करने का एक अच्छा अवसर देती है। इस सेक्टर में कुछ विशेष सेगमेंट में मजबूत वृद्धि देखी गई।

## खाद्य तेल सहित सभी जिंसों में रहा टिकाव

**नई दिल्ली,** 8 अप्रैल (एजेंसियां)। विदेशी बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा 27 रिंगिट फिसलकर 4535 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, अप्रैल का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.04 सेंट की बढ़त के साथ 45.19 सेंट प्रति पौंड बोला गया।


इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। **गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। **अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

## स्मार्टफोन निर्यात पहली बार दो लाख करोड़ के पार

**नई दिल्ली,** 8 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत ने वित्त वर्ष 2024-25 में दो लाख करोड़ रुपए से अधिक के स्मार्टफोन का निर्यात किया है। यह पहला मौका है, जब देश ने यह आंकड़ा पार किया है। यह जानकारी केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को दी।

वैष्णव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपडेट शेयर करते हुए कहा कि प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) के लिए यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि पिछले वित्त वर्ष की तुलना में स्मार्टफोन निर्यात में 54 प्रतिशत की वृद्धि हुई है क्योंकि ग्लोबल वैल्यू चेन (जीवीसी) भारतीय अर्थव्यवस्था में एकीकृत हो रही हैं। वैष्णव ने एक्स पर लिखा कि निर्यात में वृद्धि से बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा हो रहे हैं, भारतीय एमएसएमई ग्लोबल सप्लाई नेटवर्क का हिस्सा बन रहे हैं और स्थानीय इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम तेजी से बढ़ रहा है। इससे पहले आए इंडस्ट्री डेटा के मुताबिक, वित्त वर्ष 25 के सिर्फ 11 महीनों में भारत का स्मार्टफोन निर्यात 1.75 लाख करोड़ रुपए को पार कर गया था। देश की इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री को बढ़ाने में पीएलआई स्कीम का अहम योगदान है। मौजूदा समय में देश का न केवल इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात बढ़ रहा है, बल्कि देश में उपयोग होने वाले 99 प्रतिशत फोन मेड इन इंडिया हैं।



■ **पिछले वित्त वर्ष की तुलना में स्मार्टफोन निर्यात में 54 प्रतिशत की वृद्धि**

भारत के निर्यात बढ़ोतरी में सबसे बड़ा योगदान एप्पल का है और आईफोन की कुल निर्यात में हिस्सेदारी लगभग 70 प्रतिशत की है। अकेले तमिलनाडु में फॉक्सकॉन प्लांट ने शिपमेंट में लगभग 50 प्रतिशत का योगदान दिया है।

एप्पल भारत से अमेरिका को अधिक आईफोन निर्यात करने की योजना बना रही है। इसकी वजह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा हाल ही में लगाए गए रेसिप्रोकल टैरिफ को माना जा रहा है। अमेरिकी टेक्नोलॉजी दिग्गज कंपनी चीन से उत्पादों के आयात की बढ़ती लागत को कम करने के लिए एक अस्थायी समाधान के रूप में इस कदम पर विचार कर रही है।

### भारत से अधिक आईफोन निर्यात कर सकता है एप्पल

**नई दिल्ली।** दिग्गज टेक्नोलॉजी कंपनी एप्पल भारत से अमेरिका को अधिक आईफोन निर्यात करने की योजना बना रही है। इसकी वजह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा हाल ही में लगाए गए रेसिप्रोकल टैरिफ को माना जा रहा है। द वॉल स्ट्रीट जर्नल की एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी टेक्नोलॉजी दिग्गज कंपनी चीन से उत्पादों के आयात की बढ़ती लागत को कम करने के लिए एक अस्थायी समाधान के रूप में इस कदम पर विचार कर रही है। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब अमेरिकी सरकार ने हाल ही में चीनी आयात पर 34 प्रतिशत टैरिफ लगाया है, जो पहले घोषित 20 प्रतिशत टैरिफ के अतिरिक्त है।

# स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी ने सुपर स्पेशलिटी, मेंटल हॉस्पिटल और जिला अस्पताल का किया निरीक्षण





## सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में आईपीडी जल्द शुरू करने दिए निर्देश

**बिलासपुर**, 8 अप्रैल (देशबन्धु)। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग के मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आज बिलासपुर प्रवास के दौरान सेंदरी मेंटल हॉस्पिटल, सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, कैंसर अस्पताल, जिला अस्पताल और सेंदरी स्थित दवा गोदाम का निरीक्षण किया। उन्होंने सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में आईपीडी जल्द शुरू करने के निर्देश दिए। अस्पतालों में वाटर कूलर के साथ ही एसी की भी उपलब्धता सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने पूरी संवेदनशीलता के साथ मरीजों का इलाज करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बेलतरा विधायक श्री सुशांत शुक्ला, स्वास्थ्य विभाग के सचिव अमित कटारिया, चिकित्सा शिक्षा आयुक्त श्रीमती किरण कौशल, कलेक्टर अवनीश शरण, सिम्स के डीन डॉ. रमणेश मूर्ति सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने सबसे पहले राज्य मानसिक चिकित्सालय सेंदरी का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि इस अस्पताल में 100 बेड और बढ़ाया जा रहा है जिससे यहां कुल बेडों की संख्या 300 हो जाएगी। उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को अस्पताल मरम्मत और रंग-रोगन के लिए एस्टीमेट बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने पूरी संवेदनशीलता के साथ मरीजों का इलाज करने कहा। स्वास्थ्य मंत्री ने पूरे अस्पताल परिसर का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने महिला वार्ड, नर्सिंग स्टेशन, पुरूष वार्ड, मेल शॉर्ट स्टे वार्ड और महिला पुनर्वास वार्ड सहित पूरे अस्पताल का जायजा लेकर जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने मरीजों से चर्चा कर मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली।



स्वास्थ्य मंत्री ने सेंदरी स्थित दवा गोदाम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने स्टॉक पंजी का अवलोकन कर दवाईयों को व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का भी निरीक्षण किया। यहां शीघ्र आईपीडी शुरू करने कहा। भर्ती एवं खरीदी कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल भवन एवं अब तक उपलब्ध की गई सुविधाओं का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। अस्पताल में नियमित साफ-सफाई एवं रख-रखाव के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि केन्द्र एवं राज्य सरकार की संयुक्त भागीदारी से 200 करोड़ की लागत से 11 मंजिला यह भव्य अस्पताल तैयार किया गया है। अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित 240 बिस्तर वाले इस अस्पताल में 70 आईसीयू एवं आईसीसीयू बेड है। अस्पताल में 8 मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर भी है। सिम्स के इस विस्तारित अस्पताल में न्यूरोसर्जरी, पल्मनोलॉजी, यूरोलॉजी, जनरल मेडिसीन ओपीडी संचालित है। उपकरणों की खरीदी केन्द्र सरकार की एजेंसी हाइट्स के द्वारा की जा रही है। स्वास्थ्य मंत्री ने उपकरणों की खरीदी जल्द करने के निर्देश दिए।

स्वास्थ्य मंत्री ने समीप में ही बन रहे कैंसर इंस्टीट्यूट भवन की भी जानकारी ली और इसका निर्माण जल्द करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि सिम्स का नया भवन भी इसी परिसर में बनेगा। राज्य सरकार द्वारा इसके लिए 700 करोड़ रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वास्थ्य मंत्री ने जिला अस्पताल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने पंजीयन, एनआरसी, ओपीडी सहित पूरे अस्पताल परिसर का बारीकी से निरीक्षण किया। लाखासार से आई मरीज से चर्चा कर सुविधाओं की जानकारी ली। सिविल सर्जन डॉ. अनिल गुप्ता ने बताया कि प्रतिदिन यहां लगभग 500 ओपीडी होती है। स्वास्थ्य मंत्री ने एनआरसी का भी निरीक्षण किया। यहां की सुविधाओं पर संतुष्टि जाहिर की।

# सुशासन तिहार 2025: पहले दिन समाधान पेटी में आए 742 आवेदन

## नगर निगम क्षेत्र में सुशासन तिहार में बड़ी संख्या में पहुंचे नागरिक

## निगम कमिश्नर ने लिया शिविर का जायजा

**बिलासपुर,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश में पूरे प्रदेश में 8 अप्रैल से शुरू हुए सुशासन तिहार 2025 के तहत शिविर में बड़ी संख्या में नागरिक पहुंचे,जिन्होंने आवेदन दिया। सुशासन तिहार के पहले दिन बिलासपुर नगर निगम के सभी 70 वार्डों में आयोजित शिविर में कुल 742 आवेदन प्राप्त हुए, सभी शिविरों में समाधान पेटी भी रखा गया है जिसमें नागरिकों ने अपने आवेदन डाले। वार्डों में लगाए गए शिविर का निगम कमिश्नर अमित कुमार ने निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया और नागरिकों से बातचीत की।



विदित है की बिलासपुर नगर निगम क्षेत्र के सभी 70 वार्डों में 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके माध्यम से आमजन के आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश में तीन चरणों में सुशासन तिहार-2025 का आयोजन किया जा रहा है। पहले चरण में 08 अप्रैल से 11 अप्रैल तक आम जनता से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। दूसरे चरण में लगभग एक माह के भीतर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। तीसरे एवं अंतिम चरण में 05 मई से 31 मई के बीच समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

यह तिहार प्रदेश में सुशासन की सशक्त स्थापना, जनसमस्याओं के त्वरित समाधान, जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा और जन संवाद को सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। सरकार शासन के प्रत्येक स्तर पर पारदर्शिता, प्रभावशीलता और जन-हितैषी प्रशासन की स्थापना को लेकर कटिबद्ध है। इस तिहार के माध्यम से शासन-प्रशासन सीधे आम जनता से जुड़कर, उनकी समस्याओं को समयबद्ध ढंग से सुलझाने का कार्य करेगा। सुशासन तिहार-2025 के आयोजन के उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करना, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करना तथा विकास कार्यों में गति लाने के साथ ही आम जनता, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों से सीधा संवाद स्थापित करना है। शिविर स्थलों में

सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। इन स्थलों पर समाधान पेटी भी रखी गई है, ताकि लोग अपनी समस्याएं और शिकायतें नि:संकोच लिखकर उसमें डाल सकें। ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की भी पोर्टल में व्यवस्था है। कॉमन सर्विस सेंटर का भी ऑनलाइन आवेदन लेने हेतु उपयोग किया जा सकता है।

# संरक्षा के सजग प्रहरियों को जीएम तरुण प्रकाश ने किया सम्मानित

**बिलासपुर,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। रेल परिचालन में संरक्षा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सजगता एवं बेहतर संरक्षा कार्य में सहभागिता निभाने वाले रेल संरक्षा के सजग प्रहरी कर्मचारियों का सम्मान महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के द्वारा हर माह आयोजित संरक्षा बैठक के दौरान किया जाता है। इसी कड़ी में आज 08 अप्रैल को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में कार्यरत संरक्षा कोटि के 03 कर्मचारियो को उनके उत्कृष्ट एवं सराहनीय संरक्षा सबंधी कार्य निष्पादन के लिए महाप्रबंधक तरुण प्रकाश के द्वारा सम्मानित किया गया।



बिलासपुर रेल मण्डल के यातायात सहायक-बी/ मुदरिया, श्रीमति सुनिता सिंह ने 21 मार्च, 2025 को अपने ड्यूटी के दौरान एक चलती ट्रेन में इंजन से दूसरा वैगन में हैंगिंग पार्ट (आपरेटिंग राड) लटका हुआ देखा। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना ऑन ड्यूटी स्टेशन मास्टर मुदरिया को दी। बिरसिंहपुर स्टेशन मे गाड़ी खड़ा किया गया और उक्त हैंगिंग पार्ट (आपरेटिंग राड) को दुरुस्त कर गाड़ी को गंतव्य स्थान के लिए रवाना किया गया। इस प्रकार श्रीमति सुनिता सिंह की सजगता एवं सतर्कता से ट्रेन परिचालन में संरक्षा सुनिश्चित हुई।

बिलासपुर रेल मण्डल के लोको पायलट (गुड्स)/ बिजुरी, दिनेश कुमार एवं सहायक लोको पायलट / बिजुरी, मनकेश मीना ने 25 फरवरी, 2025 को अपने ड्यूटी के दौरान गाड़ी सं.-एन/पीसीएमसी के संचालन के दौरान तारकेश्वरपुर-रामानुजनगर खण्ड में लुक बैक निरीक्षण के दौरान एक वैगन के चक्के में आग लगी हुई देखी। तत्काल अपनी गाड़ी रोक कर निरीक्षण किया और हॉट एक्सल पाया। उन्होंने तत्काल सर्वसंबन्धित को सूचित किया और फिर आगे की कार्यवाही कर ट्रेन को सुरक्षित रवाना किया गया। इस प्रकार दिनेश कुमार एवं मनकेश मीना की सजगता एवं सतर्कता से ट्रेन परिचालन में संरक्षा सुनिश्चित हुई। संरक्षा कोटि के कर्मचारी को सम्मानित किए जाने के अवसर पर अपर महाप्रबंधक, प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी अन्य विभागाध्यक्ष सहित अधिकारीगण उपस्थित थे।

# सुशासन तिहार से लोगों की बढ़ी उम्मीद छत्तीसगढ़ शासन का महत्वपूर्ण अभियान

**बिलासपुर,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के तहत पूरे प्रदेश में 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक सुबह 10 से शाम 5 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है।





इसी के तारतम्य में आज नगर पंचायत बिल्हा में प्रथम दिवस 15 वार्डों के लिए तीन स्थानों पर शिविर का आयोजन किया गया वार्ड क्रमांक 1 से 5 तक के लिए नगर पंचायत कार्यालय भवन में शिविर लगाया गया। इस प्रकार वार्ड क्रमांक 6 से 10 के लिए राम सप्ताह चौक वार्ड क्रमांक 6 में शिविर लगाया गया एवं वार्ड क्रमांक 11 से 15 के लिए वार्ड क्रमांक 12 आंगनवाड़ी में शिविर का आयोजन किया गया पहले दिन ही लोगों में इस महत्वपूर्ण अभियान जागरूकता और उत्साह देखने को मिला और जनप्रतिनिधियों एवं आम जनता ने बढ़ चढ़कर शिविर में हिस्सा लिया एवं अपने समस्याओं से शासन को अवगत कराया तथा आज नगर पंचायत बिल्हा के 15 वार्डो से कुल 171 आवेदन प्राप्त हुए हैं इनका नियमानुसार अनुसार समाधान करने की कार्रवाई की जा रही है शिविर में नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वंदना जेंड्रे उपाध्यक्ष सतीश शर्मा समस्त पार्षद उपस्थित रहे मुख्य नगरपालिका अधिकारी प्रवीण सिंह गहलोत उप अभियंता नरेंद्र दुबे सहायक नोडल अधिकारी श्रीमती सृष्टि आहूजा एवं नगर पंचायत की समस्त कर्मचारी लगे रहे।



## मेरामण्डली-हिन्दोल रोड रेलवे लाइन पर ब्लॉक के फलस्वरूप रद्द की गई कुछ ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से किया जाएगा परिचालन

**बिलासपुर**, 8 अप्रैल (देशबन्धु)। ईस्ट कोस्ट रेलवे के खुर्दा रोड रेल मंडल के अंतर्गत मेरामण्डली-हिन्दोल रोड़ रेलवे लाइन को मेरामण्डली स्टेशन से जोड़ने का कार्य ब्लॉक लेकर किया जायेगा, इसके फलस्वरूप कुछ गाड़ियों को रद्द करने की घोषणा की गयी थी। इसके संदर्भ में 03 अप्रैल को मुख्यालय से जारी किया गया था। अब यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये इनमें से कुछ यात्री गाड़ियों को रिस्टोर कर परिवर्तित मार्ग से चलाई जाएगी।

**परिवर्तित मार्ग से चलने वाली ट्रेनें**

18 अप्रैल को गांधीधाम से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 12993 गांधीधाम-पुरी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया लखौली-टिटिलागढ़-रायगड़ा-विजयनगरम-ब्रम्हपुर-खुर्दारोड होकर पुरी जायेगी। 21 अप्रैल को पुरी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 12994 पुरी-गांधीधाम एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया खुर्दारोड-ब्रम्हपुर-विजयनगरम-रायगड़ा-टिटिलागढ़-लखौली होकर गांधीधाम जायेगी। 15 एवं 22 अप्रैल को इंदौर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 20917 इंदौर-पुरी हमसफर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया ईब-झारसुगुड़ा रोड-संबलपुर-बलांगीर-टिटिलागढ़-विजयनगरम-खुर्दारोड होकर पुरी जायेगी। 17 एवं 24 अप्रैल को पुरी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 20918 पुरी-इंदौर हमसफर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया खुर्दारोड-विजयनगरम-टिटिलागढ़-बलांगीर-संबलपुर- झारसुगुड़ा रोड-ईब होकर इंदौर जायेगी।

# कई मौतों के जिम्मेदार बने फर्जी डॉक्टर ने अपोलो की करा दी बेइज्जती

## कांग्रेस भी हुई सक्रिय, कांग्रेस नेताओं ने अपोलो प्रबंधन से की मुलाकात



### सरकंडा थाना पहुंच उक्त फर्जी डाक्टर तथा अपोलो प्रमुख समेत कई और डाक्टरों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करने दिया ज्ञापन

**बिलासपुर,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। कई लोगों के हार्ट का आपरेशन कर उन्हें मौत के मुंह धकेल देने वाले अपोलो के फर्जी डॉक्टर नरेंद्र विक्रमादित्य यादव उर्फ नरेंद्र जान केम को हालांकि यूपी की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और उसे ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा गया है लेकिन उसके द्वारा 19 साल पूर्व मप्र शासन के पूर्व और छत्तीसगढ़ के प्रथम विधानसभा अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद शुक्ला का भी आपरेशन करने और 20 दिन बाद श्री शुक्ला के देहांत हो जाने की घटना को बिलासपुर जिला कांग्रेस ने जोरशोर से उठाया है और उक्त फर्जी डाक्टर और अपोलो प्रबंधन पर हत्या का मामला दर्ज करने की मांग की है।

जिला कांग्रेस कमेटी ने मंगलवार को अध्यक्ष विजय केशरवानी के नेतृत्व में सरकंडा थाने में फर्जी डॉक्टर श्री यादव और अपोलो प्रबन्धन के विरुद्ध हत्या और षड्यंत्र की धारा के तहत कार्यवाही करने की मांग कर अपोलो प्रबन्धन और अस्पताल की विश्वसनीयता पर प्रश्न चिन्ह खड़ा कर दिया है। कांग्रेस नेताओं ने अपोलो प्रबंधन ,सरकंडा थाना पहुंचकर तथा पूरे मामले को लेकर प्रेसवार्ता कर अपोलो को चौतरफा घेरने का प्रयास किया है।

कांग्रेस नेता श्री केशरवानी अन्य नेताओं के साथ अपोलो भी पहुँचे। उनके अपोलो पहुँचने के पहले ही हो हंगामे की आशंका से डरे हुए अपोलो प्रबन्धन ने गेट पर गार्डो और बाउंसरों को तैनात कर दिया, उन्हें सख्त हिदायत दी गई कि कांग्रेस के प्रतिनिधि मण्डल और मरीज व उनके रिश्तेदारों के अलावा किसी को भी अंदर न आने दे।

कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल जब अंदर पहुँचा तो किसी ने रिस्पॉन्स ही नही दिया। जब कांग्रेसी भड़के तब अफसर चर्चा के लिए पुलिस बल की मौजूदगी में सामने आए। कांग्रेसजनों ने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद शुक्ल के इलाज और उनकी मौत के प्रमाणित दस्तावेज की मांग करते हुए अपोलो प्रबन्धन को इसके लिए 7 दिन की मोहलत दी है। आरोप है कि डॉ विक्रमादित्य के इलाज के दौरान लगभग 80 फीसदी मरीजो के मौत का दाग अपोलो प्रबन्धन पर लगा है।

मप्र के देवास में इस डाक्टर पर आरोप है कि उसके आपरेशन किए 8 से अधिक मरीजों की मौत हो गई। अपोलो प्रबन्धन ने चर्चित डॉक्टर विक्रमादित्य को मध्यभारत के सर्वश्रेष्ठ हार्ट व लेप्रोस्कोपिक सर्जन के रूप में पेश किया था। जलवा इतना था कि जब वे अपोलो के अंदर प्रवेश करते थे तो दो गार्ड पूरे टाइम उनके आगे और पीछे चलते उनके लिए रास्ता बनाते थे। मप्र सरकार द्वारा पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए उच्चस्तरीय पहल करने के कारण ही उक्त फर्जी डाक्टर को यूपी में गिरफ्तार किया गया ।पता चला कि यही फर्जी डाक्टर अपोलो बिलासपुर में पदस्थ रहते हुए छग विधानसभा के प्रथम अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद शुक्ला का भी आपरेशन किया था और श्री शुक्ला का देहांत हो गया था तो बिलासपुर में भी कांग्रेस के नेता सक्रिय हुए।

मंगलवार को कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने सरकण्डा थाना पहुंच पुलिस को लिखित और हस्ताक्षरित शिकायत सौप मांग की है कि है कि इसी फर्जी डॉक्टर ने पूर्व विधानसभा स्पीकर स्व राजेन्द्र शुक्ल सहित अन्य लोगो के हृदय का ऑपरेशन किया जिसमें राजेन्द्र शुक्ल सहित अन्य लोगो की मृत्यु हो गई , उक्त डॉक्टर की डिग्री फर्जी पाई गई है चूंकि अपोलो में उक्त डॉक्टर द्वारा किया गया ऑपरेशन से मरीजो की मृत्यु हो गई ,जो एक सुनियोजित हत्या है,जिसमे डॉक्टर सहित अपोलो प्रबन्ध भी उतना ही दोषी है ,जितना उक्त डॉक्टर, उक्त डॉक्टर की डिग्री की जांच किये बिना उन्हें मरीजो के जीवन से खिलवाड़ करने देना अपोलो प्रबन्धन की घोर लापरवाही है । कांग्रेस नेताओं ने उक्त डॉक्टर के इलाज के बाद मरीजो की हुई मौतों, और उसके बाद भी अपोलो प्रबन्धन द्वारा डॉक्टर के विरुद्ध एफआईआर न कराने को प्रबन्धन और उक्त फर्जी डॉक्टर के बीच सांठगांठ और गम्भीर साजिश बताते हुए फर्जी डॉक्टर नरेंद्र विक्रमादित्य यादव उर्फ नरेंद्र जान केम ,डॉ प्रताप रेड्डी ,चैयरमेन अपोलो हॉस्पिटल प्रीथा रेड्डी, एजीकेटिव्ह चैयरमेन अपोलो हॉस्पिटल ,डॉ मनीष मद्ध, रिजनल हेड अपोलो हॉस्पिटल अर्णव राहा,यूनिट हेड बिलासपुर अपोलो हॉस्पिटल के खिलाफ अपराध दर्ज करने की मांग की है।

सरकंडा पुलिस को ज्ञापन सौंपने के दौरान जिलाध्यक्ष विजय केशरवानी,विधायक दिलीप लहरिया,पूर्व विधायक सियाराम कौशिक,पूर्व विधायक श्रीमती रश्मि आशीष सिंह ,पूर्व प्रत्याशी राजेंद्र साहू,प्रवक्ता ऋषि पांडेय,ब्लॉक अध्यक्ष आदित्य दीक्षित, महामंत्री समीर अहमद समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस जन मौजूद रहे।

### बेलतरा विधायक के चेतावनी का नहीं हुआ असर

अपोलो प्रबन्धन पर किसी का नियंत्रण ही नही है। इससे पूर्व बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने आयुष्मान योजना को नकारने के कारण गरीबो को मुफ्त उपचार की सुविधा न मिलने पर अपोलो प्रबन्धन को चेतावनी दी थी कि या तो शासन की जमीन खाली कर अपना डेरा डंडा समेट लो या गरीबों का आयुष्मान योजना का लाभ दो, सीएमएचओ ने भी इस बाबत पत्र भेजा पर अपोलो ने ठेंगा दिखा दिया। फर्जी डाक्टर के मामले में भी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने अपोलो को नोटिस भेज कर जानकारी मांगी है।

## एसपी स्तर के अधिकारियों की टीम बनाकर अपोलो प्रबंधन के खिलाफ जांच करने की मांग

### पूर्व विधायक शैलेश पांडे मिले डीजीपी गौतम से



अपोलो के चर्चित डॉक्टर के द्वारा पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद शुक्ला का इलाज किए जाने के मामले और उनकी मौत के बाद पूरे प्रदेश में राजनीति गरमाई हुई है और अपोलो प्रबंधन पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। पूर्व विधायक शैलेश पांडे ने आज स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद शुक्ला की मौत के मामले में दोषी अपोलो प्रबंधन तथा तथा चिकित्सक नरेंद्र विक्रमादित्य यादव के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर प्रदेश शासन के डीजीपी अरुण देव गौतम से मुलाकात की। पूर्व विधायक ने डीजीपी के समक्ष मांग रखी है कि 19 साल पहले हुए इस पूरे मामले में तीन बड़े आईपीएस अफसरों की कमेटी बनाकर इस मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए। अपोलो प्रबंधन और डॉक्टर की नियुक्ति करने वाले अधिकारी एवं अपोलो अध्यक्ष सहित तत्कालीन अपोलो प्रबंधन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। शैलेश पांडे ने डीजीपी श्री गौतम से कहा है कि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद शुक्ला की तबीयत बिगड़ने पर 2006 को उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया था और विवादों में घिरे नरेंद्र विक्रमादित्य यादव ने अपोलो अस्पताल में हृदय रोग विशेषज्ञ के रूप में उनका इलाज किया था और एंजियोप्लास्टी भी की थी। अपोलो में ऑपरेशन के बाद राजेंद्र प्रसाद शुक्ला की तबीयत बिगड़ी और 18 दिन तक अपोलो प्रबंधन ने उन्हें वेंटिलेटर में रखा। और बाद में मृत घोषित कर दिया । पूर्व विधायक शैलेश पांडे ने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष के परिवार को न्याय दिलाने की मांग की है। डीजीपी अरुण देव गौतम ने पूर्व विधायक श्री पांडे को भरोसा दिलाया है कि इस मामले को लेकर वे बिलासपुर पुलिस अधीक्षक को निर्देशित करेंगे और स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर इस पूरी मामले की जांच करने के लिए उन्हें कहा जाएगा। यह बहुत बड़ा मामला है। इसमें निष्पक्ष जांच भी होना चाहिए।

- स्व राजेंद्र प्रसाद शुक्ला परिवार को न्याय देना होगा
- डीजीपी गौतम ने जाँच का आश्वासन दिया

**NECC**

| 09.04.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 410 | 75 | 175 |
| चिल्हर | 6.00 | 97 | 200 |
| डिलीवरी | 425 सैकड़ा | | |

दर्जन अंडा 70 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक– राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन– 52158/91 फोन– 07752 422771